राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, मंगलवार, 07 जनवरी 2024

वर्ष 06, अंक 100, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

हाइवे किनारे ईंट भट्ठा संचालकों ने ईंटों के ढेर लगाकर किया अतिक्रमण...03

शुद्धताः द्वारकाधीश मंदिर में बाहरी प्रसाद पर रोक...12

# महाकुम्भ की हर चुनौती के लिए तैयार है आरपीएफ-आईजी आरपीएफ

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** आईजी आरपीएफ अमिय नन्दन सिन्हा के द्वारा बताया गया कि आरपीएफ उत्तर मध्य रेलवे महाकुम्भ-2025 को सुरक्षित व सफल बनाने के लिए एकदम तैयार है और सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। आरपीएफ सभी यात्रियों/श्रद्धालुओं की इस धार्मिक व पावन यात्रा को सफल एवं सुखद बनाने के लिए हर स्तर पर स्वयं को तैयार कर यात्रियों की सेवा के लिए एकदम तैयार है। आईजी आरपीएफ के द्वारा अवगत कराया कि आरपीएफ के समक्ष इस महाकुम्भ के दौरान तीन बड़ी चुनौतियां सबोटेज, भगदड़ व आपदा (आगजनी, बम विस्फोट इत्यादि) प्रमुख हैं इसके लिये आर.पी.एफ. के द्वारा कुछ विशेष प्रबंध किये गये हैं-

» सबोटेजः- इस महा आयोजन के दौरान बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा रेलवे ट्रैक व ट्रेनों के साथ तोड़ फोड़ की घटनाऐं कर व्यवधान उत्पन्न करने की आशंका बहुत प्रबल है। जिसके लिए आर.पी.एफ./उत्तर मध्य रेलवे द्वारा-

» महाकुम्भ-2025 की चुनौतियों से निपटने के लिए आरपीएफ व आरपीएफ की विशेष कम्पनियों के लगभग 5000 जवानों को स्टेशनों व ट्रैक की सुरक्षा में लगाया गया है।

» आरपीएफ की विशेष कमाण्डों कम्पनी कोरस कमाण्डों को भी सुरक्षा व किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु तैनात किया गया है।

» ड्रोन कैमरों के द्वारा स्टेशनों, ट्रेनों व रेल लाइनो की निगरानी की जायेंगी।

» आरपीएफ/उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा रेलवे ट्रैक पर तोड़फोड़ व छेड़छाड़ से प्रभावित/संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर ऐसे स्थानों पर 24 घण्टे जीआरपी/सिविल पुलिस व रेलवे इन्जीनियरिंग विभाग के साथ मिलकर ट्रैक पेट्रोलिंग कराने की योजना तैयार की गयी है।

» सभी संदिग्धों पर निगरानी हेतु रेल सुरक्षा बल /उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा अपने खुफिया तंत्र व क्राइम यूनिटों को तैनात किया गया है। जो सभी केन्द्रीय व राज्य की आसूचना शाखाओं से लगातार समन्वय बनाये हुए है, ताकि किसी संदिग्ध की भी जानकारी छूटने न पाये।

» रेलवे ट्रैक के आस-पास सभी गांवो, कस्बों, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों व उनमें बाहर से आने वालों की गतिविधियों के बारे में इनपुट जुटाकर सुरक्षा घेरा मजबूत करने की कवायद की जा रही है।

» उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज परिक्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर लगभग 1000 सीसीटीवी कैमरों को लगाया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में स्न्क्रस से लैस कैमरों को लगाया गया है तथा उनमें हजारो अपराधियों के फोटो व डाटा को अपलोड किया गया है। ताकि कोई भी अपराधी स्टेशन पर प्रवेश करने से पूर्व ही पकड़ा जा सके। सभी महत्वपूर्ण व विशेष ट्रेनों में कुशल व प्रशिक्षित जवानों को स्कोर्टिंग हेतु लगाया जायेगा।

» सभी महत्वपूर्ण व विशेष में कुशल व प्रशिक्षित जवानों को स्कोर्टिंग हेतु लगाया जायेगा।

» रेलवे ट्रैक के आस-पास महत्वपूर्ण स्थानों व रेलवे समपार फाटकों पर भी सीसीटीवी लगाये गये है तथा आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है।

02.भगदड़ः- स्टेशनो पर यात्रियों/श्रद्धालुओं की भारी संख्या में आवागमन के कारण बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा भीड़ में अफवाह फैलाकर यात्रियों को नुकसान पहुंचाने की प्रबल सम्भवना है, इसके लिये आर.पी.एफ./उत्तर मध्य रेलवे द्वारा-



» स्टेशनों पर सभी दिव्य स्नानों के दौरान इन्टरनल मूवमेन्ट प्लान के अनुसार ही यात्रियों का प्रवेश व निकास कराया जायेगा।

» स्टेशनों पर भीड़ बढ़ने की स्थिति में एक्सटरनल मूवमेन्ट प्लान के तहत श्रद्धालुओं को अलग-अलग स्थानों की ओर डायवर्ट करते हुए स्टेशन पर लाया जायेगा।

» उत्तर मध्य रेलवे रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ-2025 के लिए 3134 स्पेशल ट्रेनों को चलाने का प्लान तैयार किया गया है।

» यात्रियों के लिये अलग-अलग स्थानो की जाने के लिये सभी स्टेशनों पर अलग-अलग रंग के बाड़े तैयार किये गये है।

» सभी यात्रियों/श्रद्धालुओं को स्टेशन एवं प्लेटफार्म पर बाड़ों मे प्रवेश के उपरान्त ही ले जाया जायेंगा। आर.पी.एफ. जवानो की टीम सभी बाड़ों मे प्रवेश द्वारों, बाड़ों के अन्दर फुट ओवर ब्रिज एवं प्लेटफार्मों पर हर स्थान पर तैनात की गयी है ताकि सभी यात्रियों को सुरक्षित ट्रेनों में बैठाकर उनके गतंब्य की ओर रवाना किया जा सकें।

» किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आरपीएफ/जीआरपी, मेडिकल व रेल के अन्य विभागों के साथ मिलकर विशेष टीम RAT का गठन किया गया है, जो प्रयागराज परिक्षेत्र के सभी स्टेशनों पर तैनात रहेगी।

» सभी स्टेशनों पर फायर ब्रिगेड के साथ-साथ एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमे तैनात रहेगीं।

» जवानों द्वारा लगातार पीए सिस्टम के माध्यम से यात्रियों/श्रद्धालुओं को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने व अन्जान वस्तु की सूचना तत्काल आरपीएफ को देने हेतु अवगत कराया जायेगा।

03.आपदा (आगजनी, बम विस्फोट इत्यादि)- सभी स्टेशनों पर आगजनी, बम विस्फोट जैसी घटनाओं के निपटने के लिये विशेष प्रबंध किये गये है-

» स्टेशन में यात्री को प्रवेश पाने से पूर्व प्रवेश द्वारो पर वैगेज स्कैनर, डीएफएमडी, एचएचएमडी, वैपर डिटेक्टर, डॉग स्क्वाड व स्टाफ की पैनी व सतर्क चेकिंग प्रक्रिया से गुजरना होगा।

» सभी स्टेशनों पर फायर ब्रिगेड के साथ-साथ एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमे तैनात रहेगीं।

» आरपीएफ/उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा महाकुम्भ-2025 में विशेष सुरक्षा हेतु ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जायेगा। जिनके माध्यम से यात्रियों की आने वाली भारी भीड़ पर निगरानी के साथ-साथ भीड़ में छिपे असामाजिक तत्वों पर भी ड्रोन में लगे विशेष शाक्तिशाली कैमरों के माध्यम से नजर रखी जायेगी। ड्रोन कैमरों के माध्यम से प्लेटफार्मो, रेलवे यार्ड, रेलवे ट्रैक व आस-पास के एरिया में निगरानी रखी जायेगी और इन सभी ड्रोन कैमरों की लाइव फुटेज रेल सुरक्षा बल के महाकुम्भ मेला कण्ट्रोल टॉवर में प्राप्त होती रहेगी। ड्रोन कैमरों की तकनीक व उपयोग हेतु रेल सुरक्षा बल/जीआरपी/सिविल पुलिस के स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

» उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज परिक्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर स्न्क्रस से लैस सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सतर्क व प्रशिक्षित जवानों को तैनात किया गया है। ताकि स्टेशन व स्टेशन एरिया में हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

» बम व किसी भी संदिग्ध वस्तु को खोज निकालने के लिए आरपीएफ के विशेष रूप से प्रशिक्षित 22 स्वानों को व बम निरोधक दस्ता को तैनात किया गया है।

इसके अतिरिक्त आरपीएफ, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा-

» रेल सुरक्षा बल के सभी जवानों को भीड़ प्रबन्धन, दंगा नियन्त्रण, आगजनी जैसी-आपात स्थितियों से निपटने के साथ-साथ सभी श्रद्वालुओं के साथ विनम्र व मधुर व्यवहार करने, सेवा भाव से ड्यूटी करने, फर्स्ट एड व सीपीआर सम्बन्धी सभी प्रशिक्षण दिये गये है।

» सभी आरपीएफ जवानों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए शारीरिक व्यायाम, योग व ध्यान जैसे विशेष प्रशिक्षण दिये गये है ताकि सभी जवान पूरे जोश व मनोरथ से ड्यूटी कर सकें।

» रेल सुरक्षा बल के सभी स्टाफ को यात्रियों/श्रद्धालुओ की हर सम्भव सहायता में सेवा भाव से सदैव तत्पर रहने का संकल्प भी दिलाया गया है।

# पौराणिक तमसा नदी में जहरीला पानी छोड़े जाने से मछलियों समेत असंख्य निर्दोष जलीय जीवो की मौत










● अकबरपुर चीनी मिल के द्वारा नदी में छोड़ा गया है जहरीला पानी

**स्वतंत्र प्रभात**

प्रमोद वर्मा

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर चीनी मिल के द्वारा पौराणिक तमसा नदी में जहरीला पानी छोड़े जाने से मछलियों समेत असंख्य निर्दोष जलीय जीव मौत के गाल में समा गए। साथ ही भारी मात्रा में गंदा पानी छोड़े जाने से पूरे तमसा नदी का पानी जहरीला हो गया है। साथ ही भूगर्भीय जल को भी प्रदूषित कर रहा है। चीनी मिल के चिमनी से निकलने वाली राख हवाओं को भी प्रदूषित कर रही है जिससे क्षेत्र के लोग अनेक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कहने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा चीनी मिल का निरीक्षण किया जाता है लेकिन नदी में छोड़े गए इस गंदे पानी से साबित होता है कि जल शोधन संयंत्र सफेद हाथी के समान ही साबित हो रहे हैं। साथ ही चीनी मिल प्रशासन के द्वारा किए गए इतने बड़े अपराध को आखिर क्या जिला प्रशासन संज्ञान में लेगा या नहीं। ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मापदंडों पर चीनी मिल खरी नहीं उतर रही है। लगातार लोगों की जीवन के साथ खिलवाड़ करती नजर आ रही है। जहरीले नदी के पानी से जंगली जानवरों समेत मनवेशियों में भी बीमारी फैलने की आशंका तेज हो गई है। नदी के किनारे बसे गांव भी प्रभावित हो सकते हैं, साथ ही किसान नदी किनारे अपनी फसलों की सिंचाई भी इसी पानी से करता था लेकिन नदी के प्रदूषण पानी से फसलों की सिंचाई करने से किसान के अंदर डर का माहौल पैदा हो गया है। कहीं इस गंदे पानी से फसल की सिंचाई करने पर फसल खराब न हो जाए। विशेषज्ञ की माने तो चीनी मिल से निकलने वाला गंदा पानी तमसा नदी को प्रभावित करता ही है, साथ ही इस इलाके में आर्सेनिक की मात्रा ज्यादा बढ़ाने की आशंका है यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में नलों से निकलने वाले शुद्ध पानी की जगह जहरीला पानी ही निकलेगा। जिससे कई अन्य गंभीर बीमारियां आसपास के लोगों में फैल सकती हैं।

विस्तार से खबर अगले अंक में .....

## संक्षिप्त ख़बरें

### विद्युत बिल की किश्त बनने का बाद भी बढ़ा दिया बिल, उपभोक्ता परेशान

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार के कस्बा सरदार पटेल नगर वार्ड के निवासी विनोद कुमार वर्मा ने विद्युत विभाग के जिम्मेदारों पर बकाया विद्युत बिल की किश्त बन जाने के बाद भी एक ही सप्ताह में अधिक विद्युत बिल भेजने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पिछली बार विद्युत बिल छूट योजना में जनवरी में उनके बकाया विद्युत बिल की 11151 रुपए की प्रतिमाह किश्त बनी थी जिसका समय से प्रतिमाह की बिल जोड़कर भुगतान किया जा रहा था। लेकिन 20 दिसंबर 2024 को बकाया किश्त और वर्तमान बिल मिलाकर कुल 12158 रुपए बिल आया। एक सप्ताह बाद 22 दिसंबर को फिर 68006 रुपए का बकाया बिल का मोबाइल पर मैसेज आया। पीड़ित विनोद कुमार वर्मा ने कस्बा पर स्थित पावर हाउस पर बिल जमा करने गए तो उन्हे संबंधित कर्मी द्वारा बताया गया की खाता होल्ड हो गया है। उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित विद्युत विभाग के आफिस पर अपनी समस्या बताई लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। पीड़ित ने बताया कि अधिकारी कहते हैं की ब्याज जोड़कर पुराना बकाया का बिल आ गया है। जबकि बिजली विभाग ने ही छूट योजना के तहत बकाया बिल की किश्त बनाई थी। पीड़ितने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से इस समस्या को अविलंब दूर करने की मांग की है।

### बीमा के नाम पर हड़पे तीन लाख, पुलिस से शिकायत

**नरैनी/बांदा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहन पुरवा अंश खलारी गांव निवासी बुद्धू पुत्र राम सजीवन केवट ने कोतवाली निरीक्षक को तहरीर देकर बताया कि मेरे अपने पुत्र दादूलाल, बाबूलाल व झंडू लाल की पत्नि मुन्नी के नाम पर बीमा कराने के लिए गांव के ही रहने वाले युवक ने मुझसे 31 जनवरी 2014 को तीन लाख रुपया की नगद धनराशि ले लिया मैने कई बार उस व्यक्ति से अपना पैसा वापस मांगा तो वह हर बार देने की बात कह कर टाल देता था अब अगर उसे पैसे मगाते हैं तो गाली गलौज कर व जान से मारने की धमकी और अभ्रता करता है।

# कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था बेहाल सेल्फी पॉइंट कलेक्ट भी सूना

● महापौर अर्चना वर्मा को निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं मिली दुरुस्त

**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहजहांपुर/**कई दिनों से कड़ाके की ठंड के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो गया है नगर निगम मुख्य - मुख्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराने में भी नाकाम साबित हो रहा है जहां एक तरफ शाहजहांपुर कभी नगर पालिका हुआ करता था तो कलेक्ट्रेट खिरनी बाग चौराहा मेडिकल कॉलेज गेट सेल्फी पॉइंट और नगर के मोहल्लों में तिराहे और चौराहे पर कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था जगह-जगह दिखाई देती थी अलाव के सहारे लोग रातें काट देते थे लेकिन अब शहर के मुख्य स्थानों जहां पूरे जनपद से फरियादी आते हैं जैसे कलेक्ट्रेट, तहसील, सेल्फी प्वाइंट जैसे मुख्य स्थानों पर भी अलाव देखने को नहीं मिल रहा है जबकि सूत्रों की माने तो जिन महाशय को अलाव लगाने का ठेका दिया गया है वह कागजों में खाना पूर्ति कर लंबी चौड़ी लिस्ट प्रशासन को थमा रहे हैं हकीकत क्या है यह जिम्मेदारों की नजरों से बहुत दूर है हकीकत कड़ाके की ठंड में ठिठुरने वाले ही बता सकते हैं।

**महापौर को अलाव और रैन बसेरे की निरीक्षण में व्यवस्थाएं मिली दुरुस्त**

रविवार की देर शाम महापौर अर्चना वर्मा कड़ाके की ठंड के बीच नगर निगम एवं प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकली जिन्होंने नगर निगम क्षेत्र में लगाए गए अलाव व रैन बसेरे का आकस्मिक निरीक्षण किया भले ही इसे आकस्मिक स्थलीय निरीक्षण कहा जाए लेकिन अलाव की व्यवस्था करने वालों को पता है व्यवस्था किस क्षेत्र में दुरुस्त है और महापौर को कहां ले जाना है



आकस्मिक निरीक्षण नगर निगम क्षेत्र के किसी मोहल्ले में चौराहे पर कर लिया जाए अलाव नहीं मिलेगा चौराहा छोड़ दो कलेक्ट्रेट जहां पूरे जनपद से फरियादी आते हैं जो अधिकारियों की नजरों में है यहां भी आपको फरियादी ठिठुरते मिल जाएंगे सेल्फी प्वाइंट, जहां आजकल टैक्सी स्टैंड बन गया है यहां हर समय आपको 100 -50 सवारियां गोला - मोहम्मदी जंग बहादुरगंज - सीतापुर , और रोजा को जाने के इंतजार में ठिठुरते मिल जाएंगी यहां ना तो महापौर की नजर पड़ती और ना ही किसी अधिकारी की शायद रविवार को भी महापौर के आकस्मिक निरीक्षण में यह स्थान शामिल नहीं रहे फिलहाल महापौर को आकस्मिक निरीक्षण में रैम बसेरा से लेकर , अलाव तक की व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली है बताया जाता है महापौर को नगर निगम क्षेत्र के समस्त उपयुक्त स्थानों पर अलाव जलते हुए मिले हैं और रैन बसेरा में भी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई हैं।

# बंद मकान में चोरों का धावा,नगदी सहित लाखों के जेवर चोरी





**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहजहांपुर/**जनपद के थाना रोजा क्षेत्र में बंद पड़े एक मकान में चोरों ने धाबा बोल दिया। चोर नगदी समेत लाखों के जेवरात आदि चुरा ले गए। पड़ोसियों से जानकारी मिलने पर मकान मालिक ने घर पहुंच कर फौरन ही पुलिस को सूचना दी। एसपी सिटी संजय कुमार ने रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी कई नमूने आदि लिए। एसपी सिटी संजय कुमार ने जल्द ही घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं. रोजा थाना क्षेत्र में स्थित कैलाश नगर कालोनी में चमन बर्फ खाने वाली गली में मकान मालिक मोहम्मद सईद के बन्द मकान में शनिवार की शाम चोरों ने धाबा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दे डाला.सईद अपने परिवार के साथ हरदोई में अपनी ससुराल गए हुए थे। सोमवार सुबह पड़ोसियों से पता चला कि उनके मकान में चोरी हो गई है। वह फौरन ही ससुराल से निकल घर पहुचे देखा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। कमरे के भी ताले टूटे हुए थे,सारा समान बिखरा हुआ था। अलमारी में रखा सारा समान गायब था। चोर उनकी एक लाख की नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात आदि चुरा ले गए।

# इलाके में ही घूम रहे हैं गंभीर मामलों के आरोपी, पुलिस मेहरबान

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले केएक ही गाँव के दो व्यक्तियों के विरुद्ध विभिन्न थाने में गम्भीर धाराओ मेँ अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। प्रदेश की योगी सरकार जहाँ ऐसे अपराधियों के विरुद्ध विशेष सख्ती के साथ अभियान चला रही है वहीं ऐसे अभियुक्तों को पकड़कर जेल भेजने में पुलिस नाकाम है। आपको बता दें किशुन भगौती पुत्र विश्वनाथ ग्राम ठोकवा थाना लालगंज के विरुद्ध थाना कोतवाली बस्ती में मुकदमा संख्या 3103/2009 धारा 419,420,489 ए,489 बी,489 सी आई.पी.सी. मुकदमा संख्या, 3179/2009 धारा 110 सी.आर.पी.सी. और मुकदमा संख्या 450/2010 धारा 3/2 देश द्रोह (रासुका) जैसे गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली से 30 अक्टूबर 2024 को सूचनाधिकार से प्राप्त हुई है दूसरा अभियुक्त नन्दलाल पुत्र चैतू भी ग्राम ठोकवा थाना लालगंज का निवासी है जिसके विरुद्ध मुकामी थाने में मुकदमा संख्या 149/14 धारा 379 आई.पी.सी., मुकदमा संख्या 37/1987 धारा 325,323,504, आई. पी.सी, मुकदमा




संख्या. 34/2023 धारा 323,504,506 आई.पी.सी. मुकदमा संख्या 227/2021 धारा 504,506,आई.पी.सी. दर्ज है। लेकिन दोनों अभियुक्तों पर दर्ज मुकदमे और पुलिसिया कार्यवाही असरहीन दिखाई है। सूत्रों के अनुसार नन्दलाल अपने दबँगई की बदौलत गाँव के सुरक्षित भूखन्ड गाटा सख्या. 91च सार्वजनिक खलिहान आदि पर अपना अवैध कब्जा किया है। दोनों की मनमानी गाँव मेँ सिर चढ कर बोल रही है। खबर तो यह भी है नन्दलाल ने गाँव के नाला गाटा संख्या 93 पर घर बनवाकर गाँव का जलनिकास तक रोक दिया है। जालसाज किशुन भगौती समेत नन्दलाल के विरुद्ध कोई आवाज उठाने का साहस नही कर पाता।

# मनरेगा में खेल- तीन साइटों पर 373 फर्जी मजदूर के नाम पर अपना खजाना भर रहे ग्राम प्रधान और सचिव

● बी0डी0ओ0 गौर की जानकारी के बाद भी नहीं रुक रहा मनरेगा में फर्जीवाड़ा

मास्टररोल में बन रही श्रमिकों की फर्जी हाजिरी गौर ब्लाक के ग्राम पंचायत बेलवरिया जंगल से जुड़ा मामला

डी0सी0 मनरेगा की संलिप्तता से रुकने का नाम नही ले रहा मनरेगा भाष्ट्राचार

● रानीपुर सरहद से लहरी के चक तक चकबंद निर्माण कार्य मे 126 श्रमिकों की हाजिरी

बेलवरिया जंगल से मानपुर माझा सरहद तक निर्माण कार्य मे 177 श्रमिकों की हाजिरी




**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में केन्द्र सरकार भले ही गरीबों को रोजागर हेतु लाख जुगत करे लेकिन मनरेगा माफिया हाथ साफ करने मे पीछे नही हट रहे है ।ग्राम पंचायत बेलवरिया जंगल मे मनरेगा योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार- विकास खण्ड गौर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेलवरिया जंगल मे मनरेगा अधिकारियों की मिलीभगत होने से मनरेगा मजदूर धरातल छोड़ मनरेगा की उपस्थिति पंजिका के कागजों में उपस्थित हो रहें हैं। आनलाइन काम करते हुए दिखाये जा रहे मजदूरों की संख्या धरातल पर शून्य हग्राम पंचायत बेलवरिया जंगल में तीन साइडों पर मनरेगा परियोजनाओं के तहत कार्य चल रहा है रानीपुर सरहद से लहरी के चक तक चकबंद निर्माण कार्य मे 126 श्रमिको हाजिरी बेलवरिया जंगल से मानपुर माझा सरहद तक निर्माण कार्य मे 177 श्रमिक की हाजिरी ,फल के घर से रामफल के चक तक चकबंद निर्माण कार्य मे 69 मजदूरो की हाजिरी तीनो साइडो पर कुल टोटल 373 श्रमिकों की हाजिरी रजिस्टर मे लग रही है । मीडिया टीम के जमीनी पड़ताल में एवं ग्रामीणो के मुताबिक धरातल पर एक भी मजदूर काम करते नहीं दिख रहे है।ऐसे में धरातल से नदारद रहे मजदूरों की कागज़ों मे उपस्थिति से ब्लाक प्रशासन का अनजान रहना विकास का पोल खोलता नजर आ रहा है। बिना मजदूरों के धरातलीय उपस्थिति के कागजों में उपस्थिति दिखाकर धन का भुगतान लेने का मामला चर्चाओं में है और जिम्मेदार अपने कमीशन के इन्तजार में चुप्पी साधे मुँह न खोलने पर डटे हुए हैं । यद्यपि पूरे प्रकरण की विधिवत जानकारी खण्ड विकास अधिकारी गौर को है फिर भी मनरेगा भ्रष्टाचार का न रुकना प्रकरण में बी0डी0ओ0 की संलिप्तता का परिचायक व जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिला अध्यक्ष पद पर होगा तीन दिवसीय नामांकन

**बलरामपुर।** संगठन पर्व चुनाव के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी में जिलाध्यक्ष पद के लिए तीन दिवसीय नामांकन किया जाएगा। काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला चुनाव अधिकारी सुशील त्रिपाठी भाजपा कार्यालय पर सभी नामांकन पत्रों की जांच कर प्रदेश कार्यालय भेजेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि आगामी आठ से दस जनवरी तक जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया किया जाएगा। क्षेत्रीय महामंत्री व चुनाव प्रभारी सुशील मिश्रा के समक्ष सभी उम्मीदवार अपने नामांकन फार्म को प्रस्तुत करेंगे। जिला चुनाव प्रभारी सभी नामांकन फार्म का सत्यापन करेंगे।

## वरिष्ठ समाजसेवी के द्वारा किया गया कंबल वितरण




**अम्बेडकरनगर।** जनपद में गरीब विकलांग एवं असहायों को 111 कंबल वितरित किया कंबल पाकर गरीबों के चेहरे पर खुशी देखी गई आपको बता दें कि अम्बेडकर नगर जिले के तहसील भीटी अंतर्गत ग्राम आशाजीतपुर अहिरान गांव में किया गया कंबल वितरण समाजसेवी अजय कुमार तिवारी ने गरीब लोगों को कंबल वितरित किया कार्यक्रम में कुल 111 गरीब असहाय को अच्छे किस्म कंबल वितरित किए गए क्षेत्र वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी द्वारा वितरण करने पर ग्रामीणों ने प्रशंसा की है इस ठंड के महीने में कंबल पाकर गरीबों के चेहरे पर खुशी की झलक देखी गई वहीं कुल लगभग 111 गरीबों कंबल वितरित किया गया मौके पर उपस्थित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहें ठंड में कंबल पाकर गरीबों के चेहरे पर खुशी साफ़ दिखी अजय तिवारी ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरीबों में कंबल वितरण किया गया इस ठंड के महीने में गरीब असहाय लोगों ने कंबल को पाकर बहुत प्रशंसा की राकेश कुमार तिवारी प्रमोद तिवारी दीपक तिवारी आशुतोष तिवारी हरिओम तिवारी उपस्थित थे।

## पैंतीस बड़े विद्युत बकाएदारों का कटा कनेक्शन



**रतनपुर/महराजगंज।** सोनौली विद्युत फीडर अन्तर्गत ग्राम पंचायत जारा मे सोमवार को बिजली विभाग के जेई उपेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में संघन विद्युत जांच अभियान चलाकर टीम ने पैंतीस बड़े बकाएदारों का कनेक्शन काट कर नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही 20 उपभोक्ताओं का ओटीएस मे 30 प्रतिशत धनराशि जमा कराकर रजिस्ट्रेशन किया है। जानकारी के अनुसार सोनौली विद्युत उप केन्द्र के जेई उपेन्द्र गुप्ता के टीम में टीजीटू भरत कुशवाहा, लाइन मैन, राजू साहनी, घनश्याम चौधरी, अमरनाथ मौर्या, रीडर प्रवीण पाण्डेय, रविन्द्र नाथ ओझा आदि ने सोमवार को ग्राम पंचायत जारा मे संघन जांच अभियान चलाकर 35 बड़े बकाएदारों का बिजली कनेक्शन काटा और 20 लोगों का ओटीएस मे रजिस्ट्रेशन कराया है। इस सम्बन्ध मे सोनौली विद्युत उप केन्द्र के जेई उपेन्द्र गुप्ता का कहना है कि दस हजार रूपए से ऊपर बकाएदार 35 लोगों का कनेक्शन काट दिया गया और जमा करने के लिए 20 लोगों का रजिस्ट्रेशन कराया गया है।

### स्थानीय पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



**बेनीगंज/हरदोई–** कोतवाली क्षेत्र के खेरवा कमालपुर निवासिनी ने थाने पर 08/10/24 को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें बताया गांव के ही पप्पू पुत्र राधेश्याम पाल मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर कहीं ले गए हैं। इस सम्बन्ध में स्थानीय पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास करने शुरू किए। स्थानीय पुलिस उप निरीक्षक घरभरन चौधरी कांस्टेबल अजय चौहान द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया अग्रिम कार्रवाई की जा रही है अभियुक्त माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# सीएमओ ने किया 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान कार्यक्रम का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर।** केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब 100 दिनों का विशेष जांच व उपचार कार्यक्रम जनपद में शुरू हुआ है। इस संबंध में एक जन जागरूकता हेतु एक जनजागरूकता गतिविधि का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नन्द नगर खजुरिया में किया गया। 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नन्द नगर खजुरिया में किया गया। सीएमओ ने बताया कि 100 दिन के टीबी मुक्त भारत अभियान में हेल्थ वर्कर, आशा, आंगनवाड़ी और आशा संगिनी अपने क्षेत्र के घर परिवारों में जाकर टीबी के संभावित मरीजों की जांच करेंगी। टीम जिन घरों में टीबी के पहले से मरीज हैं उनके परिजनों का ब्योरा एकत्र कर उनके परिजनों की जांच कराएगी। धूम्रपान करने वाले व शराब के आदी व्यक्तियों साठ वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों की भी टीबी की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क कराई जाएगी। सीएमओ ने बताया कि जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर मरीज का निःशुल्क इलाज कराया जाएगा। मरीज को निःक्षय पोषण योजना के अंतर्गत पोषण के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपए सरकार की ओर से सीधे मरीज के बैंक खाते में दिए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ जावेद अख्तर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नन्द नगर खजुरिया के स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# अवधेश सिंह ढाबे पर सुरक्षित नहीं है बच्चिया शराबी ने ढाबे पर बैठी नव वर्षीय बच्ची को किया जबरन किश

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती पुलिस महिला अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है ताजा मामला छावनी थाना क्षेत्र के अवधेश सिंह ढाबे पर भोजन करने के लिए रुकी परिवार से एक शराबी व उसके साथियों ने मारपीट की शराबी ने परिवार की नव वर्षीय बच्ची को जबरन किश किया मां ने जब विरोध किया तो उसे गाली दीए मां और बेटी के सामने पिता को भी पीटा मामला पुलिस में जाने के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के थाना कृष्णानगर निवासी एक व्यक्ति ने थाना छावनी पुलिस को तहरीर देकर यह आरोप लगाया कि दो जनवरी को वो अपने परिवार के साथ लखनऊ से गोरखपुर जा रहे थे रात्रि लगभग 10.30 बजे विक्रमजोत स्थित नेशनल हाईवे पर अवधेश सिंह फैमिली ढाबे पर रुके ढाबे के मुख्य हाल में अपनी पत्नी और बेटी के साथ भोजन के लिए गए यहां भोजन के लिए आर्डर दिया इसी बीच एक व्यक्ति नशे में आया और मेरी बेटी के सामने गुलाब जामुन रखा उसे बाहों में लेकर किश किया इसका मेरी पत्नी ने विरोध किया बाहर आकर मुझे जानकारी दी जब मैंने उस व्यक्ति से पूछा कि तुमने ऐसा क्यों किया तो वह मुझे मारने पीटने लगा मेरे अकेले होने का फायदा उठाकर उसके अन्य साथियों ने उसे भगा दिया जबकि जिस ढाबे पर भोजन करने के लिए परिवार रुका वहां चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे





लगे हुए हैं लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई क्षेत्राधिकारी हरैया संजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है आगे की कार्यवाही।

# चाय देने के बहाने भाभी को बुलाया देवर कमरे में बलात्कार करने का किया कोशिश

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीजिले केसोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों कि मर्यादा को शर्मसार करने वाला सनसनी खेज मामला सामने आया है जहां एक संगे देवर ने अपनी भाभी से बलात्कार करने की कोशिश किया है नहीं मान रही थी भाभी तो देवर ने भाभी के शरीर को नाखूनों से नोंच डाला इतना ही नहीं उसे इतना अंधाधुंध पीटा की दोनों आंखों में खून जम गया महिला के भाई के अनुसार पिटाई के चलते उसकी बहन बेहोश हो गई थी पड़ोसी उस महिला को लेकर पास के डॉक्टर के यहां इलाज के लिए ले गए जिसके बाद इस बात की सूचना उन्हें दी गई होश आने पर बहन ने आप बीती बताई पीड़िता ने थाने पर दिए गए तहरीर में बताया कि उसका पति मुंबई में काम करता है। देवर भी उन्हीं के साथ काम करता है पन्द्रह दिन पहले देवर घर आया था घर में वह अकेली थी सास घर से बाहर थीं इसी बीच देवर ने कहा कि चाय बनाकर ले आओ महिला जब चाय लेकर उसके कमरे में गई तो उसने महिला से जबरन बलात्कार करने की कोशिश की पीड़ित जब इसका विरोध किया तो उसने बुरी तरह मारा पीटा बुरी तरह अपने नाखूनों से नोच डाला पीड़िता बताती हैं कि इतना मारा है कि आंख में खून का थक्का जम गया है बेहोश हो जाने के बाद उसने



छोड़ा घटना को लेकर एसओ सोनहा मोतीचंद राजभर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है आरोपित जल्द होगा सलाखों के पीछे।

# खुलासा! 24 घंटे के अंदर हत्या का खुलासा, चौंकाने वाला मामला आया सामने

**● मृतक की पत्नी से करता था बात पति ने किया था विरोध कर दी हत्या**

**मां के साथ था अवैध संबंध साथियो के साथ बेटे ने की हत्या का असफल प्रयास**

**लूट की घटना का भी पर्दाफाश**

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** पुलिस ने जनपद के तीन अलग-अलग घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है। अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीपुर गिलन्ट में हुई हत्या का सफल अनावरण 24 घंटे के अंदर करते हुए आरोपी अभिषेक पुत्र रामजनम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।घटना में प्रयुक्त आला कत्ल भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। आपको बता दें राम आशीष पुत्र साबूलाल की हत्या 5 जनवरी को कर दी गई थी। जिसमें पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे गहन पूछताछ, जांच पड़ताल, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर मुख्य अरोपी अभिषेक का पता लगाया।सभी नामजद आरोपी निर्दोष पाए गए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अभिषेक ने बताया कि वह मृतक राम आशीष की पत्नी से प्रेम करता था और लगातार उससे बातचीत और मैसेज किया करता था यह बात जब राम आशीष को पता चली तो उसने अभियुक्त को धमकाना शुरू कर दिया। 5 जनवरी की सुबह जब राम आशीष शौच के लिए बाहर गया तो अभिषेक ने उसका पीछा किया दोनों के बीच बेलबना बाग के सुनसान स्थान पर बहस हुई। आवेश में आकर अभिषेक ने राम आशीष का गला दबा दिया जब बेहोश हो गया। तभी ब्लेट से उसके गले पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद





शव को पुवाल के ढेर में छुपा दिया और खुद को निर्दोष दिखाने के लिए गांव वालों और मृतक के परिवार के साथ मिलकर उसकी तलाश में लग गया था। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने 24 घंटे के भीतर घटना का खुलासा करने वाली स्वाट टीम और सर्विलांस की संयुक्त टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

जैतपुर थाना क्षेत्र में गोली मारकर असफल हत्या के प्रयास को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त समेत घटना में संलिप्त चार अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, खोखा व दो मोटरसाइकिल को बरामद किया है।आपको बता दें बीते 1 जनवरी की रात करीब 11ः00 बजे जनपद आजमगढ़ के अहिरौला थाना अध्यक्ष के द्वारा थाना जैतपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के बनरहिया बाग नारायनपुर रामगढ़ के पास रात्रि लगभग 6ः30 से 7ः00 बजे तीन अज्ञात मोटरसाइकिल बदमाशों द्वारा घनश्याम पुत्र हुन्नर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सकतपुर थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ अपने साथी अशोक कुमार पुत्र नंदलाल निवासी ग्राम खानपुर चंदू के साथ अपने गांव से मोटरसाइकिल से फुलवरिया बाजार जा रहे थे तभी बनरहिया बाग के पास गोली मार दी गई। जिससे वह घायल हो गया था। पुलिस की पूछताछ में मुख्य अभियुक्त विवेक ने बताया कि घायल घनश्याम उपरोक्त का कई सालों से मेरी मां के साथ अवैध संबंध था जो उसे अच्छा नहीं लगता था। जिसके कारण मैं अपने सहयोगी संदीप पुत्र रंजीत,आशीष पुत्र नंदलाल निवासीगण अंगराघाट थाना जैतपुर जनपद अंबेडकर नगर गौरव उर्फ भोला पुत्र रामचंद्र निवासी डेमूडीहा किशनदेव पट्टी थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ व राजन पुत्र हरिश्चंद्र निवासी असलाई थाना आजमगढ़ को इस संबंध में बताते हुए 1 जनवरी की शाम लगभग 7:00 बजे मोटरसाइकिल पर मुख्य अभियुक्त, विवेक, आशीष, व राजन तथा दूसरी मोटरसाइकिल से संदीप और गौरव थे। बनरहिया बाग के पास मुख्य अभियुक्त ने तमंचे से चलती मोटरसाइकिल से घनश्याम को पीछे से गोली मार दी थी और घटना को अंजाम देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त विवेक पुत्र सुबई, संदीप पुत्र रामजीत,आशीष पुत्र नंदलाल, गौरव उर्फ भोला को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस ने आरोपियों को अंडर पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे फुलवरिया के पास से गिरफ्तार करने का दावा किया है। मुख्य अभियुक्त विवेक की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा 315 बोर व एक आदत खोखा तथा दो मोटरसाइकिल बरामद हुई है। वहीं घटना में एक अन्य शामिल आरोपी राजन पुत्र हरिश्चंद्र मौके से फरार हो गया है। हंसवर पुलिस ने भी लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्त को जेल भेज दिया है। बसखारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सन्दहा निवासी विवेक राणा पुत्र मेवालाल के द्वारा अपनी मोटरसाइकिल व अपने साथी संदीप का मोबाइल फोन छीन कर भाग जाने के संबंध में तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसके संबंध में पुलिस ने घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आए सुमित सोनी पुत्र बेचू लाल सोनी, रामू गौड़ पुत्र बलराम गौड़ व अभिमन्यु मौर्य पुत्र राम कृपाल मोर्य निवासीगण हंसवर को रंगेय राघव तिराहे से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## तेज रफ़्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार जख्मी, मकान के बाहर खड़ा डाला व बाइक क्षतिग्रस्त



**टड़ियावां/**हरदोई थाना व कस्बा टड़ियावां में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार हुआ जख्मी, पीकप डाला व अन्य बाइक क्षतिग्रस्त। कस्बा टड़ियावां निवासी रवि तिवारी पुत्र भोला तिवारी अपने घर जा रहा था, इसी बीच एकू ट्रैक्टर ट्रॉली इटौली की तरफ से मिट्टी भरने बरौली माइनर पर जा रहा था। गोपामाउ इटौली मार्ग पर ब्लॉक के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार रवि को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। वही ट्रैक्टर की गति तेज होने से अनियंत्रित होकर विनोद गुप्ता के घर में जा रुका जिससे घर के बाहर खड़े पीकप डाला व एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वही सूचना पर पहुँची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्ज़े में ले लिया और घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया भेजा।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चलाया गया चेकिंग अभियान





स्वतंत्र प्रभात

**पचपेड़वा।** थाना पचपेड़वा अंतर्गत भाथर पुल के निकट पचपेड़वा पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। आए दिन सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाएं प्रदेश व देश के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। देश के विकास में मानव पूंजी के महत्व को देखते हुए उक्त आंकड़ा चिंता का विषय है। सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करते हुए माननीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग भारत सरकार के पत्र के मद्देनजर मार्ग दुर्घटनाओं में सुधार हेतु हेलमेट का अभियान,सीट बेल्ट का अभियान, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान, तीव्र गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान, विपरीत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वालों के विरुद्ध अभियान, अवयस्क चालकों के विरुद्ध अभियान के तहत भाथर पुल के निकट वाहन चेकिंग करते हुए थाना प्रभारी पचपेड़वा सत्येंद्र बहादुर सिंह,उप निरीक्षक अरुण यादव उप निरीक्षक शिव कैलाश व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ की तैयारी को लेखकर हुई बैठक

**● 11, 12, 13 जनवरी को आयोजित होने वाले प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह की तैयारियां जोरों पर**

स्वतंत्र प्रभात

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि पर ग्यारह, बारह, तेरह जनवरी को आयोजित होने वाले प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह को गति देने और कार्यक्रम को व्यापक बनाने के लिये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सहयोग में उतरा संघ परिवार। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर ट्रस्ट जंहा लगातार छोटी छोटी बैठकों के माध्यम से सक्रिय है वही उसने विगत वर्ष संपन्न हुये प्राण प्रतिष्ठा की भांति संघ परिवार से भी सहयोग के लिये अपील की और संघ परिवार के पदाधिकारी इस आयोजन में अपना पूरा सहयोग देने में सक्रिय हो गये हैं।

सोमवार को अपराह्न कारसेवकपुरम् में स्थित भारत कल्याण के राम सदन हाल में अयोध्या महानगर और जिले के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई,जिसमें तीर्थ क्षेत्र के महासिव चम्पतराय, ट्रस्टी अनिल मिश्र,विहिप केंद्रीय मंत्री गोपाल,मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, महानगर संघचालक विक्रमा पांडेय,वरिष्ठ नरेन्द्र, पूर्व सांसद लल्लू सिंह विभाग प्रचारक किशन, जिलाप्रचारक योगेंद्र महानगर प्रचारक सुदीप, विहिप के शरद शर्मा, विजय सिंह, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र, परमानंद मिश्र, महेश मिश्र, प्रधानाचार्य अवनीश,प्रेमप्रकाश, डाक्टर चंद्रगोपाल महानगर मंत्री विवेक, सहकार भारती के उपाध्यक्ष रामप्रकाश त्रिपाठी, मातृशक्ति की सुनीता श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे। बैठक का मार्गदर्शन करते हुये ट्रस्ट महासचिव ने



कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे, उन्हों ने कहा प्रतिष्ठा द्वादशी पर आयोजित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज की सहभागिता हो इसके लिये हम सभी को सहयोग के साथ ही यह दिन समाज के लिये उत्साह और उमंग से परिपूर्ण बने ऐसा प्रयास हम सभी के द्वारा हो। उन्हों ने तीन दिवसीय कार्यक्रम के विभिन्न तिथियों और सत्रों पर व्यापक प्रकाश डालते हुये कहा की प्रत्येक अनुष्ठान हमें आंतरिक और वाह्य ऊर्जा से भरने वाला है।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के कुचेरा बाजार स्थित चंद्रभान गुप्ता इंटर कॉलेज में 13 वा वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया, बच्चों ने बाल मेले का आयोजन किया और स्वनिर्मित अनेकों प्रकार के व्यंजन बनाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा रहे, उन्होंने विद्यालय में आयोजित बाल मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। बच्चों को संबोधित करते हुए कहां की बच्चा मां की गोद में होता है तो अपने माता-पिता से सीखता, थोड़ा बड़ा होता है तो समाज से सीखता है, उसके साथ ही उसके जीवन का एक नया अध्याय शुरू होता है, और उसमें बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों की होती है, जब कोई अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल लेकर आता है तो एक भरोसे के साथ आता है, क्योंकि वह अपने बच्चे में डाक्टर, इंजिनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक कलेक्टर,समाज में सभी विधाओं में काम करने वालो में अपने बच्चे को देखता है, जो शिक्षक यहां पर है वे एक होनहार बालक के रूप में देने का कार्य करेंगे, पूरी दुनिया में आज जो कुछ भी देखने को मिल रहा है उसमें शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि संस्कृति की उन्नति का जो साधन होता है, वह विद्या होती है शिक्षा के माध्यम से हम अपने समाज को पूरी दुनिया में अग्रणी कर सकते हैं हम भारत के रहने वाले हैं, जो पूरी दुनिया को ज्ञान देने का कार्य हम करते थे नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय हमारे पास हुआ करते थे, जो देश दुनिया को तमाम अविष्कार, सभ्यताएं देते थे हम शंकराचार्य की धरती के रहने वाले हैं, उन्होंने यह भी कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियां संस्कार युक्त शिक्षा से परिपूर्ण नहीं होगी तो वह न ही देश के काम आ सकती है और न



आप ही के काम आ सकती है , जिस तरीके से कुम्हार मिट्टी को पीट-पीटकर मूर्ति बना देता है, इस तरह शिक्षक बच्चों को संस्कार और शिक्षा देकर देश के अग्रणी नागरिक के रूप में स्थापित करता है। इस मौके पर पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, विद्यालय के संस्थापक डा0 रामजी गुप्ता, प्रबंधक गोपाल जी गुप्ता, विनय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा, बबलू पासी, श्याम नारायण पाठक, बब्बू पांडे, अखिलेश पांडे, सहित अभिभावक एवं बच्चे मौजूद रहे।

# अयोध्या में आयोजित हुई बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप, दिल्ली के अविनाश अरोड़ा ने जीता ओवरऑल खिताब

स्वतंत्र प्रभात

**अयोध्या** अयोध्या इंडिया क्लासिक सीजन 4 बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन अयोध्या महोत्सव के अंतर्गत किया गया, जिसमें प्रदेश भर के कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कानपुर के अंतर्राष्ट्रीय जज और फिटनेस कोच साहिबे सिद्दीकी और दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय जज और प्रो कार्ड विनिंग कोच इमरान खान ने इस कार्यक्रम में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। चैंपियनशिप के विजेताओं में दिल्ली के अविनाश अरोड़ा ने बॉडीबिल्डिंग ओवरऑल विजेता का खिताब जीता, जबकि अयोध्या के कुलविंदर सिंह जसरोटिया ने मेंस फिजिक ओवरऑल विजेता का खिताब जीता। लखनऊ के अनुराग ने क्लासिक फिजिक्स ओवरऑल विजेता का खिताब जीता। इस आयोजन में दिल्ली के निपुण अग्रवाल, विजय, और कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर जसप्रीत सिंह, लखनऊ के अहाना और सुल्तान ने गेस्ट के रूप में भाग लिया। निकेश यादव, हरि, सुल्तान, अलफहद खान,



आशीष, अभिमन्यु, और सुभान शोएब ने इस आयोजन में सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम का संयोजन न्यास की प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ ने किया।

न्यास अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा, "यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमने अयोध्या में बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया। यह आयोजन न केवल अयोध्या के युवाओं को प्रेरित करता है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी बढ़ावा देता है।" उन्होंने आगे कहा, "हमें इस बात पर गर्व है कि हमने इस आयोजन में प्रदेश भर के प्रतिभागियों को एक मंच प्रदान किया। यह आयोजन न केवल उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए भी प्रेरित करता है।÷ न्यास अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने दिल्ली के अविनाश अरोड़ा को ओवरऑल खिताब जीतने पर बधाई दी और कहा, ÷यह एक अद्भुत उपलब्धि है और हमें उम्मीद है कि वह आगे भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करेंगे।" उक्त कार्यक्रम में प्रबंधक आकाश अग्रवाल, महासचिव संगठन अरुण द्विवेदी, महासचिव ऋचा उपाध्याय, जनार्दन पांडे, निकिता, अनिकेत जायसवाल, तनू आदि उपस्थित रहे।

# किसानों में वितरित किया गया यूरिया खाद

स्वतंत्र प्रभात

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे पर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड बैकुंठपुर में सोमवार को स्थानीय किसानों में यूरिया खाद वितरण किया गया। भीड़ को देखते हुए सचिव ने आधार कार्ड और खतौनी जमा करा कर खाद वितरित किया। परसामलिक थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे पर स्थित समिति पर 750 बोरी यूरिया खाद आया हुआ था। वहीं रबी की फसल की सिंचाई के बाद यूरिया खाद को सोमवार को जरूरत मंद किसानों में वितरित किया गया। क्षेत्र के किसान उदयभान चौधरी, सुनील कुमार यादव, दयाराम यादव, राजेश कुमार पाण्डेय, चन्द्रिका, राजेश चौधरी, लल्लन चौधरी, साधू शरन, पट्टू यादव, बेचई आदि लोगों ने बताया कि प्राइवेट दुकानों पर यूरिया खाद महंगे दामों पर मिल रहा है जबकि समिति पर सस्ते दामों पर यूरिया मिलने से खशी का माहौल बना हुआ है। साधन सहकारी समिति के सचिव



धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि समिति पर सात सौ पचास बोरी यूरिया खाद आया हुआ था जिसे जरूरत मंद किसानों को खतौनी व आधार कार्ड के द्वारा वितरित किया जा रहा है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## झांसी से शैलजा तिवारी यादव बनाई गई जिला अध्यक्ष



**झांसी।** बुंदेलखंड झांसी की शैलजा तिवारी यादव को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की अनुमति पर झांसी को समाजवादी महिला जनपद झांसी का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करने की आशा जताते हुए महिला प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने पद भार सोपा।

## इस्टाग्राम और फेसबुक के प्यार ने दिया धोखा मुकदमा दर्ज

**लखनऊ-** इंस्टाग्राम और फेसबुक से बने सम्पर्क जब बेहद नजदीक आकर धीरे धीरे सम्बन्ध बनकर शादी करने तक वयस्क या अवयस्क महिला पुरुष उस अपरिचित व्यक्ति की जाँच पड़ताल किये बिना ही उनके बिछाए जाल में फंसकर ठगी का शिकार बनते है या जीवन बर्वाद करके जिन्दगी भर पछताने के अलावा कुछ भी हासिल नहीं होता। ऐसा ही प्रकरण सरोजनी नगर थाने के गहरू गाँव की काजल रावत ठगी का शिकार बनने के बाद, थाना सरोजनी नगर में दी गयी तहरीर के अनुसार पीड़िता का विवाह खुशहाल गंज लखनऊ के संतोष पुत्र छेदीलाल से हुई थी। संतोष शराब पीकर किये जा रहे लड़ाई झगड़े मारपीट से ऊबकर न्यायालय में तलाक का मुकदमा चल रहा है। इसी दौरान पीड़िता का इंस्टाग्राम के माध्यम से हार्तिक बैगलो नामक व्यक्ति से बातचीत करते-करते एक दूसरे से शादी तक की बात होने तथा अधिक नजदीकियां बढ़ने के बाद हार्तिक सेना की वर्दी पहनकर व सेवारत बताकर, घरवालों को अपना धर्म हिन्दू बताया ।पीड़िता व घरवालों को भावनात्मक प्रभावित करने के बाद बहला फुसलाकर जेवर ले जाकर लगभग 4.5 लाख रुपये में बेच दिया । पीड़िता को उसकी आवाछँनीय हरकतों से शक होने पर,जानकारी मिली की यह हैदर अली पुत्र सुल्तान बेग, चादीपुर वालेश्वर, उड़ीसा का निवासी है। इसके सेना सम्बंधी सभी दस्तावेज फर्जी हैं, वह ठगी के उद्देश्य से ही मित्रवत व्यवहार कर शादी का लालच हिन्दू बनकर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## ड्यूटी पर तैनात आरक्षी और होमगार्ड के साथ अभद्रता करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरदोई-मल्लावां।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां कन्नौज मार्ग पर दो ट्रक जिनमें से एक ट्रक हरदोई से कन्नौज की ओर जा रहा था और एक ट्रक कन्नौज से हरदोई की तरफ़ आ रहा था कन्नौज की तरफ से आ रहे ट्रक विद्युत पोल में टकरा गया जिसमें विद्युत का तार टूटकर कन्नौज की ओर जा रहे ट्रक के ऊपर गिर गया जिससे ट्रक के तिरपाल में आग लग गई इस दौरान पास के ही गांव बख्शीपुर्वा के सुनील कुमार पुत्र रामऔतार बबलू पुत्र हरिश्चंद्र सत्यनारायण पुत्र मितान सहित कुल 11 लोग मौके पर आकर ड्यूटी पर तैनात आरक्षी विजेन्द्र कुमार व होमगार्ड के साथ अभद्रता करने लगे और कार्यसरकार में बाधा उत्पन्न की गई इस संबंध में उन लोगों के विरुद्ध मल्लावां थाना पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## स्थानीय पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**बेनीगंज/हरदोई-** कोतवाली क्षेत्र के खेरवा कमालपुर निवासिनी ने थाने पर 08/10/24 को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें बताया गांव के ही पप्पू पुत्र राधेश्याम पाल मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर कहीं ले गए हैं। इस सम्बंध में स्थानीय पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास करने शुरू किए। स्थानीय पुलिस उप निरीक्षक घरभरन चौधरी कांस्टेबल अजय चौहान द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया अग्रिम कार्रवाई की जा रही है अभियुक्त माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# समाजसेवी ने किया सैकड़ों कम्बल का वितरण

**● - समाजसेवी योगेन्द्र सिंह ने जरूरतमंदो में बांटा कंबल**

स्वतंत्र प्रभात





**माल, लखनऊ।** समाजसेवी योगेन्द्र सिंह ने अपने आवास पर चार पंचायतों के लगभग डेढ़ सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। आपको बता दें कि महिमा खेड़ा गांव निवासी समाजसेवी योगेन्द्र सिंह ने कड़के की ठंड को देखते हुए अपने आवास पर सोमवार को चार पंचायत मुड़ियारा, गोपालपुर, खंडसरा, बड़खोडवा सहित अन्य गांवों के लगभग बारह दर्जन से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए।समाजसेवी योगेन्द्र सिंह ने कहा कि ठण्ड में गर्म कपड़े बांटना पुनीत कार्य होता है। ऐसे कार्यक्रमों से उन जरूरतमंद लोगों को मदद मिल जाती है जिनके पास ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े नहीं होते हैं। योगेन्द्र सिंह ने कहा जहां भी सर्दी से परेशान गरीब की जानकारी मिले उन्हें बताएं ताकि उसे भी कंबल उपलब्ध कराया जा सकें।

समाजसेवी योगेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। योगेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लिए एक कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

# दौड़ और कबड्डी में युवाओं ने दिखाए अपने जौहर

**● सरोजनी नगर के रामदासपुर गांव में हुआ भव्य प्रतियोगिता का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात





**लखनऊ।** सरोजनीनगर के रामदासपुर गाँव में प्रथम युवा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम युवा कबड्डी प्रतियोगिता की अध्यक्षता युवा नेता अक्षत सिंह चौहान ने की। प्रतियोगिता का शुभारंभ में सबसे पहले 5 किमी की दौड़, 1500 मीटर की दौड़ हुआ। दौड की शुरुआत सेवानिवृत्त प्रशाशनिक अधिकारी कप्तान सिंह, भवानी सिंह, मुकेश सिंह ने झंडी दिखाकर दौड़ में हिस्सा लेने वाले युवाओं को रवाना किया। 5 किमी दौड़ में पहले स्थान पर आनंद, दराब नगर बरकोता, दूसरे स्थान पर सौरभ, बहजनामऊ, तीसरे स्थान पर कुशल यादव मोहान व चौथे स्थान पर विशाल रावत, नटकूर रहे।

कबड्डी के खेल का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम विजेता माँ गंगा क्लब कबड्डी बैदरा की छात्राओं ने कबड्डी का खेल जीता। उसके बाद बालक वर्ग में कबड्डी विजेता युवक मंडल दल उन्नाव रहा। 5 किलोमीटर दौड़ में प्रथम विजेता को भवानी सिंह ने 1000 रूपये का पुस्कार दिया। वहीं कप्तान सिंह ने कबड्डी में प्रथम विजेता को 1000 हजार का नगद पुस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर राजेन्द्र सिंह चौहान राजू, भवानी सिंह, मुकेश सिंह, रोहित, संजय, रामनरेश, विजय, लाल बहादुर, मंडल अध्यक्ष शिव बख्श सिंह, महामंत्री नवीन तिवारी, अनुज व नेपाल सिंह मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी ने चलाया चेकिंग अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** हरियावां थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव ने वाहन चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाके वाहन चलाने की हिदायत दी दो पहिया बाइक सवार चालको को हेलमेट व दो से अधिक सवारियां लेकर न चलने की नसीहत देते हुए पुष्प देकर समझाया व रसायनिक व मादक पदार्थों का सेवन करके वाहन न चलाएं तेज गति से वाहन न चलाने को कहा सोमवार को हरदोई पिहानी मुख्य मार्ग पर थाना परिसर के सामने प्रभारी निरीक्षक दिनेश यादव ने पुलिस कर्मियों के साथ दो पहिया और चार पहिया वाहन के उन चालकों को सर्वप्रथम सम्मानित किया जो बाइक सवार दो सवारी और हेलमेट लगाए हुए थे तथा चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाए हुए थे उन्हें गुलाब का फूल देकर प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही कहा आप भी बाइक सवार उन लोगों को जरूर जागरूक करें जो बिना हेलमेट के दिखे दें। जो वाहन चालक बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाते मिले उन्हें प्रभारी निरीक्षक ने समझाते हुए कहा कि आपकी जरा सी लापरवाही आपकी जानऔर आपके परिवार को कभी ना पूरी होने वाली आपकी कमी पूरे जीवन खल सकती है। साथ ही आपको आज गुलाब का फूल देकर इसलिए समझाया गया कि अगली बार आप यह गलती ना करें नहीं तो वाहन का चालान काटा जाएगा। लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं पुलिस की यह पहल जागरूकता जरूर लाएगी। इस दौरान उप निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह उपनिरीक्षक सुशील कुमार उप निरीक्षक धनपाल सिंह हेडकांस्टेबल सुनील तिवारी, वीरेंद्र कुमार, राजकुमार, शुभम श्रेष्ठ, सौरभ कुमार, अभिन्न चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती सदन सभागार में कवियों व कवयित्रियों ने रचनाओं से बांधा समां

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन के तत्वावधान में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन सदन सभागार में जनपद की वरिष्ठ कवयित्री सीमा गुप्ता 'असीम' की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित कवियों ने विभिन्न विधाओं से ओत-प्रोत रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सदन उपाध्यक्ष श्रवण मिश्र राही ने आगत रचनाकारों का स्वागत किया। इसके पश्चात वरिष्ठ कवि राजकुमार सिंह 'प्रखर' ने वाणी वंदना के साथ ही देशप्रेम की बात करते हुए कहा कि हीरा-मोती सी धरती पर, क्या कुर्बान करूं। मेरे देश की धरती बोल, तेरे मैं क्या-क्या नाम धरूं। रस परिवर्तन करते हुए युवा कवि कृतार्थ पाठक ने श्रृंगारिक रचना पढ़ते हुए कहा- यूं नहीं मन हारते हैं, ये परीक्षा की घड़ी है। दीप-सा जलना पड़ेगा, द्वार पर रजनी खड़ी है। इसी क्रम में सुकवि उदयराज सिंह उदय ने कहा कि मदमस्त घटाओं बिन अभिसार अधूरा है। प्रेमी के बिना तन पे, श्रृंगार अधूरा है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं वरिष्ठ कवयित्री सीमा गुप्ता 'असीम' ने अपनी बात कुछ इस तरह कही- दण्ड देकर साम गाकर, भय भरो अब हर उरग में। सांझ गहरी हो रही है, अब जला दो दीप मग में। ओज के सशक्त हस्ताक्षर आदर्श द्विवेदी प्रशस्त ने कहा कि आंख उठी जब वंदेमातरम् पर टकराना सीखा है/ कुरुक्षेत्र की समर अग्नि में, धनुष उठाना सीखा है। कवि सुधीर अवस्थी परदेशी ने कहा - भाग रही बिटिया देखो, प्रेम प्यार के नाम पर/ ऐ समाज वालों क्या ग़लती, मुझको तू बदनाम न कर। युवा कवि रुद्राक्ष श्रीवास्तव ने मन की पीड़ा की बात करते हुए कहा - तन की चोट तो सबको नजर आए/मन के घाव कोई कैसे दिखाए। संचालन कार्यसमिति सदस्य कुलदीप द्विवेदी ने तथा आभार प्रदर्शन सदन के मंत्री मनीष कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. अखिलेश वाजपेयी, अभिषेक अग्निहोत्री, राजीव दुबे, अर्नव पाल आदि उपस्थित रहे।

# युवक ने खुद रची अपने अपहरण की झूठी कहानी

**● एसपी के निर्देश पर पुलिस ने बरामद कर किया खुलासा**

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम बंदरहा निवासी युवक ने पैसे के लिए खुद के अपहरण की झूठी कहानी रचते हुए अपने भाई के मोबाइल पर रस्सी से बंधा वीडियो भेजकर फिरौती की मांग कर डाली। उसके भाई ने पाली पुलिस को लिखित सूचना देकर भाई की बरामदगी की मांग की थी। एसपी के निर्देश पर पाली और सवायजपुर पुलिस ने युवक को सकुशल बरामद करते हुए झूठे अपहरण की साजिश का पर्दाफाश किया है।भाई संजय कुमार ने 5 जनवरी की रात 9 बजे पुलिस को लिखित सूचना देकर बताया उसका भाई संदीप पाली स्थित मिर्जापुर गन्ना तौल केंद्र पर काम करता है, का किसी ने अपहरण कर लिया है। अपहरणकर्ता ने धमकी भरे संदेश और एक वीडियो भेजा, जिसमें संदीप रस्सी से बंधा दिखाई दे रहा है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कई पुलिस टीमों को सक्रिय किया। पाली और सवायजपुर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदीप को रुपापुर से सकुशल बरामद कर लिया।पुलिस से पूछताछ में अपहरण की झूठी साजिश रचने वाले संदीप ने बताया उसकी बाइक से 30 दिसंबर को एक बुजुर्ग का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें बुजुर्ग का पैर टूट गया। उनके इलाज के लिए पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए उसने अपने अपहरण की झूठी कहानी बनाई। उसने खुद अपने हाथ-पैर बांधकर वीडियो बनवाया और अपने भाई को फिरौती के लिए संदेश भेजा। पुलिस ने पूरे मामले का पर्दाफाश कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गन्ना भरी ट्राली के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर गयंद से गन्ना से भरी हुई एक ट्राली चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्राली की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गयंद निवासी श्याम सिंह पुत्र हेतराम के अनुसार रविवार को शाम को गन्ना लादकर ट्राली गांव के बाहर बालाजी सीमेंट स्टोर के सामने खड़ी कर दी थी। रविवार सोमवार की मध्य रात्रि तकरीबन 1:20 पर जब ट्रैक्टर लेकर ट्राली लेने पहुंचा तो गन्ना लदी ट्राली उसकी गायब थी। उसने इधर-उधर ट्राली को काफी तलाश किया परंतु गन्ना लदी ट्राली नहीं मिली सोमवार को दोपहर 12:00 बजे अज्ञात चोरों के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर ट्राली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई है। जल्द ही ट्राली बरामद कर ली जाएगी।

# सत्संग से ही जागता है मनुष्य का विवेक बोले पंकज महराज

स्वतंत्र प्रभात



**टड़ियावां, हरदोई।** सोमवार को संत पंकज महाराज जी जयगुरुदेव जनजागरण यात्रा का पड़ाव ब्लाक क्षेत्र के ग्राम जपरा तिराहा में हुआ।यहां आयोजित सत्संग कार्यक्रम मं बाबा पंकज ने कहा यह सत्संग है। जब पिछले जन्मों के पुण्य उदय होते हैं और महात्माओं की दया होती है तभी यह मनुष्य शरीर और सत्संग मिलता है। सत्संग से ही विवेक जागता है कि हम कौन हैं? कहाँ से आये? और मरने के बाद हमें कहां जाना है? हमारे नातेदार-रिश्तेदार कहां जायेंगे। कैसे हमारी जीवात्मा का कल्याण होगा? इन सभी प्रश्नों की जानकारी सत्संग से ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब हम लोग इस संसार में पैदा हुये न कोई जाति, न बिरादिरी ले के आये। न कोई कौम मजहब ले के आये। सिर्फ नंगे रोते हुये हम लोग इस संसार में पैदा हो गये। बाद में जो अजार उस परमात्मा ने बख्शे मन बुद्धि और चित्त उससे जब हमारे अन्दर चेतना आ गई तब हमारा नाम पड़ गया। कर्म के अनुसार हमारी जाति बन गई। धीरे-धीरे हमारा फैलाव दुनियां में हो गया। हमने बाल बच्चे बना लिये। हमने नाते-रिश्तेदार बना लिये। जमीन जायदाद हासिल कर लिये। लेकिन श्वांसों की पूंजी एक निश्चित समय के लिये मिली है। समय पूरा होते ही यमदूत आयेंगे और इस शरीर से जीवात्मा को निकाल कर अलग कर देंगे। उस समय न जमीन जायदाद काम आयेगी और न जाति-बिरादिरी काम आयेगी। ये शरीर आपका गिर जायेगा। जीवात्मा के निकलते ही यह शरीर आपका माटी का पुतला रह जायेगा कोई भी सगा सम्बन्धी अब आपके इस शरीर को चैबीस घण्टे भी घर में रखने को तैयार नहीं होगा। इसलिये महात्मा आपको समझाते हैं कि समय रहते किसी जीते जागते संत महात्मा की खोज करके उनसे भजन का रास्ता लेकर चैबीस घण्टे में दो घण्टा भजन कर लो। यही भजन आपको नर्कों चैरासी की सजाओं से बचायेगा। कलयुग की साधना सुरत शब्द योग के द्वारा ही जीवात्मा की संभाल सम्भव है। रामचरित मानस में भी मिलता है ÷कलयुग योग यज्ञ नहिं ज्ञाना। एक अधार नाम गुन गाना।÷ पिछले संतों कबीरदास, नानक जी, रविदास जी, जगजीवन दास, पल्टू साहब, मीराबाई, सहजोबाई ने इसी साधना से अपनी जीवात्मा को जगाकर परमात्मा को पाया और इसी साधना का भेद जीवों को दिया। हमारे गुरु महाराज बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने इसी रास्ते का भेद देकर करोड़ों लोगों को व्यसनों से छुड़ा कर सत्मार्ग पर लगा दिया। आज भी लोग उस भजन को करोड़ों की संख्या में लोग कर रहे है। महाराज जी ने श्रद्धालुओं को सुमिरन, ध्यान, भजन का रास्ता बताया और प्रतिदिन दोनों समय भजन करने की अपील किया। जयगुरुदेव नाम की महिमा का वर्णन करते बताया यह समय का जागृत व सिद्ध नाम है। संकट की घड़ी में मददगार होगा। मृत्यु के समय श्वांस-श्वांस पर याद करने पर उसकी पीड़ा कम होगी। हमारे गुरु महाराज बाबा जयगुरुदेव जी इस नाम को जगाकर गये थे। उनके बचन हैं ÷जन-जन की जुबान पर जब जयगुरुदेव आयेगा ! सच्ची स्वतंत्रता का आनन्द पायेगा।÷

आगामी 13 से 15 मार्च तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित होने वाले होली सत्संग मेले में आने का निमन्त्रण दिया तथा बताया कि मथुरा में वरदानी जयगुरुदेव मन्दिर बना है जहाँ बुराईयाँ चढ़ाने पर मनोकामना की पूर्ति होती है। जिला-इटावा उ.प्र. में तह. भरथना के गांव खितौरा धाम में बाबा जी की पावन जन्मभूमि है यहाँ पर भी भव्य वरदानी मन्दिर बना है। यहाँ सभी सम्प्रदायों के लोग आते हैं। इस अवसर पर अनिल कुमार, डब्ल्यू, मिन्टर बाबू, दया शंकर, नन्हेलाल, राम किशोर वर्मा प्रधान, मान सिंह भूस्वामी आदि मौजूद रहे। व्यवस्था में पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव बल्देवपुरवा ब्लाक टड़ियावां के लिये प्रस्थान कर गई।

# अज्ञात चोरों ने एक मोहल्ले के दो घरों में चोरी को दिया अंजाम

**● चोरी का मामला संज्ञान में आया है मौके पर पुलिस गई है जांच पड़ताल की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक बेनीगंज।**

स्वतंत्र प्रभात



**बेनीगंज/हरदोई-** कोतवाली क्षेत्र के नेवादा लोचन गांव में कल रात को ठंड का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए दो घरों में हाथ साफ किया। घर के जिम्मेदारों ने देखा तो बक्सा अलमारी और ताले टूटे पड़े हुए थे। बक्से में रखें जेवरात, बर्तन, कपड़े आदि चीजें गायब थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 और स्थानीय पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बता दे थाना बेनीगंज के नेवादा लोचन गांव के निवासी छोटक्की पत्नी रामविलास ने बताया बबलू उर्फ सचेंद्र परिवार के साथ लुधियाना में निवास करते है। मैं और मेरी बेटी गांव में ही अपने पुराने घर पर लेटे थे। जब सुबह अपने नए वाले घर पर आकर देखा तो कमरे का ताला टूटा था। कमरे के अंदर बक्सा, अलमारी,अटैची खुली पड़ी थी। जिसमें रखा जेवर,झुमकी, झाला, मांग बेहंदी, बिछिया, कमरबिछुआ, पायल बर्तन और नए कपड़े मौके पर नहीं थे। चोरों की निशानदेही से पता चला घर की दीवाल फादकर हुई चोरी को अंजाम दिया है। वही गांव में दूसरे घर में हुई चोरी की वारदात को लेकर प्रेम शंकर ने बताया मैं अपने गांव के पुराने वाले घर पर परिवार सहित था। जब सुबह मेरी पत्नी प्रेमावती नये मकान पर आई तो मैन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा लोहे सरिया के पांच बंडल और जीन पाइप लगभग 35 से 40 किलो मौजूद नहीं थी। सामान की कीमत लगभग 7 से 8 हजार होगी। उपरोक्त मामले पर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में आया है मौके पर पुलिस गई थी। जांच पड़ताल की जा रही है।

# एक एसआई सहित 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड, चोरी की घटना के बाद एसपी ने की बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई-** 4-5 जनवरी मध्यरात्रि जिले के कछौना थाना इलाके में चोरी की घटना होने के बाद एसपी नीरज कुमार जादौन ने अपनी ड्यूटी, रात्रि गस्त व चेकिंग में लापरवाही बरतने पर 1 स्ह्व सहित 4 पुलिसकर्मियों को इमीडिएट सस्पेंड कर दिया। बता दें कि कछौना इलाके में एक ज्वेलर्स की दुकान पर चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया था। इसी बीच एल्फा टीम के उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव, आरक्षी हिमांशु, कस्बा चौराहे पर तैनात मुख्य आरक्षी जयप्रकाश व आरक्षी विवेक ने थाना इलाके में प्रभावी गस्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग व ड्यूटी में लापरवाही की, इस पर एएसपी पूर्वी द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर उपरोक्त सभी पुलिसकर्मियों को एसपी नीरज कुमार जादौन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

एसपी ने साफ शब्दों में कहा है कि कोई भी पुलिसकर्मियों अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करता है या अपनी ड्यूटी में शिथिलता बरतता है तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल, उक्त मामले को लेकर एसपी ने एएसपी पश्चिमी को जांच पूरी कर 7 दिनों में आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

# कोच पूनम तिवारी के नेतृत्व में हरियाणा की धरती पर यूपी का शानदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात




**हरदोई** 34वी नेशनल स्ट्रेंथलिफ्टिंग एंड इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2024 - 2025 सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर, दिव्यांग (महिला और पुरुष) का आयोजन 1 से 6 जनवरी को हरियाणा के लोहारू में आयोजित हुई। कोच पूनम तिवारी के नेतृत्व में यूपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में एक गोल्ड 03 रजत पदक और 02 ब्रॉन्ज पदक जीते। पुरुष वर्ग में 04 गोल्ड 02 रजत और 03 कांस्य पदक प्राप्त किए। महिला वर्ग में सब जूनियर वर्ग में (स्ट्रेंथलिफ्टिंग में) 52 भार वर्ग में अंजलि कन्नौजिया- रजत पदक, प्रिया गुप्ता 71भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। इन्क्लाइन बेंच प्रेस में प्रिया गुप्ता 71 भार वर्ग में कांस्य पदक, सीनियर वर्ग में पारुल सिंह यादव ने कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग में मास्टर वर्ग 95 किग्रा स्ट्रेंथलिफ्टिंग ऐंड इन्क्लाइन बेंच प्रेस में रजत सिंह राठौर स्वर्ण पदक, प्रणव मिश्रा 115 भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक मास्टर वर्ग। विजेता खिलाड़ियों का शंकर व्यायाम शाला में भव्य स्वागत किया गया।

# बेरहम ग्राम प्रधान के गौशाला की खुली पोल, गाय के शवों को ट्रैक्टर से घसीटने का वीडियो हुआ वायरल

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के इटौरा गांव में एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक ट्रैक्टर के पीछे रस्सी से बांधकर गाय के शवों को घसीटते हुए सड़क पर ले जाया जा रहा है। यह घटना विकासखंड पहाड़ी के इटौरा गांव की गौशाला से संबंधित बताई जा रही है, जहां हर रोज़ गायों की मौत हो रही है और उनकी दयनीय स्थिति सामने आ रही है।गौशाला में ठंड और भुखमरी के कारण लगातार गोवंशों की मौतें हो रही हैं। प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण गौशालाओं में गोवंशों की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। यह वीडियो गौशाला की जमीनी हकीकत को उजागर करता है, जिसमें स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि कैसे गोवंशों के शवों को अपमानजनक तरीके से ट्रैक्टर से घसीटा जा रहा है। स्थानीय निवासी और सोशल मीडिया उपयोगकर्ता इस घटना को लेकर बेहद आक्रोशित हैं।इटौरा गांव की गौशाला में प्रतिदिन गायों की भूख और प्यास के कारण मौत हो रही है। यह कोई नई घटना नहीं है, बल्कि एक नियमित समस्या बन चुकी है। गोशाला में जरूरी देखभाल और खाद्य सामग्री की कमी के कारण गायों की हालत दिन-ब-दिन और भी बदतर होती जा रही है। बारिश के मौसम में तो स्थिति और भी विकट हो गई थी, जब तीन दिन में दो-दो गायों की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि गौशाला संचालक गायों के शवों को ट्रैक्टर के पीछे बांधकर सड़क पर घसीटकर ले जाते थे, जो कि एक निंदनीय कृत्य था।इस मामले में स्थानीय प्रशासन और ग्राम प्रधान की लापरवाही और मिलीभगत की संभावना जताई जा रही है। गोवंशों की देखभाल में घोर लापरवाही के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। सरकार द्वारा गौशालाओं के लिए दी जाने वाली सहायता राशि का भी दुरुपयोग हो रहा है, जिसे प्रधान, सचिव और अन्य जिम्मेदार अधिकारी आपस में मिलकर हड़प रहे हैं। सरकार का बजट गोवंशों के कल्याण के लिए निर्धारित किया जाता है, लेकिन जमीन पर स्थितियां बहुत अलग हैं।यह घटना न केवल प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह गोवंशों के प्रति समाज के एक संवेदनहीन रवैये को भी दर्शाती है। यह मामला बेहद गंभीर है और इसकी तुरंत जांच होनी चाहिए। गोशाला संचालक और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। समाज और प्रशासन को मिलकर गौवंशों की स्थिति सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि गायों के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार न हो। कागजी खाना पूर्ति की बजाय, ज़मीनी हकीकत में सुधार की जरूरत है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में अभिभावक -शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन




**महराजगंज/रायबरेली-** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में अभिभावक - शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों व प्रगति पर कक्षा- अध्यापक और विषय- अध्यापकों से चर्चा करते हुए परिणामों की समीक्षा की। शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए जो छात्रों की शिक्षा को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। नेशनल साइंस ओलंपियाड (एन.एस. ओ.) व इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (आई. ई.ओ.) द्वारा गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस से पुरस्कृत छात्रों का सम्मान भी किया गया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी को अपने बच्चों की शिक्षण गतिविधियों का सतत अनुश्रवण करना चाहिए तथा पढ़ाई के साथ बच्चे के चरित्र निर्माण में भी आपका सहयोग प्रार्थनीय है साथ ही जानकारी दी कि आगामी सत्र के लिए छात्रों का नामांकन हमारे विद्यालय में प्रारंभ हो चुका है। इस अवसर पर विद्यालय की उप- प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव, अध्यापक अध्यापिकाएं, छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्रतिबंधित चाईनीज मंझे की भरमार से बाजार गुलजार



**महराजगंज (रायबरेली)** मकर संक्रांति के नजदीक आते ही बाजार पतंग और प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की भरमार से गुलजार है, पतंग बाजी के शौकीन युवाओं द्वारा खरीददारी की जा रही है, लेकिन इस ओर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, इसका आलम ये है, कि हर तरफ प्रतिबंधित मंझे की बिक्री बे रोक टोक धड़ल्ले से हो रही है, जिसकी चपेट में आकर बे जुबान पक्षी अपनी जान गंवा रहे हैं, वहीं पहले ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें चाइनीज मांझा की चपेट आकर पक्षीं ही नहीं इंसान भी घायल हो चुके हैं। सोमवार को कस्बे में एक कबूतर उड़ते वक्त चाइनीज मांझा की चपेट में आकर बुरी तरह फंस गया जब तक लोगों द्वारा उसे मांझा की चपेट से छुड़ाया जाता उसकी मौत हो गई कस्बे के अंकुर जायसवाल, शौरभ गुप्ता राहुल वर्मा प्रिंसू वैश्य आदि ने प्रति बंधित चाइनीज मांझा की बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की है। एसडीएम सचिन यादव ने बताया कि उनके द्वारा तत्काल निर्देशित किया जा रहा है, चाइनीज मांझा बेचने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई कराई जाएगी।

## कुंडाडीह के चंद्रभाननगर में गर्म होकर अचानक मोबाइल में हुआ विस्फोट, एक युवक हुआ घायल





**सोनभद्र म्योरपुर।** थाना क्षेत्र के कुंडाडीह के चंद्रभाननगर में मोबाइल में हुए विस्फोट के बाद एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया।उसे उपचार के लिए म्योरपुर सीएचसी में भर्ती किया गया है।म्योरपुर थाना क्षेत्र के कुंडाडीह के चंद्रभाननगर में 35 वर्षीय हैदर अब्बास पुत्र शमशाद मोबाइल फटने से गंभीर रूप से झुलस गया।घायल युवक जंगल लकड़ी लेने गया हुआ था।इस दौरान उसकी पैंट की जेब में पड़ा मोबाइल गर्म होने लगा।इससे वह घबरा गया और मोबाइल निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह तेज आवाज के साथ विस्फोट कर गया।जिससे उसके पैर में गंभीर चोटें आई और वह बुरी तरह से झुलस गया।किसी तरह वह अपने घर पहुंचा।इस पर उसे परिजनों ने म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती किया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में केंद्रीय क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की बैठक हुई सम्पन्न

**● नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी जगदीशपुर।** जुझारू एवं संघर्षशील केंद्रीय प्रमुख संपादक अनिल दुबे आजाद के निर्देश पर क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे जिला कार्यकारिणी व ब्लाक स्तर के विभिन्न पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से चयन किया गया जिसका उपस्थित पत्रकार बंधुओ ने जोरदार स्वागत किया । जगदीशपुर स्थित निरीक्षण भवन डाकबंगला पर आयोजित जिला क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी दिवाकर मणी त्रिपाठी ने किया उन्होने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि पत्रकार एक समाज का प्रहरी होता है जो शासन की खबर जनता तक तथा जनता की आवाज शासन तक पहुंचाने मे अपनी अहम भूमिका निभाता है वचन देता हूं कि संगठन के पत्रकारो की मदद के लिए हर मोड पर खडा रहूंगा बशर्ते सभी साथी अपने पद की गरिमा व अपने कर्त्तव्यों के प्रति जिम्मेदार होकर अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का भरपूर निर्वहन करते रहें। इसी क्रम मे जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमे आदित्य बरनवाल को जिला अध्यक्ष अमेठी,आनंद शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, अखिलेश शुक्ला जिला महासचिव, विनोद सिंह कोषाध्यक्ष, राम धीरज यादव जिला संगठन मंत्री, दीपक पाठक जिला मीडिया सह प्रभारी, अमित बाजपेई जिला सचिव, राम प्रकाश यादव जिला संरक्षक,रविनाथ दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी,

अनूप तिवारी व सर्वेश त्रिपाठी को कार्यकारिणी सदस्य का पदभार तथा एसबी सिंह को जगदीशपुर ब्लाक अध्यक्ष व रामधनी शुक्ला को बाजार शुकुल ब्लाक अध्यक्ष का पदभार सौंपा गया। जनपद भर के कोने-कोने से उपस्थित बैठक में सभी पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किया और संकल्प लिया की हम सब के अगुआ क्रांतिकारी पत्रकार परिषद केंद्रीय प्रमुख माननीय अनिल दुबे आजाद के दिशा निर्देश में संगठन निरंतर संघर्षील रहेगा और अपने किसी भी पत्रकार साथी के अपमान का बदला अत्यंत आक्रामक होकर के लेने का प्रयास करेगा अन्यथा शासन प्रशासन को बिल्कुल जागरूक रहकर पत्रकारों का सहयोग करते रहने के लिए वचनबद्ध होना पड़ेगा।

# संग्रामपुर पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात




चोरी की 01 लाकेट पीली धातु, 08 जोड़ी पायल व 55,000 रुपये नकद के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामपुर संदीप कुमार राय मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी से सम्बन्धित प्रकाश में आये 02 नफर अभियुक्त सत्यम सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम पुन्नपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष, अर्जुन सिंह पुत्र फौजदार सिंह निवासी ग्राम पूरे पहाड़ मजरे पुन्नपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को बगिया मेला चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी से अभियुक्त सत्यम सिंह उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद लाकेट पीली धातु, 01 जोडी पायल नया, 01 जोडी पायल पुराना व 28,300 रुपये नकद तथा अभियुक्त अर्जुन सिंह उपरोक्त के कब्जे से 03 जोडी पायल नया, 02 जोडी पायल पुराना, 02 पायल पुराना तथा 26,700 रुपये नकद बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त सत्यम सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश जायसवाल किराना व आटा चक्की की दुकान खोले हुए है उसी में उनका बड़ा भाई पन्नालाल जायसवाल आभूषण रखता है तथा गांवों में घूम घूमकर नया आभूषण बेचता है व पुराना आभूषण खरीदता है एवं टूटे हुए लाकेट अदि में धागा व गुरिया लगाता है। मैनें ओमप्रकाश जायसवाल से व्यवहार बना लिया तथा कई बार जाकर दुकान में आने जाने का रास्ता देख लिया तथा अपने दोस्त अर्जुन सिंह को भी ले जाकर रास्ता दिखाया था। दिनांक 31.12.2024 को रात्रि में मैं अपने दोस्त अर्जुन सिंह को मास्क पहनाकर दुकान के पीछे पेड़ से चढ़ाकर छत के रास्ते दुकान के अन्दर चोरी करने के लिये भेज दिया था तथा मैं बाहर रहकर रैकी करता रहा। चोरी में मिले आभूषण व रुपये को आपस में बाट लिया था। बरामद आभूषण व रुपये उसी चोरी के हैं, इसमें से कुछ रुपये हम लोगों ने खर्च कर दिये हैं।

# सोनभद्र की बेटी निशा सिंह संघर्ष से सफलता की ओर

**● "रेणुकूट की निशा सिंह- संकट में सहारा बनकर उभरीं"**

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र ओबरा** उत्तर प्रदेश जिला सोनभद्र रेणुकूट की रहने वाली निशा सिंह एक ऐसी महिला हैं, जिन्होंने अपने संकल्प और दृढ़ता से न केवल अपने जीवन को बल्कि अपने समुदाय के जीवन को भी बदल दिया है। निशा सिंह का मानना है कि संघर्ष जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है और इससे हम मजबूत बनते हैं। उन्होंने कहा, रात नहीं ख्वाब बदलता है, मंजिल नहीं कारवाँ बदलता है, जज्बा रखो जीतने का क्यूंकि, किस्मत बदले न बदले, पर वक्त जरूर बदलता है। निशा सिंह एक संघर्षशील महिला हैं, जो अपने पति के आदर्शों को आगे बढ़ा रही हैं। इन दिनों क्षेत्र में मानवता की मिसाल पेश कर रही है। रेणुकूट क्षेत्र में गरीबों के बीच गर्म कंबल वितरित कर सर्दी के मौसम में राहत पहुंचाई है।उन्होंने अपने क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है।रेणुकूट की निशा सिंह और उनकी टीम पिछले कुछ वर्षो से क्षेत्र में मानवता की मिसाल पेश कर रही है। चाहे कोई गरीब हो, बीमार हो या किसी मुसीबत में फंसा हो, निशा सिंह की टीम हमेशा उनके साथ खड़ी रहती है।निशा सिंह की टीम ने कई सराहनीय कार्य किए हैं,जैसे कि गरीबों को कपड़े, कंबल और भोजन वितरण,बीमारों की मदद करना,बेसहारा लोगों को आश्रय देना,पागल लोगों की देखभाल करना,दुर्घटना पीड़ितों की मदद करना रेणुकूट के आसपास 30 किलोमीटर के दायरे में कोई दुर्घटना होती है तो निशा सिंह की टीम तुरंत मौके पर पहुंचती है।और घायलों को अपनी गाड़ियों में बैठाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाते हैं और मरीज को खून खून की कमी हो निशा सिंह की टीम खून भी दान कर करती है।



आईए बात करते हैं मजदूर क्रांतिकारी नेता डब्लू सिंह संघर्ष से सफलता की ओर समाज सेवक डब्लू सिंह का मानना है कि जीवन एक संघर्ष है और इस संघर्ष में ही सफलता छिपी होती है। उन्होंने कहा, सभी लोगों का साथ लेकर और उनका विश्वास जीतकर ही जनता की सेवा की जा सकती है।यह विश्वास ही एक ऐसा हथियार है जो किसी भी मुश्किल परिस्थिति में काम आ सकता है। डब्लू सिंह ने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने बताया कि कैसे संघर्ष करके अपनी सफलता हासिल की। उन्होंने कहा, जब-जब जग उस पर हंसा है, तब-तब उसी ने इतिहास रचता है। डब्लू सिंह का कहना है कि अनेक विद्वानों ने जीवन को इस रूप में देखा या जिया है कि जीवन एक संघर्ष है। संघर्ष-हीन जीवन मृत्यु का पर्याय है। संघर्ष वह अज्ञात शक्ति है जो व्यक्ति को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।संघर्ष में आदमी अकेला होता है, सफलता में दुनिया उसके साथ होती है।

# पत्रकारों पर लगातार हमले बीजापुर और सोनभद्र में घटनाओं ने हिलाया देश

**● छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों ने देश में पत्रकारिता की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।**

**बीजापुर में युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या और सोनभद्र में एक पत्रकार के साथ हुई धमकी की घटना ने इस बात को और उजागर किया है कि सच बोलने की कीमत कितनी भारी पड़ सकती है।**

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र ओबरा** में सोमवार को नगर के पत्रकारों ने गांधी मैदान में वरिष्ठ पत्रकार सतीश भाटिया के नेतृत्व में एकजुट होकर मृतक पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा।वरिष्ठ पत्रकार सतीश भाटिया व भोला दुबे ने कहा यह केवल एक हत्या नहीं है, बल्कि सच बोलने की आवाज को दबाने की कोशिश है। जब देश में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा की बात करना कितना उचित है। युवा पत्रकार अजीज सिंह ने भी इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की। एक युवा पत्रकार ने कहा, हमारे देश में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाने की जरूरत है। मुकेश चंद्राकर और सोनभद्र में हुए घटना ने हमें दिखा दिया है कि सच्चाई बोलने की कीमत कितनी भारी होती है। देश में पत्रकारों के सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए एक सख्त कानून बनाए जाने की मांग किया गया, जिससे देश में पत्रकारिता का स्तर अभी विश्व में सबसे गिरे हुए देश की सूची में है। 180 देशों की सूची में 161 स्थान पर भारत है। यह स्थिति दिन प्रतिदिन और बद से बदतर होती जाएगी। क्योंकि ईमानदारी से काम करने वाले लोगों को अंतत अपने प्राणों से हाथ धोना ही पड़ता है। इस दौरान शोक सभा में सुरेंद्र सिंह, सौरभ गोस्वामी, रंगेश सिंह,अजीत सिंह, कन्हैया केशरी, अरविन्द कुशवाहा, कुमधज चौधरी, शोएब खान, राजू जयसवाल, कमाल अहमद, मुश्ताक अहमद, मुकेश भारती, अनिकेत श्रीवास्तव, विकाश कुमार, शिव प्रताप सिंह,राकेश केशरी, सन्तोष साहनी, छात्र नेता अभिषेक अग्रहरी, आनंद कुमार,मौजूद रहे।

# भाजपा नेत्री रागिनी मिश्र ने कम्बल बितरण किया

**● पंडित गंगा प्रसाद मिश्र की पांचवी पुण्य तिथि पर आयोजन हुआ**

स्वतंत्र प्रभात



**चांदा।** सुलतानपुर सोमवार को स्मृति शेष पंडित गंगा प्रसाद मिश्र की पांचवीं पुण्य तिथि पर उनकी पुत्र वधू भाजपा नेत्री रागिनी मिश्र के संयोजन में विशाल निःशुल्क कम्बल वितरण एंव श्रधांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन उनके पैतृक गांव ईशीपुर चांदा में हुआ। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष पर चांदा क्षेत्र के ईशीपुर गांव के सामाजिक व राजनितिक पुरोधा रहे स्वर्गीय पंडित गंगा प्रसाद मिश्र की पांचवी पुण्यतिथि बड़े ही उत्साह के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की आयोजिका भाजपा नेत्री रागिनी मिश्र महामन्त्री महिला मोर्चा भाजपा द्वारा अपने ससुर के योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल विजय प्रताप त्रिपाठी जिला महामन्त्री भाजपा इंद्रदेव मिश्र रेखा निषाद महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदम्बा गोस्वामी राजेशचंद्र मिश्र समाजसेवी नव मनोनीति मण्डल अध्यक्ष अमित त्यागी मुकेश तिवारी शेर बहादुर सिंह सुधाकर उपाध्याय श्रवण मिश्र पूर्व प्रमुख कादीपुर आदि अतिथियों ने गंगा प्रसाद मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रधांजलि दी। वही हजारो की संख्या में मौजूद महिला पुरुषो को कम्बल भी वितरित किया। सभी अतिथियो का आयोजक रागिनी मिश्र में अंग वस्त्र भेंटकर फूल मालाओ से सम्मान भी किया। कार्यक्रम में विश्वजीत मिश्र ने अपने पिता के स्मृतियों के सम्बन्ध में अपने उद्बोधन दिये। वही अयोजिका भाजपा नेत्री रागिनी मिश्र द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगन्तुकों का आभार प्रकट कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। सभी को भोजन भी कराया गया। इस अवसर पर विश्वजीत मिश्र दिलीप मिश्र प्रदीप मिश्र प्रधानाचार्य डॉ अनिल मिश्र राम लवट दुबे मनोज गोस्वामी बबलू तिवारी संतोष मिश्र भोला पाण्डेय ब्रह्मदेव मिश्र प्रधानगण सन्तोष पाण्डेय राकेश यादव प्रदीप पाण्डेय कलहुराम देवी प्रसाद वर्मा लालाजी दुबे आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचलान विद्याधर तिवारी ने किया।

# पटवा समाज ने श्रद्धा पूर्वक की भगवान नरसिंह देव की पूजा

**● विशाल भंडारे का भी किया आयोजन, भक्तों ने जमकर चखा प्रसाद**

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव में सोमवार को पटवा समाज की ओर से भगवान नरसिंह देव की पूजा-अर्चना बड़े ही श्रद्धा से की गई। समाज के सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया और भगवान नरसिंह की विधिवत पूजा अर्चना कर जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गांव के नरसिंह बाबा के मंदिर प्रांगण को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। भक्तिमय माहौल में पूजा की शुरुआत हुई। जहां सुबह से ही स्थानीय और दूर दराज से आए भक्तों का तांता लग गया। श्रद्धालुओं ने भगवान नरसिंह की आरती की और उन्हें भोग अर्पित किया। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बच्चों ने भजन प्रस्तुत किए, जबकि महिलाओं ने भगवान नरसिंह के गीत गाए। पूजा के समापन पर समाज के सभी सदस्यों ने एक साथ भगवान नरसिंह से समाज के कल्याण और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। गांव निवासी रजनीश पटवा, कमल पटवा, अजय, सुशील, मिथिलेश पटवा, बिरजू, पवन पटवा, अजय पटवा, शुभम, शिवकुमार फौजी, अंजनी पटवा सहित समाज के अन्य युवाओं ने आयोजन की व्यवस्थाओं में भरपूर सहयोग दिया।

# रायबरेली ने 11 रनों से जीत हासिल कर गोरखपुर को हराया

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ वीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी शोहरतगढ़ में क्रिकेट एशोसिएशन की ओर से गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे दिन सोमवार को मैच रायबरेली व गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर के कप्तान पंकज शुक्ला ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रायबरेली की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 109 रन बनाए। रायबरेली की तरफ से कप्तान प्रबल ने 33, पवन ने21 आयुष यादव ने नवाद 18 रन बनाया। गोरखपुर की तरफ से राहुल सिंह ने चार पंकज शुक्ला व प्रिंस शाही ने दो-दो विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने के लिए गोरखपुर की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 99 रन ही बना सकी। गोरखपुर की तरफ से अंकुर ने 38 संकट ने 11 वह सिद्धार्थ ने 10 रनों का योगदान दिया। रायबरेली की तरफ से महेंद्र 3 कार्तिकेय ने तीन कृतज्ञ, राठौर,बाबू ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच रायबरेली के महेंद्र राजभर को दिया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर सरफराज अंसारी ,विशिष्ट अतिथि डॉ शादाब अंसारी, उमेश सिंह, रवि अग्रवाल, मनीष श्रीवास्तव, विवेक त्रिपाठी, विपिन त्रिपाठी, मनीष श्रीवास्तव, अंबिका त्रिपाठी, संजय कौशल, राजेश उपाध्याय, सुनील अग्रवाल, अंपायर आशीष चौधरी, रवि कौशिक, स्कोरर गंगेश्वर कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह व प्रयाग भास्कर आदि मौजूद रहे।

# बनवारी दास बाबा के ऐतिहासिक भण्डारे में हजारों भक्तों ने छका प्रसाद

**● भण्डारे में गैर जनपदों से आए सैकड़ो श्रद्धालुओं ने लिया बाबा का आशीर्वाद**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़ (रायबरेली)** क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत पूरे पाण्डेय स्थित बाबा बनवारी दास की पावन कुटी में गत वर्षो की भांति बाबा के 42वें ऐतिहासिक भण्डारे का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें पूण्य की लालसा से पहुंचे हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। गौरतलब हो कि हर साल की तरह बाबा बनवारी दास की पूण्य स्मृति में 6 जनवरी को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में क्षेत्र ही नहीं गैर जनपदों के दूर दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद छककर मनोकामनाएं मांगी। पूर्व प्रधान नन्दकिशोर तिवारी ने बताया कि 1983 से निरन्तर भण्डारे का आयोजन होता चला आ रहा है।

भण्डारे का आयोजन हमेशा ग्रामीणों के समन्वित सहयोग से किया जाता है। कुटी में आने वाले भक्तों को घर के लिए प्रसाद के रूप में देशी घी से बने मालपुए एवं बूंदियों का प्रसाद वितरित किया जाता है। सोमवार को हवन पूजन के पश्चात दोपहर 1 बजे से शुरू हुए भण्डारे में खबर लिखे जाने तक करीब 20 हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर चुके थे। हर साल देर रात तक चलने वाले इस भण्डारे में करीब 20 से 25 हजार श्रद्धालु प्रसाद छककर मनोकामनाएं मांगते हैं। भण्डारे में प्रमुख रूप से पूर्व पिपरी प्रधान अनुपमा तिवारी, नन्द किशोर तिवारी, राकेश बाबू तिवारी, पूर्व सैनिक राजकिशोर पूर्व ढेकवा प्रधान राजबहादुर सिंह, भजन सिंह, कुटी के पुजारी पंडित कालिका प्रसाद, ललित तिवारी, समाजसेवी राज दीक्षित, शिव मोहन सिंह, जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मनोज यादव,रतीपाल रावत,रिंकू सिंह,पूर्व कसना प्रधान रामकिशोर मौर्य, प्रदीप त्रिवेदी, राजकुमार शुक्ला, अशोक यादव, जानकीशरण जायसवाल, अशर्फीलाल यादव, श्रवण पाण्डेय, संगीत मिश्रा, ध्यानू पाण्डेय,सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# परदेश आ रहें युवक को शराब पिलाकर निकालें रुपए

**● युवक ने रिश्तेदारो पर लगाया रुपए निकालने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के धनाभाद गांव निवासी एक युवक ने अपने रिश्तेदारों पर शराब पिलाकर जब से रुपए निकाल लेने का आरोप लगाया। उसने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई। गांव निवासी संजय ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार शाम को वह परदेश से लौट रहा था। तभी गुरबक्शगंज चौराहे पर रणगांव निवासी उसके दो रिश्तेदार मिल गए। तीनों ने मिलकर दारू पार्टी की। बताया कि आरोपी दारू पिलाने के बाद देर तक ई-रिक्शा में बैठाकर उसे इधर उधर घूमाते रहे। इसी बीच दोनों ने उसकी जेब मे रखे चार हजार रुपए निकाल लिए। रुपए मांगने पर आरोपी उसे गांव के किनारे छोड़कर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

# अनुसूचित जाति के नेताओं को सपा नहीं देती सम्मान- संजय गौतम

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने बताया कि समाजवादी पार्टी का पीडीए केवल दिखावा है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का निर्देशन है कि पीडीए के तहत देश में पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक को एक करके लड़ाई लड़कर देश में शासन करना है। वहीं चित्रकूट जनपद में समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा अनुसूचित जाति के प्रतिनिधियों के साथ जातिगत भेदभावपूर्ण भाषा का प्रयोग किया जाता है, जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

जिला मुख्यालय में सोमवार को हुई एक बैठक में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने बताया कि समाजवादी पार्टी के कुछ नेता जाति के भेदभाव के चलते उम्र का ख्याल और पद की गरीमा नहीं रखते है, बल्कि बदजुबानी करते हुए संगठन की छवि खराब करते है। इसके चलते खासतौर से गरीब अनुसूचित जाति के लोगों को महसूस हो रहा है कि सपा का पीडीए का नारा केवल दिखावा है। समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब के नाम पर राजनीति की जाति है, किंतु अनुसूचित जाति के लोगों को सम्मान देने में यह लोग कतराते है। इससे प्रतीत होता है कि समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मंशा के अनुरूप ही स्थानीय कार्यकर्ता ऐसा बर्ताव करते है।

## कानपुर मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

**● - शिक्षा ही विकास की जननी धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी- प्रदेश अध्यक्ष**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कानपुर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर के द्वारा आयोजित कानपुर मंडल के कानपुर जिले के पद ग्रहण समारोह एवं सदस्यता अभियान का आयोजन कानपुर नगर के काकादेव में किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने समापन पर राणा प्रताप चौराहे का लोकार्पण पदाधिकारियों के संग किया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर के द्वारा आयोजित पद ग्रहण समारोह में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज भदौरिया एवं वरिष्ठ महामंत्री धीरेन्द्र सिंह भदौरिया तथा प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत का स्वागत कार्यकर्ताओं ने मल्यार्पण एवं अंग भेंटकर किया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने कहा सामाजिक एकता व एकजुटता से ही समाज का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज एकजुटता के साथ अपनी ताकत नहीं दिखाएगा तब तक समाज की इसी तरह अनदेखी होती रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा एवं धन की कमी नहीं है कमी है तो लोगों में सिर्फ एकजुटता के साथ समाज में कंधे से कंधा मिलाकर अपने हक की मांग करने की। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बालिका शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि समाज में बेटे बेटियों में पीढ़ियों से चली आ रही भेदभाव रुपी असमानता को समाप्त नहीं करेगा तब तक समाज विकास की ओर अग्रणी नहीं हो सकता है।

उन्होंने समाज के लोगों से सामाजिक एकता व एकजुटता के साथ मुकाबला करने की बात कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र भदौरिया एवं प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत ने कहा कि शिक्षा ही विकास की जननी है उन्होंने कहा कि एक बालिका के शिक्षित होने से तीन परिवारों का उद्धार संभव है। समाज के युवाओं को नशे जैसी प्रवृत्ति का त्याग कर शिक्षा की ओर बढ़ना चाहिए ताकि समाज विकास कर सके। इस दौरान कृष्ण बहादुर सिंह को मण्डल उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राठौर उपाध्यक्ष अजय सिंह तोमर महामंत्री राकेश सिंह राजावत सचिव राज सिंह चौहान सचिव रामवीर सिंह चौहान सचिव को शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर शैलेन्द्र सिंह सेंगर सुखबीर सिंह चौहान महेंद्र सिंह परिहार योगेंद्र सिंह राजावत सुशील सिंह रामपाल सिंह चौहान दिव्यांशु राजावत सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**● - पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेजा**

स्वतंत्र प्रभात

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बेर्राव गांव के डिग्री कालेज के पास बाइक सवार एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के द्वारा सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया, जहां पर डाक्टर द्वारा उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया। वही जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज, मेडिकल कालेज से कानपुर रिफर कर दिया। परिजनों के द्वारा कानपुर ना ले जाकर मंझनपुर ले गए, जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कमासिन थाना क्षेत्र के कदोहर गांव के रहने वाले सुरेश कुमार पुत्र जंगलिया उम्र 35 वर्ष यह बाइक में सवार होकर अपने साले को बेर्राव गांव छोड़ने के लिए एक जनवरी को गया हुआ था। और साले को छोड़कर पुनः बाइक में सवार होकर देर शाम अपने गांव कदोहर जा रहा था। तभी डिग्री कालेज के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे सुरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन व रिश्तेदारों के द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज से कानपुर रिफर कर दिया गया, जिसको परिजनों के द्वारा कानपुर ना ले जाकर कौशांबी जनपद के मंझनपुर इलाज



हेतु ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह करीब 4 बजे मृत्यु हो गई। वहीं परिजनों के द्वारा आज रविवार को बबेरू कोतवाली पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रविवार को मेडिकल कालेज बांदा भेज दिया। है। जानकारी के मुताबिक मृतक की एक पुत्री और दो पुत्र हैं, इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी रानी देवी सहित बच्चे व पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

## समाजसेवी प्रदीप निगम लाला को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** समाजसेवी और शिक्षा के क्षेत्र में वंचितों के लिए अपना योगदान देने वाले प्रदीप निगम लाला की शोक सभा सोमवार को आयोजित की गई, इसमें परिवार के लोगों के साथ ही समाज के गणमान्य लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत प्रदीप निगम को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।




सेवा भाव की राजनीति करने वाले प्रदीप निगम लाला 1986-87 छात्र संघ के अध्यक्ष बने और शैक्षिक वातावरण का सुधार किया तथा युवाओं के प्रेरणा स्रोत विवेकानंद की आदमकद मूर्ति की स्थापना की बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय सदस्य रहे इसके साथ ही एनएसयूआई के प्रदेश संगठन मंत्री रहे इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे व समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष भी रहे खिलाड़ियों के बीच भी उनकी पहचान बास्केटबॉल के कोच के रूप में रही बाल्मिक समाज की गरीब कन्याओं के विवाह में प्रतिवर्ष विशेष योगदान के लिए वह पहचाने जाते हैं इतना ही नहीं खाई पर की भैंसे मंडी हटाओ आंदोलन से लेकर मुक्तिधाम की स्थापना तक उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा विगत 24 दिसम्बर को उनका निधन हो गया। धीर गंभीर एवं हंसमुख स्वभाव के सोमवार को निज निवास में शोक सभा जनपद नगर के साथ ही दूर दराज से भी लोग पहुंचे। लोगों ने प्रदीप निगम के के जीवन दर्शन को सभी के सामने रखते हुए समाज की सेवा के प्रति उनके समर्पण और शिक्षा के मंदिर को बचाने के लिए किए गए उनके योगदान का उल्लेख करते हुए भावपूर्ण स्मरण के साथ अपनी शोक संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर चित्रकूट शक्तिपीठ के डॉ रामनारायण त्रिपाठी सुरेंद्र पाठक विधायक प्रकाश द्विवेदी अशोक सिंह गौर समीम बांदवी पंकज भगवान नीरज निगम शीलू बॉस शिवपूजन गुप्ता योग गुरु प्रकाश साहू विजय निगम अमितेंद्र श्रीवास्तव अमित गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति सहित गायत्री परिवार उपस्थित रहा।

## कृषि विश्वविद्यालय में कृषक प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** बांदा कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा व इक्रीसेट, हैदराबाद के संयुक्त परियोजना ष्भारत में उच्च उपज एवम जल्दी पकने वाली किस्मों और संकर किस्मों को बढ़ावा देकर अरहर का उत्पादन एवम उत्पादकता बढ़ानाष् के अंतर्गत प्रशिक्षण एवम प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया स इस परियोजना में चयनित बांदा एवम चित्रकूट जनपद के 40 किसानों ने अरहर की उत्पादकता कैसे बढ़ाये विषय पे प्रशिक्षण एवम प्रक्षेत्र दिवस में प्रतिभाग किया स कार्यक्रम में किसान वैज्ञानिक संवाद में किसानों ने अपने खेत में परियोजना द्वारा प्रदत्त अरहर की प्रजातियों के विषय में वार्ता की और बताया अरहर हमारे आय को बढ़ाने वाला एक बेहतरीन माध्यम है जो विश्विद्यालय से हमे प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम की शुरुआत कृषकों व मुख्य अतिथि अधिस्थता कृषि महाविद्यालय, डॉ. जी एस पवार के स्वागत से हुआ। इस अवसर पे अध्यक्ष, पादप प्रजनन विभाग, डा. मुकुल कुमार ,सहायक निदेशक शोध, डॉ. अरुण कुमार , परियोजना अधिकारी, डा. हितेश कुमार , डा. अर्जुन प्रसाद वर्मा (सह परियोजना अधिकारी) भी उपस्थित रहे।




विभागाध्यक्ष, डा. मुकुल कुमार ने किसानों को बताया कि इस परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड में जल्दी व कम समय में पकने वाली किस्मों को प्रचलित करके किसानों की आय को बढ़ाना मुख्य उदेश्य है। परियोजना अधिकारी डा. हितेश कुमार ने परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी स अरहर में लगने वाले विभिन्न कीटो एवम बीमारियो के बारे में भी प्रकाश डाला स साथ ही अरहर में होने वाले विभिन्न उन्नत तकनीकियों के बारे में जानकारी दी।सहायक निदेशक शोध, डा. अरूण कुमार ने किसानों को आग्रह किया कि विश्वविद्यालय की नवीनतम तकनीकियों को अधिक से अधिक से अपनाकर कर लाभ प्राप्त किया जा सकता हैं। प्रक्षेत्र दिवस में मुख्य अतिथि एवम सह परियोजना अधिकारी डा. जीएस पवार ने अरहर में लगने वाले घासो का नियंत्रण, अरहर का आयअर्जन में भूमिका, पोषण में महत्व व दाल उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने के बारे में महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ अर्जुन प्रसाद वर्मा द्वारा दिया गया।

## बिठूर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस आयुक्त द्वारा किया गया निरीक्षण, परखी सुरक्षा





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 8 जनवरी को बिठूर स्थित इटरनिटी होटल में आयोजित विधान मंडल दल की महिला सदस्यों के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ उत्तराखंड के विधानसभा अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी भाग ले रहे हैं।

आज दिनांक 06.01.2025 को आगामी वीवीआईपी कार्यक्रम की तैयारियों के तहत पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा थाना बिठूर स्थित सिंहपुर क्षेत्र में इटरनिटी होटल, हैलीपैड, पार्किंग और रूट व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस आयुक्त लॉ एण्ड ऑर्डर हरीश चन्दर , पुलिस उपायुक्त पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। पुलिस आयुक्त ने तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## कानपुर बर्रा पुलिस ने परीक्षा सालवर को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** बर्रा थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ सेंट्रलाइज ग्रुप डी की प्रतियोगी परीक्षा में एक परीक्षा साल्वर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सरदार पटेल पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल की सूचना पर साल्वर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आज बर्रा स्थित सरदार पटेल पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ सेंट्रलाइज की ग्रुप डी की परीक्षा हो रही थी। परीक्षा के दौरान साय पाली में एक परीक्षार्थी का बायोमैट्रिक मेल नही खाने के फल स्वरूप पूछताछ विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान परीक्षार्थी से पूछताछ के दौरान और दस्तावेजों के मिलान पर पाया गया कि एक व्यक्ति गौरव सिंह पुत्र सुरेन्द्र पाल सिंह निवासी बैंक आफ बडौदा के पीछे वाली गली मोहल्ला नकटिया चेतना कालोनी थाना केन्ट जनपद बरेली द्वारा पैसे लेकर फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कराकर उपरोक्त परीक्षा में अनुक्रमांक 4072160360 अभय प्रताप सिंह पुत्र सदर सिंह निवासी विधूना रोड



छिवरामऊ कन्नौज के बजाय में परीक्षा दे रहा था।

जिसका बायोमैट्रिक का मिलान न होने पर पकड़ में आया। उपरोक्त व्यक्ति द्वारा पूछताछ में अपना जुर्म कबूलते हुये पैसे के लालच में एसा करना बताया गया। उपरोक्त विवेचना में साक्ष्यों के आधार पर धारा 61(2) बीएनएस व 11/13 (5) उ0 प्र0 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 की बढ़ोत्तरी की गयी। उपरोक्त विवेचना धारा बढ़ोत्तरी के बाद सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता द्वारा करते हुये अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।

## यूको बैंक ने मनाया अपना 83वां स्थापना दिवस

**● - ग्राहको की सुविधाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरने का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात

**बाँदा।** देश के पहले हिंदी भाषा मे कार्य करने वाले बैंक के रूप मे यूको बैंक का नाम प्रथम है । देश मे जब अंग्रेजो का शासन था तब 1942 मे भारत छोडो आंदोलन के बाद एक भारतीय बैंक की परिकल्पना की गयी थी । इसकी स्थापना 1943 मे कलकत्ता मे हुयी थी, वर्तमान समय मे यूको बैंक की देशभर मे 3230 से अधिक शाखाये है जो देश के साथ विदेशों मे इस बैंक की कई शाखायें है। बाँदा मे इसकी शाखा की स्थापना 2012 मे खोली गयी थी आवास विकास मे , आज वर्तमान मे इस बैंक का व्यवसाय लगभग 37 करोड से अधिक है और कई तरह की योजनाओं से स्थानीय निवासी लाभान्वित हो रहे है इस बैंक की प्रमुख योजनाओ मे होम लोन है जिसमे 8.3 प्रतिशत ब्याज है। वहीं कार लोन मे भी 8.45 प्रतिशत लोन है जबकि महिलाओं के लिये भी कई आर्कषक योजनायें बैंक द्वारा प्रमुखता से संचालित हो रही है । यूको बैंक की आवास विकास शाखा के शाखा प्रबंधक योगेश कुमार बरसैंया ने आते ही बैंक के पुराने ग्राहकों के साथ साथ कई नये ग्राहको को भी बैंक के साथ जोडा और बैंक के व्यवसाय को जबरदस्त तरीके से बढाया , और उनके साथ सहयोगी के रूप मे सहायक शाखा प्रबंधक पंकज सिंह ने भी लगातार बैंक की प्रगति मे साथ दिया । आज स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा प्रबंधक योगेश कुमार ने बैंक के लगभग आधा सैकडा ग्राहकों के साथ मिलकर



केक काटा और बैंक का स्थापना दिवस मनाया ।एक सादे समारोह मे बैंक के सभी कर्मचारी और ग्राहक भी इस अवसर पर बैंक के साथ रहे, योगेश कुमार ने आये हुये ग्राहको को बैंक की कई योजनाओं की जानकारी दी और बैंक द्वारा निरन्तर प्रगति का वादा किया । आज के स्थापना दिवस कार्यक्रम मेबैंक के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे और प्रमुख ग्राहको मे डा. आर पी गुप्ता, नमिष, संदीप, राजेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## सिद्धनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव का आयोजन

**● - वार्षिकोत्सव पर हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** महान संत योगीराज महर्षि सिद्धनाथ की स्मृति में संचालित सिद्धनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदेहदू ब्लाक बिसंडा में दसवां वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद उपस्थित रहे। मंत्री ने छात्रों व जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय संघर्ष और त्याग के कारण राममूरत सिंह जो इस गांव के पूर्व प्रधान रहे हैं के संकल्प का परिणाम है बच्चों के द्वारा प्रस्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रमों की उपलब्धियां यह सिद्ध करती हैं कि यहां के शिक्षक पूर्ण मन योग के साथ उत्तम शिक्षा प्रदान कर रहे हैं जिस विद्यालय का इतना कुशल प्रबंधन और शिक्षकों के अंदर गुरुकुल जैसा स्वभाव संकल्प हो वहां के बच्चे निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे जो आज यहां आकर मुझे देखने को मिला उपस्थित ग्रामीणों की मांग पर राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कोर्रम से भदेहदू तक नहर पटरी के डामरिकरण करने की मांग को पूरा कराया जाने की घोषणा की। जिससे उपस्थित जन समुदाय में हर्ष की लहर दौड़ गई। संपर्क मार्ग के धार्मिक कारण होने से जहां विद्यालय आवागमन में बच्चों को सुविधा होगी वहीं जो बालिकाएं आठवीं के बाद शिक्षा नहीं ग्रहण कर पाती हैं उनके लिए एक सम सहज सरल मार्ग उपलब्ध हो सकेगा विद्यालय के संस्थापक और समग्र विकास के लिए समर्पित लोकप्रिय पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कंप्यूटर कक्ष नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण किया और उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के 20 ग्रामों को उत्तम शिक्षा प्राप्त हो सकेगी जिस विद्यालय की स्थापना स्वर्गीय जग्गू सिंह पटेल की 6 बीघा भूमि के दान देने के बाद प्रबंधक राममूरत जी ने प्रताप सिंह सचान की प्रेरणा से किया आज यह स्कूल अपने पूर्ण विकास की अवस्था में है जिसे देख के मैं गौरवान्वित हो रहा हूं जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने सांस्कृतिक कला मंच के निर्माण की परिस्थितियों को देखते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया तथा पात्र गरीबों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया कम्बल वितरण राजस्व विभाग एवं देवी आपदा के प्रयास से 13 00 कंम्बलो का वितरण राजस्व विभाग की टीम के लेखपाल,सचिव, पंचायत मित्र, ग्राम प्रधान, नायब तहसीलदार और एसडीएम बबेरू नमन मेहता की देखरेख में माननीय जनप्रतिनिधि गणों की गरिमामयी उपस्थिति में वितरण किया गया जिसे पाकर गरीबों के चेहरे में खुशी के लहर दौड़ गई मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वह सांस्कृतिक कार्यक्रम के सुंदर प्रस्तुतियों को देखकर उन बच्चों को भी विद्यालय परिवार द्वारा माननीय सांसद आरके सिंह पटेल जी के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया । बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य प्रताप सिंह सचान जी के द्वारा किया गया अध्यक्ष




सुनील पटेल ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय भले ही अभी विकास के लिए बहुत कुछ अवसर चाह रहा है मेरे द्वारा जो भी संभव का मैं मदद करूंगा। गौ सेवा समिति के प्रमुख संजय सिंह प्रबंधक द्वारा बच्चों और विद्यालय के उत्साहवर्धन के लिए हर प्रकार का सहयोग देने का वचन दिया। पटेल सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुंगीप्रसाद पटेल,महामंत्री विजय राम जी, योगाचार्य रमेश सिंह पटेल विद्यालय के प्रधानाचार्य गजराज कुशवाहा विजय प्रकाश पटेल शिक्षक , अरविंद पटेल, सुरेंद्र पटेल , बलवीर सिंह कुशवाहा पवन पटेल कुर्रा आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन कैरी निवासी सुमन सिंह पटेल द्वारा किया गया। आए हुए सभी अतिथियों का आभार विद्यालय के प्रबंधक आदरणीय राममूरत पटेल द्वारा किया गया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख और हनुमत पीठ लोहार तलैया अजयगढ़ मध्य प्रदेश के मंडलेश्वर गया बाबा जी अपने संघर्ष की गाथा को प्रस्तुत करते हुए राममूरत (भउआ) कि प्रश्नों की भूर भूर सराहना की और हर प्रकार के सहयोग का वचन दिया कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के स्टाल नमामि गंगे परियोजना, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर इत्यादि सकुशल सम्पन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर प्रार्थना सभा का आयोजन





**कानपुर।** सिख धर्म के 10वें और अंतिम गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के पावन अवसर पर दिनांक 06.01.2025 को थाना स्वरूपनगर स्थित मोतीझील प्रांगण में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार , सिख धर्म के सम्मानित जन-प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान गुरु गोविंद सिंह जी की शिक्षाओं, बलिदान और उनके महान योगदान को याद किया गया। यह आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक प्रेरणा का प्रतीक रहा।

### श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर एडीजी सेंट्रल ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा की आध्यात्मिक सहभागिता





**कानपुर।** सिख धर्म के 10वें और अंतिम गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के पावन अवसर पर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी जी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल राकेश त्रिपाठी ने सिख धर्म के सम्मानित जन-प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कड़ाके की ठंड में बेहाल असहायों को विधायक ने ऊनी कंबल बांटे




**नरैनी/बांदा।** कड़ाके की ठंड में बेहाल असहायों को विधायक ने ऊनी कंबल बांटकर राहत पहुंचाई। कंबल पाकर वृद्ध महिलाओं के चेहरे खिल गए। स्थानीय तहसील स्थित नीलकंठ सभागार में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर विधायक ओम मणी वर्मा ने लगभग एक सैकड़ा असहाय और जरूरत मंद बुजुर्गों को कंबल बांटे।विधायक ने कहा डबल इंजन सरकार की मंशानुरूप समाज के अंतिम व्यक्तियों के उदय हेतु योजनाओं का संचालन कर रही हैं। आपदा एवं राहत विभाग द्वारा आवंटित राजस्व विभाग के लगभग एक सैकड़ा कंबल क्षेत्रीय विधायक ओम मणी वर्मा के नेतृत्व में गरीब असहायों को कंबल बांटे गए हैं। विधायक ने बताया कि सरकार समाज की अंतिम पंक्ति के लोगों को रोटी, कपड़ा, मकान सहित उनके स्वावलंबन हेतु लगातार कार्य कर रही है । कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया कि तहसील क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षकों को प्रत्येक गांव में कंबल वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है सभी असहाय और जरूरत मंद बुजुर्गों और वंचितों को पारदर्शी तरीके से कंबल बांटे जा रहे हैं । बताया कि सभी हल्का लेखपालों द्वारा पात्र लोगों का जियो टैग करके कंबल वितरण किया जा रहा है । कार्यक्रम में तहसीलदार संतोष कुमार , नायब तहसीलदार यशपाल यादव एवं हेमंत पटेल , सदर लेखपाल लालमन सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पाण्डेय , विधायक प्रतिनिधि राकेश दीक्षित,भाजपा नेता कुलदीप त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण तिवारी, राघवेंद्र त्रिपाठी , शैलू शुक्ला , अखिलेश त्रिपाठी सहित लाभार्थी उपस्थित रहे ।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का जनपद न्यायाधीश ने किया शुभारम्भ



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में स्थित वीडियो कान्फ्रेसिंग भवन में मॉ सरस्वती के प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्वलन के साथ विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय के सदस्यो के 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह ने शुभारम्भ किया। जनपद न्यायाधीश ने गठित कमेटी में विभिन्न सरकारी संस्थाओं व गैर सरकारी संस्थाओं के रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रथम दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें सम्बन्धित को मानसिक बीमारी और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक तथा उनके लाभ दिलाने हेतु प्रेरित किया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कानूनी सेवाएं योजना, 2024, संरचना का संक्षिप्त अवलोकन एवं प्रमुख विशेषताए के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। बाल संरक्षण अधिकारी, बाल संरक्षण इकाई, जय प्रकाश तिवारी, जिला मेडिकल कॉलेज, देवरिया के चिकित्सक/प्रवक्ता डा0 अम्बू पाण्डेय, विशेष प्रशिक्षक सत्य प्रकाश सिंह व रामप्रसाद पाठक ने प्रकाश डाला।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आज

**देवरिया 6 जनवरी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने बताया है कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत वन स्टॉप सेंटर, देवरिया में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## ब्लाक परिसर में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन





**● - ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**बबेरू/बांदा।** बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कमासिन ब्लाक परिसर में सोमवार को एकदिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन कमासिन ब्लाक प्रमुख रविंद्र कुमार गर्ग की अध्यक्षता पर संपन्न किया गया। जिसमें किसानों को रासायनिक उर्वरक की आने को लाभकारी योजनाओं की जानकारी, कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक चंचल सिंह ने भूमि सुधार, कीटनाशक, खरपतवार, से संबंधित किसानों को जानकारी दिया, और बताया की रासायनिक उर्वरक के प्रयोग के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है, तथा इसी तरह अधाधुंध प्रयोग होने से एक दिन जमीन ऊसर में बदल जाएगी। इसलिए आप लोग जैविक उर्वरक का प्रयोग करके जमीन को उपजाऊ बनाकर अच्छी पैदावार करें।

वहीं पशुपालन विभाग से आए शिवकरण साहू ने किसानों को बताया की दुधारू मवेशी पालकर दूध का धंधा करके, आर्थिक स्थिति सुधार सकते है। तथा किसानों से अपील किया है, कि अपने अन्ना पशुओ को ना छोड़े तथा जो अन्ना पशु जो घूम रहे हैं उनको गांव गौशाला में संरक्षित करवाए, वहीं किसानों को कई प्रकार से लाभ के बार में जानकारी दिया तथा उपयोगी सब्जी बागवान की उद्यान विभाग से संचालित लाभकारी योजनाओं की जानकारी दिया है।

वहीं ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र गर्ग के द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का किसान लाभ ले रहे है, निशुल्क बीज वितरण व नगद अनुदान काटकर इस वर्ष आधे दामों में बीजों का वितरण किया गया है। इसलिए सरकार की योजनाओं का लाभ ले इस मौके पर कृषि विभाग से संबंधित गोदाम प्रभारी अभय नायक,अजय कुमार यादव, इफको मकबूल खान ,शत्रुघ्न सिंह, अरुण कुमार, विपिन पटेल ,दीनानाथ यादव, प्रवीण कुमार, प्रेम प्रकाश, संदीप कुमार, राजेंद्र कुमार, आदि कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में महिला पुरुष किसान मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बाइक को बचाने के चक्कर में भैंसों से भरी पिकप गहरी खाई में गिरी



**निगोही शाहजहांपुर** निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम गन पतपुर के निकट बाइक को बचाने से हुआ हादसा पुवाया से निगोही को आ रही थी पिकप निगोही की तरफ से बाइक सवार आ रहा था बाइक सवार ने बिना इंडिकेटर दिए बाइक को मोड़ दिया जिसके कारण पिकप का ड्राइवर घबरा गया और बाइक सवार को बचाने के चक्कर में 10 पीट गहरी खाई में पिकप गिरी जाके पिकप में चार भैंस और चालक सहित भैंस मालिक बैठा था चालक आजम खां और महबूब पुत्र चांद खा को काफी गहरी चोटें आई हैं दोनो युवकों का निगोही सीएचसी पर इलाज चल रहा है दोनो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## घने कोहरे में ईंटों से भरी ट्राली से टकराई बस कई घायल



**शाहजहांपुर/** जनपद में खुटार थाना क्षेत्र के तिकुनिया चौराहे पर घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें ईंट से भरी ट्राली और सवारियों से भरी बस के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। इस हादसे के दौरान बस में सवार लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए, जिन्हें तत्काल खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद खुटार थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बस को क्रेन की मदद से साइड में करवाया. बस नेपाल से चंडीगढ़ जा रही थी, लेकिन घने कोहरे के कारण यह हादसा हो गया। पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर घायलों को खुटार के सीएचसी में भर्ती करवाया है जिसमें तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## घर लौटते समय सड़क हादसे में पत्रकार हुए घायल



**कोरांव प्रयागराज।** बीती रात रविवार को प्रयागराज से अपने घर लौटते समय चार पहिया एवं डंफर में भिड़ंत हो गई। जिसमें हिंदी दैनिक अखबार के रिपोर्टर चोटिल हो गए और डंफर मौके से भाग निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार खपटिहा खीरी निवासी मुकेश द्विवेदी और राजेश सिंह दोनों हिंदी दैनिक अखबार के रिपोर्टर है। रविवार को देर रात प्रयागराज से कार्य को समाप्त कर अपने घर की ओर आ रहे थे तभी तेज रफ्तार डंपर ने खीरी थाना क्षेत्र के कौदी के पास उनके चार पहिया वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बैठे दोनों पत्रकार और उनके सहयोगी वेद प्रकाश को चोट आई। आनन फानन में सभी चोटिल लोगों को कोराव ले जाया गया। चोट अधिक होने के कारण डॉक्टरों द्वारा उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जिसमें राजेश सिंह को गहरी चोट आई जिनका इलाज प्रयागराज के बड़े अस्पताल में चल रहा है और साथ ही साथ मुकेश और वेद प्रकाश को चोट लगी है।

## जिलाधिकारी ने सीएचसी बेवा का निरीक्षण किया

**सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवा डुमरियागंज का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष को देखा गया। प्रभारी एमओआईसी डॉ विकास चौधरी द्वारा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को जानकारी दी गई कि इस कक्ष में एक दिन पूर्व सायं के समय कुछ दंबगों द्वारा आकर स्टाप को धमकी देते हुए उनके साथ अभद्रता की गई। एमओआईसी द्वारा बताया गया कि इसकी सूचना थाना डुमरियागंज को मेरे द्वारा दे दिया गया है। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा इस पर एक्शन लेते हुए पुलिस अधीक्षक से वार्ता की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जो दंबगो द्वारा अस्पताल के अन्दर आकर दंबगई की गयी है उनके उपर कड़ा एक्शन लेकर जेल भेजा जायेगा। इसके बाद एनबीएसयू कक्ष को देखा गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश। साथ ही साथ सीएचसी बेवा का नाम भवन पर बड़े अक्षरों में लिखाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रभारी एमओआईसी को निर्देश दिया कि घटना की तहरीर थाना डुमरियागंज पर देने का निर्देश दिया।

# गर्दन फंसते देख नही दी जा रही वांछित सूचनाए आर टी आई का उडाया जा रहा मखौल

**● जिम्मेदार अफसर और लेखपाल की मिलीभगत से बाढ राहत पैकेज के नाम लाखो का गोलमाल-आरोप**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला जनपद खीरी की तहसील धौरहरा का है। जहां पर गत कई वर्षो से जमे एक चर्चित लेखपाल ने अपने आला अफसरो से मिलीभगत करके दूसरी तहसील के लोगो के आधार कार्ड लगाकर फर्जी नामो से बाढ राहत राशि का पैसा निकालकर भारी भ्रष्टाचार किए जाने का मामला सामने आया है।यह इन लेखपाल साहब के काले कारनामो का पहला मामला नही है।इससे पहले भी इनके विरुद्ध फर्जीवडा किये जाने के आरोप अखबारी सुर्खिया बने थे। जिसमे न्यायालय के आदेश पर इन जनाब के खिलाफ संगीन धाराओ मे मुकदमा भी दर्ज किया गया था । उस मा.ले मे भी यह साहब वादी मुकदमा को मेनेज करने मे सफल रहे थे।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार हर साल की तर्ज पर इस वर्ष घोटालेबाज लेखपाल साहब ने तहसील के आला हुक्मरान से साठगांठ कर उनके संरक्षण मे बाढ राहत राशि वितरण मे जमकर फर्जीवडा करके करोडो की सरकारी धन राशि डकार लिये जाने के आरोपो का सिलसिला थमने का नाम ही नही ले रहा है। सूत्र बताते है कि कथित लेखपाल संघ के अध्यक्ष और घपले और घोटाले के लिए बहुचर्चित धौरहरा तहसील मे तैनात व बाजीगरी के आंकड़ो की बाजीगरी मे महारथ हासिल लेखपाल साहब ने तहसील सदर लखीमपुर के गावो व शहर के लोगो के नाम भारी धनराशि निकाल कर बंदरबाट कर ली गई । यह आरोप मेरे नही बल्कि राहत राशि का लाभ पाने वाले लोगो के है।

जब मा.ले की जानकारी अमरभारती टीम को हुई तो अमर भारती संवाददाता ने जब अपनी टीम के साथ जमीनी पडताल की तो मामले की हकीकत खुलकर सामने आते ही पैरो के तले की जमीन खिसक गई। पता चला ऐसे एक दो नही दर्जनो लोग है।जिनके आधार कार्ड लगाकर बाढ राहत की भारी भरकम धनराशि हजम की गई है उक्त मामले की और गहराई तक जाने की मंशा से जब सूचना का अधिकार अधिनियम केतहत तहसील धौरहरा के जन सूचना अधिकारी से जानकारी चाही गई ।जिसमे अपनी गर्दन फंसते देख वांछित सूचनाए भी नही दी जा रही है।

यह लेखपाल साहब काफी दबंग व रसूखदार और एस डी एम के बेहद करीबी खास-खास बताये जाते हे ।लोगो कातो यहां तक कहना है असली भले कोई हो लेकिन जमीनी हकीकत मे इन्ही लेखपाल साहब का राज चलताहै इनकी बगैर मर्जी के तहसील धौरहरा मे पत्ता तक नही हिल सकताहै। जिसके चलते इन जनाब ने अकूत नामी बेनामी संपत्ति बनाई डाली है। यदि इनकी करा ली जाय संपत्ति की जांच तो बडे भ्रष्टाचार का खुला होना तय है।और साहब के स्वीमिंग पुल का भी राजफाश होना तय माना जा रहाहै। अगले अंक मे ना लेखपाल कानाम केसाथ साथ-साथ उन फर्जी बाढ राहत राशि का अनुचित लाभ लेने वाले लोगो के नामो- का भी खुलासा किया जायगा। सूचनाए न दिये जाने आहत याची ने प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष प्रथम अपील प्रस्तुत करने की बात बताई गई हे।

# पकौड़ी मांगने पर बच्चे के चेहरे पर दुकानदार ने फेका खौलता तेल

**● गर्म तेल से बालक का झुलसा चेहरा। पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल**

स्वतंत्र प्रभात

**धौरहरा खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के परौरी गांव में एक दुकानदार ने बच्चे के पकौड़ी मांगने पर उसके चेहरे पर खौलता तेल उड़ेल दिया।जिससे बच्चा काफी झुलस गया।मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज ा है।

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गांव परौरी निवासी आठ वर्षीय विकास पुत्र धनीराम खेलते हुए गांव में ठेलिया पर पकौड़ी बेचने वाले सुरेश पुत्र श्रीप्रकाश के पास पहुंच गया। और पकौड़ी बना रहे दुकानदार से पकौड़ी मांगने लगा।पहले दुकानदार ने उसे मना किया।जब बच्चे ने फिर पकौड़ी मांगी तो उस पर खौलता तेल उड़ेल दिया।

जिससे बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया।घठना की सूचना पर पहुंचे कफारा चौकी इंचार्ज अजय सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर बच्चे को मेडिकल के लिए भेज दिया।इस मामले में जानकारी देते हुए



प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।आरोपी को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# एक युवक ने बचाई दूसरे युवक की जान, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**पलियाकलां-(खीरी)** बलराम पुत्र शम्भू दयाल उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी बासुकपुर, थाना-मैलानी, जनपद-खीरी अपने बहनोई राजपाल निवासी कटैया, थाना-भीरा के यहाँ सरसों की फसल को बचाने का कार्य करने आया था। वह दिनांक 05.01.2025 की सायं में किशनपुर वन्य जीव विहार, मैलानी-खीरी की किशनपुर रेंज के कटैया स्थित जंगल से लगे खेत में सरसों को बचाने का कार्य कर रहा था। उसी समय जंगल से निकले बाघ द्वारा उस पर आक्रमण करने का प्रयास किया गया। उसी समय उधर से निकल रहे नन्हें पुत्र श्री लालजी निवासी ग्राम कटैया, थाना-भीरा, जिला-खीरी की नजर बलराम की तरफ पड़ी। बिना डरे वहां से भागने के बजाए श्री नन्हें द्वारा हल्ला मचाया जाने लगा। शोर के कारण बाघ वापस गन्ने में चला गया। इस प्रकार नन्हें की सूझबूझ एवं निडरता के कारण बलराम पर आया खतरा टल गया। हालांकि बाघ के आक्रमण करने के प्रयास में बलराम के हिप व पैर में पंजे के निशान लग गए। इस कारण बलराम बुरी तरह से भयभीत हो गया। जानकारी प्राप्त होते ही किशनपुर रेंज स्टाफ संक्षम स्तर को सूचना देते हुए तत्काल प्रभाव से घटना स्थल पर पहुँचकर ग्रामीणों की मदद से बलराम को प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र बिजुआ ले जाया गया। प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत चिकित्सकों द्वारा बलराम को सुरक्षित बताया गया।

घायल बलराम की नन्हें द्वारा अपनी सूझबूझ एवं निडरता से बचाव किए जाने के कारण नन्हें को दुधवा पार्क प्रशासन के सक्षम उच्च स्तर के निर्देशन में धर्मेन्द्र द्विवेदी, वन्य जीव प्रतिपालक, किशनपुर द्वारा कंबल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि जंगल से सटे क्षेत्र के खेतों में ग्रामीण समूह में जाएं




विशेषकर सायं एवं प्रातःकाल में तथा सावधानी बरतें, जिससे कि इस प्रकार की घटनाएं घटित न होने पाएं। यह जानकारी उपनिदेशक दुधवा पार्क डॉक्टर रंगा राजू टी ने दी।साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि जंगल से सटे क्षेत्र के खेतों में ग्रामीण समूह में जाएं विशेषकर सायं एवं प्रातःकाल में तथा सावधानी बरतें, जिससे कि इस प्रकार की घटनाएं घटित न होने पाएं। यह जानकारी उपनिदेशक दुधवा पार्क डॉक्टर रंगा राजू टी ने दी।

# पीलीभीत घुंघचाई पड़ने लगी कड़ाके की ठंड, लोगों ने लिया अलाव का सहारा

स्वतंत्र प्रभात

**पूरनपुर।** मौसम का मिजाज बदलने से ठंडक बढ़ने लगी है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सुबह और शाम अलाव के तापते नजर आने लगे हैं। अपने घरों में लोगों रजाईयां निकाल ली हैं। बच्चे और बुजुर्ग भी घरों से स्वेटर आदि पहनकर निकलने लगे हैं। ठंड के चलते शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने सुबह तड़के और देर शाम को अलाव जलाना शुरू कर दिए हैं। सुबह और शाम ठंड से बचने के लिए लोग अलावा तापते और दिन में धूप सेंकते नजर आने लगे हैं। बस स्टैंड, प्राइवेट बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्री भी गर्म कपड़ों में दिखने लगे हैं। वहीं बच्चे भी स्वेटर पहनकर स्कूल जाते देखे जा रहे हैं ठंड की वजह से ही लोग रात को अपने घरों में रजाईयां या कंबल ओढ़कर सो रहे हैं। एक दो दिन से लगातार मौसम में हुए परिवर्तन से ठंड का असर दिखाई दे रहा है। मौसम में ठंड के दस्तक देते ही बाजार में कपड़ों की मांग बढ़ गई है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को गर्म कपड़ों से सजा लिया है। कई दुकानदारों ने फुटपाथ पर गर्म कपड़ों को रखकर बेच रहे हैं। गर्म कपड़े खरीदने वालों की काफी भीड़ भाड़ बाजार में दिख रही है।

**सर्दी के कपड़ों से सजे बाजार**



सर्दी में ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का बाजार सजकर तैयार हो गया है। शहर की बड़ी दुकानों में गर्मियों के दिनों में पहनने वाले कपड़े हटाकर सर्दियों के गर्म कपड़ों से सजा दी गई हैं। कई दुकानदारों ने सड़क किनारे गर्म कपड़ों की दुकानें लगाई हैं। तो फुटपाथ पर भी कुछ दुकानदार गर्म कपड़ों को रखकर बेच रहे हैं। इस समय बाजार में नई-नई डिजाइन की जैकेट, सदरी, ऊनी स्वेटर, शाल, कार्डिगन, टोपी आदि की मांग बढ़ गई है। सुबह से लेकर शाम तक बाजार में काफी भीड़ भाड़ दिखाई दे रही है। लोग गर्म कपड़ों को खरीदने में लगे हुए हैं। फुटपाथ की दुकानों से लेकर बड़ी दुकानों पर लोग ठंड से बचने के लिए जमकर गर्म कपड़े खरीद रहे हैं।

**कोहरे और ठंड से प्रभावित हो रहा जनजीवन**

पूरनपुर पीलीभीत क्षेत्र में चार दिनों से कोहरे और ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है। ठंड के कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। कल दोपहर चार दिन के बाद सूर्य के दर्शन हुए। इसके बाद भी दिनभर ठिठुरन रही। इस कारण लोगों को दिन में भी अलाव का सहारा लेना पड़ा। नगर परिषद ने भी जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था की है। पहले ठंड कम पड़ रही थी इसलिए लोगों के द्वारा कोई इंतजाम नहीं किए गए अचानक बड़ी ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त इस कारण लोग अपने स्तर पर कूड़ा-करकट बीनकर अलाव जलाकर सर्दी से बचने के जतन कर रहे हैं। इसमें लोग प्लास्टिक तक जला रहे हैं, जो पर्यावरण में जहरीला धुआं छोड़ रही है। कुछ स्थानों पर बेकार पड़े टायरों को भी जलाकर ठंड भगाई जा रही है जो बदबू के साथ पर्यावरण पर विपरीत असर डाल रहे हैं।

# "खबर का हुआ बेहतरीन असर"

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** सोशल मीडिया के माध्यम से राजापुर गांव में खेलते समय गेंद से एक बच्चे (नारायण पुत्र साधुराम) को आंख में चोट लगने और पैसे के अभाव में आंख का ईलाज न करा पाने की सूचना प्रसारित हुई, सूचना का त्वरित संज्ञान लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह को चोटिल बच्चे का समुचित इलाज कराने हेतु निर्देशित किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर उप जिलाधिकारी (सदर) अश्विनी कुमार सिंह के नेतृत्व में नायब तहसीलदार सुनील कुमार और उनकी पूरी राजस्व टीम चोटिल बच्चे को जिला चिकित्सालय ओयल लेकर पहुंची, जहां नेत्र रोग विशेषज्ञ ने समुचित इलाज करते हुए जरूरी औषधीय प्रदान की। चिकित्सक के अनुसार बच्चे की स्थिति सामान्य है, कोई भी गंभीर चोट नहीं है। तहसील प्रशासन ने चोटिल बच्चे को गर्म कपड़े, कंबल, खाद्य सामग्री और आर्थिक सहायता प्रदान की। इलाज के उपरांत




अधिकारियों की टीम ने बच्चें को उसके घर पहुंचाया और परिवार को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया।

# हाइवे किनारे ईंट भट्ठा संचालकों ने ईंटों के ढेर लगाकर किया अतिक्रमण

**● बड़े हादसे के इंतजार में बैठा प्रशासन और पुलिस, नोटिस देने के बाद भी नहीं हटाया अतिक्रमण**

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**जनपद के निगोही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश बेअसर साबित हो रहे हैं। न अफसरों को चिंता है न ही किसी जनप्रतिनिधि को। सीएम योगी के सख्त आदेश हैं कि हाइवे किनारे किसी भी तरह का अतिक्रमण न किया जाए, अतिक्रमण करने वालों से सख्ती से निपटा जाए, मगर शाहजहांपुर के अफसर है कि मुख्यमंत्री के आदेशों तक को सीरियस नहीं लेते। ताजा मामला निगोही विकास खंड से जुड़ा है। दरअसल निगोही क्षेत्र के गांव बाबर के पास स्थित ईटभट्ठा स्वामी द्वारा शाहजहांपुर - पीलीभीत नेशनल हाइवे किनारे ही ईंटों का चट्टा लगा रखा है। तकरीबन 50 मीटर तक यहां बड़ी मात्रा में सड़क के बिल्कुल किनारे ही ईंटे लगा रखी हैं। पतराजपुर के निकट ईंट भट्ठा पर भी कच्ची ईटो का चट्टा हाईवे किनारे ही लगा रखा है।

हाइवे किनारे ईंटे लगी होने के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। यदि किसी वक्त दोनों ओर से एक ही समय पर दो बड़े वाहन यहां से निकले तो कोई बड़ा हादसा होने की आशंका रहती है। इससे पहले भी दो हादसों में लोगों ने जान गंवाई थी जो इन ईंटों को लगाए जाने के कारण हुई। इसके बाद भी इन्हें नहीं हटाया गया।



नेशनल हाइवे अथार्टी ऑफ इंडिया (N.H.A.I) के द्वारा इन ईंट भट्ठा स्वामियों को नोटिस देकर इन्हें हटाने के निर्देश दिए गए थे, वक्त बीत गया लेकिन भट्ठा स्वामियों ने ईंटों के भारी भरकम चट्टे नहीं हटाए। निगोही के स्थानीय प्रशासन और पुलिस का ध्यान भी इस ओर नहीं जा रहा है। शायद इन्हें अभी और किसी बड़े हादसे का इंतजार है जिसके बाद इनकी कुंभकर्णी नींद खुलेगी।

# लव जिहाद को लेकर हिन्दू युवा संगठन ने किया पुतला दहन

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/** जनपद में लव जिहाद की लगातार बढ़ रही घटनाओं को लेकर हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है. कलेक्ट्रेट गेट पर हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिले में लगातार हो रही लव जिहाद की घटनाओं को लेकर जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन करने के बाद अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए जिले के तिलहर थाना क्षेत्र की एक हिन्दू बालिका को समुदाय विशेष का युवक साथ ले गया एवं रोजा थाना क्षेत्र में भी एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा एक बालिका को अपने साथ ले गया है इसके मामले दर्ज होने



के बावजूद अभी तक दोनों बालिकाओं की बरामद नहीं हो सकी है। दोनों बालिकाओं के परिजन लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसी को लेकर हिंदू युवा संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने राजेश अवस्थी के नेतृत्व में जिला प्रशासन का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की और चेतावनी देते हुए सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से बालिकाओं को बरामद करने की मांग उठाई साथ ही बालिकाओं की बरामदगी ना होने पर उग्र आंदोलन की धमकी दी है।

# काश सी एच सी अधीक्षक ने की होती ऐसे अस्पतालों पर कार्यवाही तो शायद आज नहीं होती विभाग की किरकिरी

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला सी एच सी क्षेत्र पसगवां के अंतर्गतकस्बा मैगलगंज काहै।जहा पर मेन चौराहे पर बेठा झोलाछापडॉक्टरवसीम शासन के आदेशो की खुलेआममजाक उडाते हुये लोगो की जानजोखिममे डाल रहा है।।लोगों की जुवानी सत्य माने तो यह झोलाछाप डॉक्टर सी एच सी अधीक्षक व विभागीय वजीरअआला के लिए कामधेनु साबित हो रहाहैं। सुत्र बताते है अभी हाल ही एक मामला कस्बा मैगलगंज में इसी झोलाछाप डॉक्टर का सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था।उक्त मामले मे पास के ही गांव की महिला इसी झोलाछाप डॉक्टर वसीम के ईलाज से काल के गाल मे जाते बची थी वह तो परिजनो ने समय रहते महिला कौ शाहजहांपुर के एक अच्छे नर्सिंग होम मे भर्ती कराया तब जाकर काफी ईलाज के बाद उसकी जान बच सकी ।और मामले को धनबल की दम पर मैनेज कर लिया गया।इतना सब होने के बाद भी विभागीय जिम्मेदारो ने इस झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई नही की।जिसके चलते यह झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम बेखौफ होकर लोगो का इलाज करने के साथ-साथ झाड फूंक और दुआ ताबीज देकर मरीजो की जान से खिलवाड कर रहा है।और सी एच सी अधीक्षक साहब मुक दर्शक बने हुए बैठेहै। सूत्रो से मिली जान कारी के अनुसार इन झोलाछाप डॉक्टर से चढ रहे चढावे के चलते सरकर का छापामार अभियान




मैगलगंज मे मात्र छलावा साबित हो रहाहै।यदि जिम्मेदार करे कार्रवाई तो काफी हद तक लगाम लगाई जा सकती हैलेकिन यहा तो पैसा पहाड चढाता है की कहावत चरितार्थ हो रही है।यही नही अभी गत चंद माह पहले एक झोलाछाप डॉक्टर नीरज की क्लीनिक को इन्ही सी एच सी अधीक्षक साहब ने सीज करने की बात कहीथी सलेकिन यह कलीनिक आज भी संचालित हो रही है जो साहब की निष्ठा पर सबाल खडे करने को काफी है।जनता जानना चाह रही है कि आखिर सीज होने के बाद यह क्लीनिक रिओपन किसके आदेश से हो गई। ऐसी कौन सी वैध डिग्री दो दिन .मे मिव गयी जो अस्पताल खुलवा दिया गया। क्यो नही लिखवाई जा रही ऐसे दबंग फर्जी डाकटरो पर।ऐसी कौन सी मजबूरी है जो इन झोलाछाप डॉक्टर पर मुकदमा पंजीकृत नही कराया जा रहाहै।अहम सबाल बना हुआ है।मामले की लिखित शिकायत कर झोलाछाप डॉक्टर को संरझण देने वाले जिम्मेदारो के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की बात सामने आयी है। लेकिन इनके ऊपर आज तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां के अधीक्षक डॉक्टर अश्वनी कुमार वर्मा की नजर पड़ती ही नहीं है इस झोला छाप डॉक्टर पर आज तक कोई कार्यवाही करना तो दूर की बात .बनी है।इस डाक्टरेट पास ना तो कोई वैद्य डिग्री है और ना ही कोई डिप्लोमा फिर भी साहब के कांन पर जूं नहीं रेंग रहा है और इस डॉक्टर के विरुद्ध कोई कार्यवाही न किया जाना जिम्मेदारों के कार्य प्रणाली पर संदेह व्यक्त करने की ओर इशारा करता है। क्या सी एच सी किसी बडी अनहोनी होने के बाद कोई कार्रवाई करं

**वर्जन-**

क्या कहते है सी एच सी अधीक्षक पसगवां डाक्टर अश्वनी वर्मा- जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा मैगलगंज औरंगाबाद बरबर जेबीगंज में फैले झोलाछाप डॉक्टररो के विषय मे जानकारी चाही गयी तो साहब का रटा रटाया जबाब शीघ्र ही कस्बा मैगलगंज में फर्जी तरीके से क्लिनिक संचालित कर रहे डॉक्टरो के विरुद्ध कार्रवाई अमल मे लायी जायेगी।

# भ्रूण हत्या का हब बनता जा रहा कस्बे का शिवा हॉस्पिटल

स्वतंत्र प्रभात

**मैगलगंज खीरी** सूत्रों की माने तो लगभग एक वर्ष में तमाम मामले इस हॉस्पिटल के आ चुके है लोगों के संज्ञान में एबॉर्शन के अलावा यहां किसी बीमारी का कोई इलाज नहीं है- इस अवैध अस्पताल का मामला निकल कर आया है जोकि पसगवां थाना क्षेत्र की एक कुंवारी युवती का जिसकी तहरीर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के यहां दो दिन पूर्व में दी जा चुकी है। लेकिन पुलिस महकमा व स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक इस खूनी अस्पताल के संचालक पर कोई कार्यवाही करने की जहमत नहीं उठाई है सूत्रों के अनुसार लड़की गरीब दलित समुदाय से ताल्लुक रखती है वैसे यह मामला प्रेम प्रसंग का भी हो सकता हैद्व।पर भ्रूण हत्या का लाइसेंस शिवा अस्पताल को किसने दिया यह समझने योग्य विषय है दबी जुबान से लोग यह भी कह रहें है कि लड़के ने अगर प्रेम जाल में फांस कर उसको हवस का शिकार बनाया है तो उसी के साथ उसका विवाह होना चाहिए और दोषी डाक्टर को जेल जाना चाहिए अगर ऐसा न हुआ तो उन शिशुओं को न्याय नहीं मिलेगा जो दुनिया देखने से पहले ही उनका गला इन कातिल डाक्टरों के द्वारा घोंट दिया जाता है।परिजनों का कहना है स्थानीय पुलिस व स्वास्थ्य




विभाग से हमको न्याय नहीं मिलता है तो हम जल्द ही पुलिस अधीक्षक खीरी व जिला चिकित्सा अधिकारी खीरी,व जिला अधिकारी खीरी ,से न्याय की गुहार लगाएंगे। देखना अब यह है कि सी एम ओ खीरी ऐसे अस्पताल संचालक पर कार्यवाही करते है या मामले को यू ही रफा दफा कर दिया जायेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

#### शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए निर्देश



प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-06.01.2025 को डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदया द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

### वाराणसी में दिनांक-25 से 29 दिसम्बर तक आयोजित जोनल पुलिस जूडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में "रजत पदक" प्राप्त किया



जनपद के थाना दुर्गागंज पर नियुक्त उ0नि0 प्रमोद यादव द्वारा 34 बटालियन पीएसी भूल्लनपुर वाराणसी में दिनांक-25 से 29 दिसम्बर तक आयोजित जोनल पुलिस जूडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में "रजत पदक" प्राप्त किया गया है। आज दिनांक-06.01.2025 को डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा उप निरीक्षक प्रमोद यादव को पुलिस कार्यालय में मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया एवं जीत की बधाई दी गई। उप निरीक्षक प्रमोद यादव द्वारा पूर्व में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित पुलिस की अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर मेडल प्राप्त किया गया है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भी उप निरीक्षक प्रमोद यादव को कुश्ती प्रतियोगिता में गोरखपुर केशरी के रूप में गदा व 11 लाख रुपए नगद से पुरस्कृत किया गया है।

### जिला बदर अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



**भदोही** डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उक्त के क्रम में थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा जिला बदर अभियुक्त विकास यादव उर्फ बीक्कू पुत्र विजय यादव उर्फ लल्लू निवासी कस्बा गोपीगंज थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र 26 वर्ष को जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते हुए जनपद में लुक-छुपकर निवास करने के दौरान कस्बा गोपीगंज से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अन्तर्गत धारा-10 उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

### कुंभ मेला के मद्देनजर अंतर्जनपदीय सीमा पर बैरियर लगाकर पुलिस कर रही सघन चेकिंग

**ड्रमंडगंज।** कुंभ मेला की सुरक्षा के मद्देनजर ड्रमंडगंज पुलिस ने मीरजापुर प्रयागराज जिले की अंतर्जनपदीय सीमा पर बैरियर लगाकर आनेजाने वाले वाहनों की सघन जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कुंभ मेला के मद्देनजर अंतर्जनपदीय सीमा पर दुर्जनीपुर गांव बैरियर की स्थापना की गई है। बताया कि बैरियर पर वाहनों को रोककर सघन तलाशी की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों और संदिग्ध वस्तुओं की छानबीन करने के बाद ही प्रयागराज कुंभ मेला के लिए वाहनों को जाने दिया जा रहा है।

## खादी उत्सव" जनपद स्तरीय खादी ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का जिलाधिकारी ने किया भव्य शुभारम्भ

- खादी एक वस्त्र ही नहीं अपितु विचारधारा है-जिलाधिकारी
- हर हुनरमंद हाथों को काम मिले, इस दिशा में खादी बोर्ड सक्रिय हैं-डीएम विशाल सिंह
- जनपदवासियों से डीएम ने 06 से 12 जनवरी तक खादी मेले में घूमने व शॉपिंग करने की अपील
- मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना व अन्य के अन्तर्गत 08 लाभार्थियों को लगभग 1 करोड़ रुपए के डेमो चेक व लोन का किया गया वितरण
- आत्मनिर्भर भारत व वोकल फॉर लोकल को मजबूत करेगा खादी ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी-अमितेश सिंह



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 06 जनवरी 2025/ उ0प्र0खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विभूति नारायण राजकीय इण्टर कालेज ग्राउण्ड ज्ञानपुर में आयोजित खादी उत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित ÷आत्मनिर्भर भारत अभियान÷ के तहत %वोकल फार लोकल% की थीम पर ''जनपद स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी'' (06 से 12 जनवरी तक) जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा चरखे पर सूत कातकर व प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टालों के उत्पादों का अवलोकन व महत्व पर चर्चा किया गया। खादी ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना में नगीना देवी को 2 लाख का डेमो चेक व मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में इशांत शर्मा को एक लाख एवं गुफरान अहमद को 2 लाख का डेमो चेक जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया, साथ ही अन्य पांच लाभार्थियों को भी डेमो चेक व स्वीकृति पत्र दिया गया। कल 30 लाख का लोन का वितरण खादी ग्राम उद्योग विभाग द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि खादी एक वस्त्र ही नहीं अपितु विचार धारा है। आज शासन-प्रशासन खादी बोर्ड के विभिन्न योजनाओं में युवाओं व महिलाओं को आच्छादित कर उन्हें रोजगार हेतु अनुदान प्रदान कर रहा है। खादी मेला में प्रदेश व देश के विभिन्न हस्तनिर्मित उद्योगों को एक मंच मिल रहा है जहां पर ग्राहक अपनी मनपसंद की चीजों को खरीद कर अपने हुनरमंद भाइयों की आजीविका को गति प्रदान करते हैं। जिलाधिकारी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर महत्त्व देते हुए बताया कि खादी बोर्ड के विभिन्न योजनाओं द्वारा युवाओं को रोजगार देने पर बल दिया गया । उन्होंने आम जनमानस से अपील किया कि खादी मेले में आकर अपनी आवश्यकता व पसंद की चीजों को खरीदे और अपने स्थानीय भाई बहनों के हाथों को मजबूत करें ।उन्होंने कहा कि हर हुनरमंद हाथों को काम मिले इस दिशा में खादी बोर्ड सक्रिय है।

खादी व ग्रामोद्योग उत्पाद के स्टाल लगाए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा लगातार चौथे वर्ष भी लगायी गयी खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी आयोजन की सराहना की गई एवं लोगों से खादी के उत्पाद की खरीद के लिए भी आग्रह किया गया। मीडिया के साथियों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि आपके द्वारा इस प्रदर्शनी का प्रचार प्रसाद ज्यादा से ज्यादा किया जाए जिससे लोगों को खादी के उत्पादन के प्रति लगाव बढ़े। उपायुक्त स्वतः रोजगार राजाराम ने आयोजित जनपद स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योगी वृहद प्रदर्शनी की उपयोगिता व प्रासंगिकता पर बल देते हुए खादी के उत्पादों के विक्रय व प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उपायुक्त उद्योग को आशुतोष सहाय पाठक ने कहा कि खादी प्रदर्शनी द्वारा वोकल फार लोकल व ओडीओपी योजनाओं को बल मिलता है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि 06 से 12 जनवरी 2025 तक आयोजित 07 दिवसीय खादी मेले के द्वारा खादी के उत्पादों, स्थानीय हस्तशिल्प व खादी विचार धारा का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजित वृहद प्रदर्शनी में लगे 60 स्टालों पर खादी उत्पाद सूती खादी, ऊनी खादी, पॉली खादी, लेडीज व जेन्ट्स रेडीमेड वस्त्र, जैकेट एवं खादी कम्बल साल, हर्बल प्रोडक्ट, अचार, मुरब्बा, नमकीन, अगरबत्ती, शहद, साबुन, कश्मीरी ड्राय फ्रुट्स य मखाना इत्यादि उत्पादो की बिक्री हेतु स्टॉल लगायी गयी है। प्रतिदिन चलने वाले संस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शुभारंभ अवसर पर जनपद के लोक गायक वशिष्ठ मिश्रा की टीम द्वारा राम भजन गाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष घनश्याम दास गुप्ता, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजाराम, उपायुक्त उद्योग आशुतोष सहाय पाठक, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, पवन कुमार ,मीडिया बंधुओं सहित जनता जनार्दन उपस्थित रहे। आज पहले दिन प्रदर्शनी में दो लाख से ऊपर की बिक्री की गई।

## मंदिर से घण्टा चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** दिनांक-04.01.2025 को थाना कोईरौना पर शिकायतकर्ता श्री श्री विजय शंकर मिश्रा निवासी डीघ थाना कोइरौना जनपद भदोही द्वारा सूचना दिया गया कि आरोपी ने बरम बाबा मंदिर पर लगा हुआ घण्टा चोरी कर लिया है। सूचना पर तत्समय ही मु0अ0सं0-05/2025 धारा-303 भा.न्या.सं. का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित सामान की शीघ्र बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-06.01.2025 को थाना कोईरौना पुलिस टीम द्वारा मंदिर से घंटा चोरी करने के आरोपी जयप्रकाश तिवारी पुत्र हरिशंकर तिवारी निवासी बारीपुर थाना कोइरौना जनपद भदोही में करीब 28 वर्ष को ग्राम डीघ सोसायटी तिराहा के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का एक अदद घण्टा व पिलास बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है। अभियुक्त का नाम व पता जयप्रकाश तिवारी पुत्र हरिशंकर तिवारी निवासी बारीपुर थाना कोइरौना जनपद भदोही में करीब 28 वर्ष।



## महाकुंभ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की जा रही है वाहनों की सघन चेकिंग

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** "प्रयागराज महाकुम्भ-2025÷ के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत आज दिनांकः06.01.2025 को पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" के निर्देशन में आपरेशन चक्रव्यूह के तहत जनपदीय पुलिस अधिकारीगण द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मीरजापुर जनपद प्रयागराज का सीमावर्ती जिला होने के साथ ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन जनपद से होकर गुजरेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। जनपद के प्रमुख मार्गो व एंट्री प्वाइंटों, सीमा पर बैरियर व मोर्चाबंदी लगाकर सघन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा प्रयागराज- मिर्जापुर के पाली बॉर्डर पर मोर्चाबंदी के साथ थाना जिगना में सघन वाहन चेकिंग की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उच्चाधिकारीगण सहित समस्त थाना व चौकी प्रभारीगण द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में जनपद के अंदर व सीमावर्ती क्षेत्रों में आवासीय व्यक्तियों ने किराएदारों, बंजारों, फेरी वालों, टेंट, डेरों में दवा व सामान बेचने वालों आदि का सत्यापन किया जा रहा है। संदिग्धों से पूछताछ करते हुए नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। होटल, ढाबों व रेस्टोरेंट आदि की सघन चेकिंग करते हुए ठहरने, रुकने वाले व्यक्तियों व प्रतिष्ठानों के पंजीयन के संबंध में जांच की जा रही है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को अपने यहां रुकने/ठहरने ना दें, यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु दिखाई देती है तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस/डायल-112 पर देने का कष्ट करें।



## प्रदीप निषाद के घर पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह

स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल।** शिवपुर स्थित रामगया घाट निवासी व सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा हेलीकॉप्टर बाबा के नाम से मशहूर प्रदीप निषाद के पिता का देहांतवास हो गया। जिससे पार्टी और निषाद समुदाय के लोगों की संवेदनाएं उनके साथ थी। जिसको लेकर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उनके घर पर पहुंचकर प्रदीप निषाद के पिता स्व . मोती लाल निषाद के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दिया तथा दो मिनट मौन रहकर शोक संवेदना भी व्यक्त किया इस दौरान परिजनों तथा उपस्थित लोगों से उनका हालचाल भी जाना। बताया जाता है कि इससे पहले भी कई बार कई पर्वो पर स्वतंत्र देव सिंह उनके घर पर पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात कर चुके हैं। इस दौरान उनके बड़े भाई संदीप निषाद, आशीष साहनी छोटा नेता, सत्यमी निषाद, जोगिंदर निषाद, श्यामबाबू निषाद, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, पूर्व सभासद गणेश निषाद, राजेश निषाद, राजेश बिंद, साजन निषाद, नीरज निषाद सैकड़ों लोग लोग मौजूद रहें।




## तहसील प्रशासन व ग्राम प्रधान के सौजन्य से बांटा गया 250 गरीब परिवार को कंबल

स्वतंत्र प्रभात



कंबल पाकर गरीब पुरूष व महिलाओं का खिला चेहरा

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम पंचायत गौरवा में सोमवार को भिषड ठंड को देखते हुए गरीब व बुजुर्गो को तहसिल प्रशासन व ग्राम प्रधान गेदवा देवी के सौजन्य से बांटा गया 250 कम्बल कम्बलं पाकर गरीबों का खिला चेहरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत कुमार दुवे ने बताया की हर वर्ष कम्बल वितरण गांव के गरीब व बुजुर्गो को दिया जाता है हमारे गौरवा ग्राम पंचायत में सात राजस्व गांव गौरवा पिडरीया चौरा सुरजगढ बंजारी खुर्द परसिया खुर्द पुड़ी रामपुर के गरीब व बुजुर्गो को कंबल वितरण किया गया जिसमें 100 कम्बल तहसिल के तरफ से क्षेत्रिय लेखपाल के द्वारा बांटा गया व 150 कम्बल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत कुमार दुवे के द्वारा बांटा गया कम्बल पाते ही बुजुर्गो ने बताया की हम लोगों का ठंड अब कम्बल में कट जाएगा इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत कुमार दुवे ग्राम प्रधान गेदवा देवी क्षेत्रिय लेखपाल ब्रजभुषण सिंह सर्वेश सिंह विन्द्रेश मौर्या सहित ग्रामीण मौजुद रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट ने 22 अभियुक्तो को अपने आदेश के तहत किया जिला बदर

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर** 06 जनवरी 2024- जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन ने अपने न्यायालय में विभिन्न अपराधो में संलिप्त अभियुक्तो को दोषी ठहराते हुये 22 अभियुक्तो के विरूद्ध आदेश पारित करते हुये सभी को 06 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश दिया। जिनको जिला बदर किया गया है उनमें रमेश सिंह पटेल उर्फ सुक्खू पुत्र बद्री पटेल, निवासी पूर्वी पटिहटा, थाना अहरौरा, आकिब अंसारी पुत्र इस्लाम अंसारी, निवासी चेतगंज, इमामबाड़ा, थाना को0 कटरा, नीरज गुप्ता उर्फ छोटई पुत्र छोटू साहू निवासी संगमोहाल रेलवे फाटक पुल के नीचे थाना को0 कटरा मीरजापुर, मो0 फिरोज पुत्र इदरीश, निवासी धनैता, थाना कछवां, द्वारिका प्रसाद बिन्द पुत्र सियाराम बिन्द, निवासी पति का पुरा नरोईया, थाना जिगना, विकास पुत्र बबन्दर निवासी भीटी थाना राजगढ़, गणेश विश्वकर्मा उर्फ अनूप विश्वकर्मा पुत्र रामेश्वर नि0 बड़ी माता इमली महादेव थाना का0 शहर, ओमप्रकाश पटेल पुत्र शिवअचल पटेल निवासी गड़बड़ थाना लालगंज, मन्टू उर्फ आमिर सुहैल पुत्र एजाज अहमद निवासी नई बाजार पो0 आफिस के बगल में थाना अहरौरा,

राजाराम हरिजन पुत्र लालबहादुर निवासी महुवारी कलां, डिहवा थाना विन्ध्याचल, अरविन्द कुमार पुत्र बचनु, नि0 मटिहानी, थाना मड़िहान, आकाश उर्फ विक्की पुत्र रामधनी, नि0 पतलुकिया, थाना चुनार, प्रियांशु सिंह उर्फ सूरज सिंह पुत्र कोमल सिंह, नि0 बरजीमुकुन्दपुर, थाना पड़री, सुरेन्द्र पटेल पुत्र बालगोविन्द पटेल नि0ग्राम खैरा कलां थाना लालगंज, कल्लू शर्मा उर्फ चंचल पुत्र दीनानाथ निवासी ग्राम पचेंगड़ा, थाना अदलहाट, राजेन्द्र कुमार पुत्र नन्दलाल नि0ग्राम खुलुआ थाना चील्ह, सियाराम उर्फ लवकुश पुत्र अवधु निवासी बभनी थपनवा थाना मड़िहान, मोनू साहनी पुत्र स्व0 मेदी साहनी निवासी बालू घाट थाना चुनार, दिलीप कुमार पुत्र स्व0 सीताराम नि0 ग्राम सोनपुर थाना अहरौरा, सतीश कुमार पुत्र पप्पू हरिजन, नि0 पथरहा, थाना पड़री, राकेश कुमार पुत्र कल्लू उर्फ रामचन्द्र, निवासी रेक्सा कलां, थाना मड़िहान, एवं मन्नू उर्फ शशिकान्त पुत्र अर्जुन प्रसाद नि0 शाहपुर चैसा, थाना का0देहात, उपरोक्त सभी को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अपने आदेश के तहत 06 माह के लिये जिला बदर रहने का आदेश दिया।

## छत्तीसगढ़ में मारे गए पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ की राशि दी जाए

- पत्रकारों का एक करोड़ का बीमा सरकार कराए
- जिला स्तर पर हर तीन माह में प्रेस के साथ प्रशासन बैठक कर विकास योजनाओं की जानकारी दी
- आयुष्मान कार्ड के लिए अब 8 जनवरी को दिया जाएगा पत्रक CMO को



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** छत्तीसगढ़ में मारे गए युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की आत्मा की शांति के लिए स्थानीय पत्रकारों की बैठक हुई जिसमें दिवंगत पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि दिए जाने की मांग की गई। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। नगर के रमईपट्टी स्थित पत्रकार संतोष कुमार श्रीवास्तव के आवास पर 6 जनवरी, सोमवार को एक अहं बैठक हुई, जिसमें आए दिन पत्रकारों पर हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त की गई तथा सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा एवं मान्यताप्राप्त तथा गैरमान्यता प्राप्त सभी पत्रकारों का एक करोड़ का बीमा सरकार द्वारा किए जाने की मांग की गई। इसी के साथ छत्तीसगढ़ में मारे गए मुकेश चंद्राकर के आरोपित हत्यारे ठीकेदार का ठीका निरस्त करने, घटिए सड़क निर्माण के चलते धनराशि वसूली करने, सिक्योरिटी जब्त करने तथा ठीका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की गई।

बैठक में गत दिनों पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड कैम्प लगाकर बनाए जाने के संदर्भ में जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन पर विचार विमर्श किया गया। इस सबन्ध में तय हुआ कि पत्रकारों के ज्ञापन को जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रेषित किया है, लिहाज़ा इस संबन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी से मिलकर अग्रिम कार्रवाई के लिए ज्ञापन दिया जाए। इस संबन्ध में 8 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे सभी पत्रकार मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर एकत्र होंगे और उनसे जिलाधिकारी द्वारा प्रेषित ज्ञापन के बाबत वार्ता करेंगे। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी से जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनुरोध करने पर विचार विमर्श हुआ। पत्रकारों ने जिला प्रशासन से मांग की कि पूर्व की भांति हर तीन माह में पत्रकारों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की जानकारी दी जाए जिससे आम जनता को अवगत कराया जा सके। बैठक में सलिल पाण्डेय, राजकुमार उपाध्याय, विश्वजीत दुबे, विकास तिवारी, सन्दर्भ पाण्डेय, संतोष कुमार, रोहित गुरु त्रिपाठी, सूरज दुबे, रामलाल साहनी, मोहित गुप्ता, रविन्द्र जायसवाल, गुफरान अहमद, अशोक कुमार, सतीश सिंह, सारिका दुबे, गुड्डू खां, राहुल त्रिपाठी एवं अन्य कई पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, ट्वीट होते ही पहुंची पुलिस

- स्थानीय जागरक युवाओं ने राष्ट्रीय पक्षी के अंतिम संस्कार में दिया मदत

स्वतंत्र प्रभात

**सुरियावां।** नगर के दुर्गागंज रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल के पास सोमवार की शाम अज्ञात वाहन के धक्के से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। मामले की सूचना एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया के ट्वीटर पर शेयर कर दिया। ट्विटर पर ट्वीट होते ही पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन ने स्थानीय पुलिस को आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया। एसपी की सूचना पर मौके पर पहुंची सुरियावां पुलिस ने राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दिया है।

उक्त मोहल्ले के निवासी कृष्णकांत पाण्डेय, शिव प्रसाद उपाध्याय, कौशल उपाध्याय, अशोक जायसवाल, धनेश उपाध्याय आदि जागरण युवाओं की मदत से सड़क दुर्घटना में मृत राष्ट्रीय पक्षी का अंतिम संस्कार कराया गया है। क्षेत्र वासियों ने राष्ट्रीय पक्षी का अंतिम संस्कार कराने में मदत करने वाले साहसी युवाओं की जमकर तारीफ की है।



## अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने किया रैन बसेरों का आकस्मिक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने सोमवार को नगर पालिका क्षेत्र के स्थाई रैन बसेरे सीतापुर और बस स्टैंड कर्वी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरा में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा में आवश्यक व्यवस्थाएं ठीक पाई गई और रैन बसेरा के पास अलाव जलता हुआ भी पाया गया, जो ठंड से बचाव के लिए महत्वपूर्ण है।

अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रैन बसेरे में ठंड से बचाव हेतु रजाई, गद्दा और कंबल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, अलाव की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए चिन्हित स्थलों पर प्रतिदिन अलाव जलाए जाएं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के कारण कोई भी व्यक्ति सड़क पर, डिवाइडर पर या खुले आसमान के नीचे सोने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। ऐसे सभी व्यक्तियों को रैन बसेरे में समुचित आश्रय प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित और आरामदायक माहौल मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि रैन बसेरे में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आधार नंबर रजिस्टर पर अवश्य दर्ज किया जाए, ताकि उनकी पहचान की जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने रैन बसेरे में उपस्थित व्यक्तियों से भी वार्तालाप किया और उनसे व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरे में रह रहे लोगों से उनकी संतुष्टि का स्तर भी पूछा और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सुझाव देने की बात कही। अपर जिलाधिकारी के इस आकस्मिक निरीक्षण से रैन बसेरा की व्यवस्थाओं में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे गरीब और असहाय लोगों को राहत मिल सके।



## गुरु गोविंद सिंह जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**मीरजापुर।** सोमवार को श्री साई परिवार सेवा संगठन द्वारा गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 358 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा सभा रतनगंज में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें कुल 21 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया तथा 11 लोगों ने रक्तदान किया प्रथम रक्तदान संस्था के उपाध्यक्ष रविन्द्र पाल सिंह ने कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जन सम्पर्क आधिकारी राम कुमार गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं को सार्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया मौके पर गुरुनानक इंटर कालेज के अध्यक्ष धरम पाल सिंह सरना अमीत गुप्ता, सीए विकाश, गोवर्धन दास, लिपिका राउत, वंदना राय, स्मिता गुप्ता मिश्रा , मिशिता सिंह मौजूद रहे रक्तदान करने वालो में करने वालों में रविंद्र पाल सिंह बलदीप सिंह संतोष पटेल प्रदीप गुप्ता , दुर्गेश चौरसिया राजेंद्र सिंह सर्बजीत सिंह जगमीत सिंह जसदीप सिंह बलबीर सिंह उज्जवल राज रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

# संक्षिप्त ख़बरें

## धर्म एवम संतों की रक्षा हेतु महान् बलिदानी गुर गोविन्द सिंह ने किया सपरिवार बलिदान- हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया, इकाई

गुरू गोविंद सिंह ने कहा था- ÷देह शिवा वर मोहि इहै, शुभ करमन ते कबहूं न टरौ।

न डरों अरि सो जब जाइ लरों, निशचै कर अपनी जीत करो- हिंदू विचार मंच



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** अपनी मातृ भूमि एवम संतों की रक्षा हेतु दुर्जनों से भीषण युद्ध करते हुए अमर बलिदानी महावीर दसवें गुरु गोविंद सिंह जी अपनी श्रद्धेय माता, पिता, चार प्यारे पुत्रों एवम स्वयं को बलिदान कर दिया, परन्तु राष्ट्र व मानव द्रोहियों के समक्ष कभी नतमस्तक नहीं हुए। ऐसी महान् बलिदानी के प्रति भारतवर्ष सदैव कृतज्ञ रह शीश नवाता रहेगा। उल्लेखनीय है कि गुरु गोविंद सिंह जी ने अत्याचारी, धर्मांध व मानव विरोधी औरंगजेब का विरोध करते हुए अपने प्रेसित पत्र में लिखा है कि जब अत्याचार के विरोध करने के सभी मार्ग बंद हो जाय तब अधर्म के विरूद्ध खड्ग धारण करना ही धर्म युद्ध? है। भारत वर्ष में 6 जनवरी को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस पूनीत अवसर पर पाकुड़िया में राज्य सरकार के कार्यालय बंद रहे।

## बजट राशि के 100% खर्च पर ध्यान दे सरकार- विजय शंकर नायक

**रांची, झारखंड-** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने झारखंड सरकार द्वारा बजट के लिए जनता से सुझाव लेने के प्रयास की सराहना की, लेकिन साथ ही सरकार को सुझाव दिया कि बजट की राशि 100% खर्च करने पर मंथन किया जाए। उन्होंने कहा कि 2024-25 में मिले 721 सुझावों में से केवल 21 को ही बजट में शामिल किया गया था, जो सराहनीय नहीं है। नायक ने सरकार को सुझाव दिया कि सभी विभागों के सचिवों को निर्देशित किया जाए कि यदि वे निर्धारित बजट की राशि खर्च नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। नायक ने यह भी बताया कि 17 जनवरी से पूर्व आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच द्वारा राज्यहित में बजट के लिए सुझाव भेजे जाएंगे, ताकि राज्य का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

## प्रखंड के खुटरा मैदान में नेहरू युवा केन्द्र खेल महाकुंभ का हुआ समापन

**हजारीबाग, झारखंड-** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के खुटरा मैदान में नेहरू युवा केंद्र खेल महाकुंभ का हुआ समापन। प्रखंड स्तरीय कटकमसांडी प्रखंड के खुटरा पंचायत में चल रहे 5 जनवरी को शाम 4÷30 बजे समापन किया गया जिसमें फुटबॉल में 6 टीमों ने भाग लिया कटकमदाग प्रखंड के कृष्णा नगर, बालियान, पबरा, धरहरा, बरतुआ और खुटरा कृष्णा नगर को 10 से हराकर फाइनल ट्रॉफी में कब्जा जमाया बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ में पीयूष कुमार प्रथम स्थान रहा वही लॉन्ग जंप में अफरीदी ने पहला स्थान पाया। कटकमसांडी कबड्डी में बालिकाएं विनर रही के मौके पर गांव के सेक्रेटरी शाहजहां हुसैन, पूर्व सरपंच आफताब, आलम हाजी सैन, अहमद वारसी, गनी खान, सबील अहमद, सुलमी से आजाद आलम, मुशर्रफ हुसैन और सभी खेल प्रेमी मौजूद थे। रेफरी में सईदुल्लाह उर्फ मिंटू, शाहिद अफरीदी, शाहबाज आलम, मोनिश राजा, तुषार मलिक, गोल्डी मलिक, अहमद राजा, सलीम उजर्र, हयात, सिराज अंसारी, एहसान हुसैन यह जानकारी शरीफ उल्ला गुड्डू ने दिया है।

## पाकुड़ में बढ़ती ठंड से राहत, प्रशासन ने चौक-चौराहों पर जलाए अलाव



**पाकुड़-** बढ़ती ठंड और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों को राहत देने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों और प्रखंडों के प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिदिन शाम के समय अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। अलाव की व्यवस्था से राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी राहत मिल रही है। उपायुक्त मनीष कुमार ने नगर परिषद प्रशासक, अंचलाधिकारी, और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, नगर परिषद क्षेत्र में फॉगिंग और खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत भी कराई गई है, जिससे नागरिकों को अधिक सुविधाएं मिल सकें। प्रशासन की यह पहल ठंड से जूझ रहे लोगों के लिए राहतभरी साबित हो रही है।

# सांसद मनीष जायसवाल की पहल, अपने चुनावी वादे को उतारा धरातल पर

● रेलवे क्रॉसिंग में जाम की समस्या से निवारण के लिए सोनडीहा चैनपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण का किया शिलान्यास

लोकसभा क्षेत्र वासियों के हर जरूरी समस्या के निवारण की दिशा में हमारा प्रयास है लगातार जारी- मनीष जायसवाल



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मनीष जायसवाल संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर सजग हैं। सांसद चुने जाने के बाद लोकसभा के पटल पर मुखरता से उन्होंने क्षेत्रहित और जनहित की जालंत मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान और चुनाव जीतने के बाद लगातार क्षेत्र भ्रमण कर जनसमस्याओं से रूबरू होते हुए तत्काल समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत भी रहते है। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की एक अत्यंत ज्वलंत और गंभीर समस्या को करीब से देखा और उसके दर्द से रूबरू हुए। अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने 17 मार्च 2024 को इस संबंध में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर लिखा कि जनसंपर्क अभियान के क्रम में रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित हुआ। क्रॉसिंग में जरूरी वहां को भी रुकना पड़ जाता है। ऐसे में अगर मौका मिला तो इस समस्या को पुरजोर तरीके से उठाऊंगा। क्रॉसिंग के जगह पर अंडरपास या ओवरब्रिज बनाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास कर लोगों को इस समस्या से निजात दिलाऊंगा।

चुनाव प्रचार के दौरान रामगढ़ क्षेत्र के कई गांवों का यह चुनावी मुद्दा भी रहा। इस समस्याओं के निराकरण के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने सकारात्मक पहल किया और सोमवार को हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सोनडीहा, चैनपुर एवं उसके आसपास के गांव के लोगों के चिर प्रतीक्षित मांग सोनडीहा- चैनपुर रेलवे ओवरब्रिज का विधिवत् शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने करके इस क्षेत्र के लोगों का दिल जीत लिया। मौके पर मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ़ तिवारी महतो सहित उक्त क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। सभी ने सांसद मनीष जायसवाल की पहल की स्वतंत्र कंठ से खूब सराहना की। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस रेलवे ओवरब्रिज के बन जाने से रामगढ़ और हजारीबाग जिले के लाखों लोगों का जीवन सुगम होगा वहीं क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी। सोनडीहा- चैनपुर रेलवे क्रॉसिंग इस क्षेत्र के लोगों के लिए रेल आवागमन के कारण रोज़ाना लगने वाला जाम के कारण एक गंभीर समस्या और मुद्दा रहा है। अब यहां रेलवे ओवरब्रिज बन जाने से लोगों को इस विकट समस्या से राहत मिलेगी। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि क्षेत्र के अन्य कई रेलवे क्रॉसिंग पर भी अंडरपास या ओवरब्रिज बनवाने की दिशा में प्रयास जारी है और जल्द इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की हर जरूरी समस्या के निवारण की दिशा में हमारा प्रयास लगातार जारी है।

## गुरु गोविंद सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुद्वारे में टेका माथा

● गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्श हमें शांति, समृद्धि और भाईचारे की राह दिखाते हैं :- प्रदीप प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** गुरु गोविंद सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहर के प्रमुख गुरुद्वारे में पहुंचकर माथा टेका और इस पावन दिन की अहमियत को महसूस करते हुए सिख समुदाय के साथ मिलकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारे में विशेष अरदास में भाग लिया और सिख समुदाय के विभिन्न पदाधिकारियों तथा सदस्यों से मुलाकात की। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर सिख समुदाय को गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन और शिक्षाओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए कहा की गुरु गोविंद सिंह जी ने हमें न केवल धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, बल्कि उन्होंने हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने का भी मार्गदर्शन किया। उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है और हमें उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर समाज में शांति, समृद्धि और भाईचारे की भावना को मजबूत करना चाहिए। सिख समुदाय ने विधायक प्रदीप प्रसाद का सम्मान करते हुए उन्हें सरोपा भेंट किया, जो गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों और उनकी शिक्षाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। विधायक ने इस सम्मान को गर्व के साथ स्वीकार किया और सिख समुदाय की एकता और भाईचारे की भावना की सराहना की।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारेंगे और समाज के हर वर्ग के लिए काम करेंगे। हमें उनके दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए न केवल अपनी



ज़िंदगी को सुधारना चाहिए, बल्कि समग्र समाज में भाईचारे और सहिष्णुता की भावना फैलानी चाहिए। गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व न केवल सिख समुदाय के लिए, बल्कि समूचे समाज के लिए एक प्रेरणा का दिन है। इस दिन की महिमा को देखते हुए विधायक ने यह भी कहा कि हम सभी को अपने जीवन में गुरु जी के उपदेशों को आत्मसात करने की आवश्यकता है ताकि समाज में शांति और समृद्धि का वातावरण बने।

# पुरी में संपन्न हुआ AIPA का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन, शिक्षा सुधार के लिए 13 प्रस्ताव पारित

स्वतंत्र प्रभात

**रांची/पूरी-** भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन का दो दिवसीय अधिवेशन संपन्न हुआ। इस अधिवेशन की अध्यक्षता AIPA के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने किया। देश के विभिन्न राज्यों से आए अभिभावक प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। झारखंड से झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय और झारखंड अभिभावक महासंघ के महासचिव मनोज कुमार मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। अजय राय ने बताया कि यह अधिवेशन पुरी के इशोपंथी आश्रम में आयोजित हुआ, जिसमें देश भर से आए प्रतिनिधियों ने शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की। अधिवेशन के दौरान 13 प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें शिक्षा सुधार, निजी स्कूलों पर नियंत्रण और RTE (शिक्षा का अधिकार) के सख्त पालन की मांग की गई। अधिवेशन में पारित प्रमुख प्रस्ताव जिसमें एक राष्ट्र, एक शिक्षा, एक सिलेबस लागू किया जाए। सभी निजी और सरकारी विद्यालयों में RTE (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। राज्यों में निजी और सरकारी विद्यालयों के लिए नियामक कानून बनाए जाएं। निजी विद्यालयों की फीस को नियंत्रित करने के लिए Fee Regulation Act लागू किया जाए।

प्ले स्कूलों को नियंत्रित करने के लिए सभी राज्यों में कानून बनाया जाए। अल्पसंख्यक विद्यालयों को भी ऋञ्जश्व के दायरे में लाने के लिए कानून में संशोधन किया जाए। देश भर में चल रहे कोचिंग सेंटरों को कानून के तहत लाकर नियंत्रित किया जाए। शिक्षा न्यायाधिकरण के गठन के लिए Education Tribunal Act को सभी राज्यों में लागू किया जाए। गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालयों को अनिवार्य रूप से मान्यता लेने और राज्य बोर्ड, CBSE, या ICSE से संबद्धता प्राप्त करने को बाध्य किया जाए। कक्षा 12 तक 25त्न गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा की गारंटी दी जाए। RTE के तहत BPL बच्चों के लिए प्रवेश कक्षा में 25त्न आरक्षण को सख्ती से लागू किया जाए। स्कूलों में ड्रॉपआउट की समस्या को रोकने के लिए विषयवार नियमित शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। केंद्र और राज्य सरकारें शिक्षा बजट में वृद्धि करें। अधिवेशन में पारित इन प्रस्तावों को लेकर प्रतिनिधियों ने सरकार से शीघ्र कार्रवाई की अपील की।

## झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ने विधायक से मुलाक़ात कर सौंपा माँग पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया-** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य अध्यक्ष दिवाकर महतो के नेतृत्व में दुमका जिला इकाई एवं पाकुड़ जिला इकाई के पदाधिकारियों ने महेशपुर विधानसभा के माननीय विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी के पाकुड़िया स्थित आवास में उनका स्वागत सह अभिनंदन किया। इस दौरान संघ ने विधायक को एक माँगपत्र भी सौंपा जिसमें निम्नवत माँगे रखी गई:-

1. सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के वेतन की प्रोन्नति के लिए निर्गत आदेश 1726 को निरस्त करके सभी कोटि के माध्यमिक के शिक्षकों को एम. ए. सी. पी. की प्रोनोति।
2. सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के पद प्रोन्नति (प्रधानाध्यापक) के लिए निर्गत संशोधन 355 को निरस्त करते हुए वरीयता सह मेघाक्रम में 50% प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति एवं 50% न्यूनतम 8 वर्षों का शिक्षण अनुभव के आधार पर सीधी भर्ती।
3. सभी कोटि के उच्च विद्यालय में पुस्तकालय के संचालन हेतु लाइब्रेरियन एवं विद्यालय में रात्रि प्रहरी का पद सृजन एवं नियुक्ति।
4. अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षकों को सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के समान सभी सुविधाएं (योगदान की तिथि से भुगतान जी0पी0एफ0 की सुविधा, यातायात भत्ता)।

बताया गया कि इन सभी के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया जिसमें विधायक ने इसका त्वरित गति से संज्ञान में लेते हुए यह आश्वासन दिया कि इसका लिखित रूप से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव को अविलंब अवगत करा दिया जाएगा। मौके पर प्रमंडलीय अध्यक्ष दिलीप कुमार झा, झामुमो अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, दुमका जिला के सेवानिवृत शिक्षक बैद्यनाथ सिंह,



परीक्षा अध्यक्ष जुलकर अंसारी, सेवानिवृत्त शिक्षक शिशिर घोष, पाकुड़ जिला के अनुमंडल सचिव जैनल आबिदीन, सक्रिय सदस्य मुहम्मद सरीफ अंसारी, रवींद्रनाथ घोष, मुहम्मद हुसैन अंसारी, माधव कुमार तिवारी, अभिजीत साहू, रमेश हेंब्रम, अबुल हुसैन, जॉन मरांडी, मंगल हांसदा, राणा प्रसाद साहू समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## असंतुलित होकर गिरा बाइक सवार, गंभीर अवस्था में रिम्स रेफर

**चंदवा-** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-चांपी-लोहरदगा मुख्य मार्ग पर महादेव मंडा के समीप सोमवार को एक बाइक सवार युवक असंतुलित होकर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट के निशान हैं। घायल युवक की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के ही मरमर निवासी दशरथ लोहरा पिता विसुन लोहरा (25) के रूप में हुई है। घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जंहा प्राथमिक उपचार के पश्चात के बाद उसकी गंभीरता को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक अपने किसी रिश्तेदार को बाइक से छोड़ने चांपी गया



था। वापसी के दौरान महादेव मंडा के समीप वह अपने वाहन से संतुलन खो दिया और दुर्घटना का शिकार हो गया।

# शहीदों के मजारों पर हर वर्ष लगेंगे मेले वतन पर मरने वालों का बस यही एक आखरी निशान होगा

● शहीद शेख भिखारी एवं शहीद टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस अर्थात 8 जनवरी को हिंदू-मुस्लिम एकता दिवस के रूप में मनाई जाए- मो जहांगीर अंसारी




स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस हजारीबाग के जिला अध्यक्ष मो जहांगीर अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि दिनांक 8 जनवरी 2025 को हजारीबाग से शहीद टिकैत उमरांव सिंह एवं शाहिद शेख भिखारी की 168वीं शहादत दिवस के अवसर पर राज्य के अकीदतमंद खराजे अकीदत पेश करने चुटूपालू घाटी रामगढ़ जाएंगे। जिला अध्यक्ष श्री अंसारी ने समस्त झारखंड वासियों से विशेष कर हजारीबाग वासियों से अपील की है कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहादत स्थली पर पहुंचकर उन्हें खराजे अकीदत पेश करें। शहीदों के मजारों पर हर वर्ष लगेंगे मेले, वतन पर मरने वालों का बस यही एक आखरी निशान होगा। इस मौके पर श्री अंसारी ने शहीद शेख भिखारी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद शेख भिखारी का जन्म 2 अक्टूबर 1819 ईस्वी को झारखंड के रांची जिले के बोडमो के होप्टे गांव में एक बुनकर अंसारी परिवार में हुआ था। बचपन से वे अपने खानदानी पेशा मोटे कपड़े तैयार करना और उन्हें बाजार में बेचकर अपने परिवार की परवरिश करते थे। शेख भिखारी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और बहादुर थे। जब उनकी आयु 20 वर्ष की हुई तो वे छोटानागपुर के महाराज के यहां नौकरी करने लगे उन्होंने कुछ ही दिनों के बाद राजा के दरबार में एक अच्छी मुकाम हासिल कर ली। बाद में बड़कागढ़ जगन्नाथपुर के राजा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने उनको अपने यहां दीवान के पद पर रख लिया। शेख भिखारी के जिम्मे बड़कागढ़ के फौजी का भार दिया गया। 1856 में जब अंग्रेजों ने राजा महाराजाओं पर चढ़ाई करने का मंसूबा बनाया तो इसका अंदाजा हिंदुस्तान के राजा महाराजाओं को होने लगा था जब उनकी भनक ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को मिली तो उन्होंने अपने वजीर पांडेय गणपत राय दीवान शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह से मशवरा किया। इन सभी ने अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा लेने की ठान ली और जगदीशपुर के बाबू कुंवर सिंह से पत्राचार किया। इसी बीच शेख भिखारी ने बड़कागढ़ की फौज में रांची एवं चाईबासा के नौजवानों को भर्ती करना शुरू कर दिया। अचानक अंग्रेजों ने 1857 में चढ़ाई कर दी। विरोध में रामगढ़ के रेजीमेंट ने अपने अंग्रेज अफसर को मार डाला। नादिर अली हवलदार और रामजीव राम विजय सिपाही ने रामगढ़ रेजीमेंट छोड़ दिया और जगन्नाथपुर में शेख भिखारी की फौज से मिल गए। इस तरह जंगे आजादी की आग छोटानागपुर में फैल गई। रांची चाईबासा संथाल परगना के जिलों से अंग्रेज भाग खड़े हुए। जनरल मैकडॉनल्ड के लफ्जों में बागियों में शेख भिखारी सबसे ज्यादा बदमाश और खतरनाक बागी है (Among the rebels, Sheikh Bhikhari is the most Notorious and dangerous mutineer.)

इन वीर नौजवानों के वतनपरस्ती से त्रस्त होकर अंग्रेज कमिश्नर सिंपसन को झारखंड की धरती छोड़कर बंगाल कोलकाता में भाग कर अपनी जान बचानी पडी। 2 अगस्त 1857 ई को 2:00 बजे दिन में बागी फौजी जमादार मंगल पांडेय और नवाब सूबेदार नादिर अली खान के लीडरशिप में बागियों ने रांची और डोरंडा पर कब्जा कर लिया। शेख भिखारी एवं टिकैत उमरांव सिंह की जोड़ी ने पूरे छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के नाकों में दम कर दिया था। आखिरकार अंग्रेजों ने शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह को 6 जनवरी 1858 को घेर कर धोखे से गिरफ्तार कर लिया और 7 जनवरी 1858 को उसी जगह चुटूपालू घाटी पर फौजी अदालत लगाकर शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को फांसी का फैसला सुनाया, 8 जनवरी 1858 को देश के मतवाले शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को बरगद के एक पेड़ से लटका कर फांसी दे दी गई। मोमिन कॉन्फ्रेंस हजारीबाग के जिला अध्यक्ष मो जहांगीर अंसारी समस्त भारतवासियों से अपील करती है कि शहीद शेख भिखारी एवं शहीद टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस अर्थात 8 जनवरी को हिंदू-मुस्लिम एकता दिवस के रूप में मनाई जाए। मोमिन कॉन्फ्रेंस हजारीबाग झारखंड सरकार से मांग करती है कि उनके परिवार के सदस्यों को सरकारी सुविधा दे। शहादत दिवस के मौके पर उनके परिवार वालों को सम्मानित किया जाए। 8 जनवरी को राजकीय अवकाश घोषित की जाए ताकि सभी श्रद्धालु शहीद स्थल पर पहुंच कर खराजे अकीदत पेश कर सकें, शहीद शेख भिखारी के नाम पर छात्रवृत्ति योजना लागू की जाए एवं हजारीबाग शहीद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में उनके नाम से युक्त एक लाइब्रेरी की स्थापना की जाए, उनके जीवनी को विभिन्न कक्षाओं के पाठ्यक्रमों में शामिल की जाए। साथ ही साथ भारत सरकार से शहीद शेख भिखारी को भारत रत्न पुरस्कार देने की मांग करती है।

# झरपो पावर सबस्टेशन में रात्रि प्रहरी को ठंड से मौत

● परिजनों ने विभाग से मृतक के परिजनों को एक नौकरी व मुआवजे की मांग किया

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-**टाटी झरिया प्रखण्ड के झरपो कारी झरना चट्टान धाम में विगत चार वर्षो से झरपो निवासी धनेश्वर सिंह पिता स्वर्गीय टेको सिंह उम्र लगभग 61 वर्ष बिजली विभाग के एवरेस्ट कंपनी कॉन्ट्रैक्ट के द्वारा रात्रि प्रहरी का कार्य कर रहा था। जिसमें लगभग उसे इस कंपनी द्वारा 1500 प्रति माह वेतन मिल रहा था। जो वहां रात दिन ड्यूटी कर रहा था। जिसमें मृतक को 3 जनवरी को सुबह एकाएक ठंड लगा और लकवा का शिकायत हो गया। यह सुचना मृतक के परिजनों को मिला तो आनन फानन में उसे रांची कांके रोड एक हॉस्पिटल में लेकर भर्ती कराया गया। जहां उनका स्थिति बिल्कुल बिगड़ती हुई चली गई। जिससे पांच जनवरी को रात आठ बजे उनका देहांत रांची में हो गया। परिजनों ने सोमवार को शव झरपो पावर सबस्टेशन ले आया। यह सुचना बिजली विभाग को दिया गया जिसमें बिजली विभाग के कोई भी अधिकारी उस घटना स्थल पर नहीं पहुंचे। सुचना पाकर झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने बिजली विभाग के कॉन्टेक्टर एभरेस्ट कंपनी को और टाटी झरिया सीओ नीलू टुडू थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी को दिया गया। तो सभी ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थिति से रु बरु होकर विभाग से फोन से बात किया। जिसमें बिजली विभाग के अधिकारी ने बताया कि हमें ठिकेदार द्वारा इस कार्य का हैंड ओभर नहीं किया है। इसका देख रेख एभरेस्ट कंपनी ही कर रहा था। तो इस घटना का भरपाई वही करेगा।

### क्या कहते है परिजन

मृतक के पत्नी का कहना है कि मेरे पति को कंपनी द्वारा 10 महीना से वेतन नहीं मिला है। चार बेटा है मेरे परिवार में एकही कमाऊ आदमी थे मैं बाल बच्चे को जैसे पालेंगे। हमे एक परिवार का नौकरी और 10 माह का बकाया वेतन और पांच लाख रुपया चाहिए। मेरा पति को मृत्यु ड्यूटी समय हुई है। इसपर स्थानीय मुखिया भी विभाग से बात कर हर संभव मदद करने का भरोसा दिया है। सीईओ नीलू टुडू ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है। और कंपनी से तत्काल 10 हजार रुपया अग्नि संस्कार के लिए दिलाया है और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। इस स्थल पर कालेश्वर मिस्त्र दयाल प्रसाद, एवं सभी समाज सेवी उपस्थित थे।

# घर के आहाते में मुर्गी पालन पर आईसीएआर का सकारात्मक पहल आदिवासी किसानों को प्रशिक्षण हेतु दूसरा जत्था रवाना

● आहाते में वनराजा मुर्गी पालन से बढ़ेगी आदिवासी किसानों की आमदनी- डॉ विशाल नाथ




स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान झारखंड गौरियाकरमा के तत्वधान में मुर्गीपालन के उत्तम गुण सिखने और मुर्गीपालन से आमदनी और स्वास्थ्य के सुधार को ध्यान में रखते हुए आज 25 किसानों का पहला दल केन्द्रीय कुक्कुट अनुसंधान संस्थान, बरेली के लिए रवाना किया गया। बताते चलें कि संस्थान द्वारा संचलित आदिवासी उप परियोजना के अंतर्गत यह कार्यक्रम अयोजित किया जा रहा है जो 5 दिनों तक 06-12 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस दल में हज़ारीबाग के दो प्रखंडो चुरचू, बरही और रांची के किसानों को चयनित किया गया है। इस दल में 4 महिला और 21 पुरुष किसानों को शामिल किया गया है। संस्थान के विशेष कार्य अधिकारी का कहना है कि ऐसे 4-5 दल भविष्य में प्रशिक्षण के लिए भेजे जायेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त किसानो को उन्नत नस्ल के चूजो को भी मार्च में जब तापमान बढ़ जायेगा, देने का प्रावधान परियोजना में किया गया है।

डॉ. विशाल नाथ ने बताया कि आदिवासी किसानो से उनके इच्छा के अनुरूप उपक्रय जैसे खेती, बागवानी, मुर्गीपालन, सुवर पालन, मशरूम आदि का विकल्प मांगा गया था, जिसमें हर क्षेत्र के लिए किसानो का चयन किया गया है और धीरे- धीरे सभी किसानो को उनके मन मुताबिक विकास में मदद की जायेगी। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूर्व में फसल के बीज फलदार पौधे आदि आदिवासी किसानों को उनके मन मुताबिक मुहैया कराता रहा है। मुर्गी पालन के प्रशिक्षण का नेतृत्व डॉ मोनिका कर रही है जो कुक्कुट पालन विषय की वैज्ञानिक है तथा पुरी योजना को डॉ पंकज कुमार सिन्हा, नोडल अधिकारी के नेतृत्व में किया जा रहा है। किसानों के दल को डॉ. विशाल नाथ और डा सनत कुमार महन्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डा मोनका, डा. दीपक कुमार गुप्ता, मनोज चौधरी, डॉ कृष्ण प्रकाश डा निरंजन कुमार, अरुण रजक, हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बादल कुमार सहित अनेक वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## बरही प्रखंड में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित, संगठन के मजबूती पर जोर

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही प्रखंड के भारतीय जनता पार्टी पूर्वी मंडल के अंतर्गत सत्संग भवन में सदस्यता अभियान सत्र 2024-30 को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रवासी पदाधिकारी सह प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने की। बैठक में प्रवासी पदाधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी के साथ जुड़ सकें और संगठन को सशक्त किया जा सके। मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल पार्टी को विस्तार देने का माध्यम है, बल्कि आम जनता से जुड़ने और उनके मुद्दों को समझने का भी एक मौका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। बैठक में मंडल और प्रखंड स्तर के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, इंद्रदेव यादव, कांति देवी, रवि यादव, केदार राणा, पंकज कुमार राणा, विनोद यादव, केदार यादव, संजय यादव, मनोज कुमार केसरी, ब्रह्मदेव प्रसाद यादव, जितेंद्र पंडित, दिनेश



कुमार, विजय राणा, संतोष यादव, अभिषेक केसरी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।सभी ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की और अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से अभियान चलाने का संकल्प लिया। इस बैठक के माध्यम से भाजपा ने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने तथा आगामी चुनौतियों का सामना करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

# आदमी अब घर से बाहर क्या खाएं?

हाल में खबर आई है कि आगरा में 18 प्रसिद्ध और बड़ी कंपनियों के नाम से नकली घी तैयार हो रहा था। तैयार घी की पूरे यूपी समेत कई प्रदेशों में सप्लाई होती थी।इस घी से बाजार में फास्ट फूड तैयार होते हैं।पहले भी समय -समय पर नकली घी पकड़ा जाता रहा है। बाजार में पनीर, दूध, मावा और अन्य खाद्य पदार्थ के नकली होने की शिकायतें मिलती रहती हैं।आटा,दाल और अन्य खाद्य सामन भी घटिया क्वालिटी का पकड़ा जाता रहा है।पिछले कुछ समय से खाने या पानी में थूकने, पेशाब करने , खाने के बर्तन को नाली के पानी में धोने की शिकायते रहीं हैं। ऐसे में प्रश्न पैदा होता है कि आदमी घर से बाहर अब क्या खाएं? सफर में पेट भरने के लिए आदमी क्या करे? क्या हमें पुरानी स्थिति पर जाना होगा, जब आदमी घर से ही खाना लेकर चलता था। घर का खाना खत्म होने पर फल खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का नही खाता था। या अब उसे घर से बड़ी कंपनियों के रेटीमेड फूट पैकेट लेकर चलने होंगे?

आगरा के ताजगंज के मारुति सिटी रोड पर नवविकसित कॉलोनी के प्लॉट में नकली देसी घी तैयार करके पूरे प्रदेश में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस और एसओजी की टीम ने छापा मारकर अमूल, मधुसूदन, पतंजलि सहित 18 मशहूर ब्रांडों के नाम की पैकिंग में नकली देसी घी जब्त किया है। इसमें रिफाइंड व अन्य कैमिकल की मिलावट की जा रही थी। फैक्टरी के मैनेजर सहित पांच लोग गिरफ्तार किए हैं।

डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि मारुति सिटी रोड पर मारुति प्रभासम कॉलोनी में राजेश अग्रवाल नामक व्यक्ति के प्लॉट में टिन शेड डालकर फैक्टरी संचालित की जा रही थी। प्लॉट किराए पर ले रखा था। पूछताछ में बताया गया कि ग्वालियर निवासी बृजेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, नीरज अग्रवाल का प्योर इट के नाम से देसी घी का ब्रांड है। उन्होंने करीब छह माह पूर्व फैक्टरी खोली थी। कॉलोनी के राजेश भारद्वाज को मैनेजर बनाया था। बाजार से जिस ब्रांड की डिमांड मिलती थी, उसी ब्रांड के स्टिकर लगाकर टिन और डिब्बों में पैक कर दिया जाता था। प्रेस को यह भी बताया गया कि फैक्टरी में भारी मात्रा में बना हुआ घी, कच्चा माल, कई कंपनियों के स्टीकर, प्रयोग की जाने वालीं मशीन, पैकिंग मशीन आदि बरामद की गई हैं। बरामद माल की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। पुलिस फैक्टरी के संचालक और कर्मचारियों के विरुद्ध अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर रही है। एफएसडीए की टीम को भी कार्रवाई के लिए बुलाया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि छापे से कुछ देर पहले ही नकली देसी घी के 50 टिन की खेप मेरठ भेजी गई थी। इस माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि नकली देसी घी प्रदेश के अलावा आसपास के राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था।

पॉम आयल, रिफाइंड, वनस्पति और एसेंस से तैयार हो रहा था।सुगंध असली घी जैसी और दाने भी रवेदार, एकबारगी तो पुलिस टीम को भी असली घी का भ्रम हुआ। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि वह खुद मौके पर पहुंचे। सबसे पहला सवाल यह किया कि घी कैसे बनाते थे। आरोपियों ने बताया कि देसी घी की लोगों को पहचान नहीं है। कोई खुशबू देखता है तो कोई दाने। वो लोग पॉम ऑयल, रिफाइंड, वनस्पति घी, कैमिकल को मिलाकर देसी घी तैयार किया करते थे। उसमें एसेंस मिलाते थे। ताकि खुशबू आए। मौके से एक्सपाइरी डेट का रिफाइंड भी मिला। पुलिस ने आरोपियों से पूछा कि इसको क्यों खरीदा। मजदूरों ने बताया कि एक्सपाइरी डेट का माल सस्ता मिलता है। जब वे देसी घी बनाते थे तो इस रिफाइंड का भी प्रयोग करते थे।

आगरा पुलिस के अनुसार बिल्टियों की जांच में पता चला कि नकली देसी घी को राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, असम व बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा शहरों के फास्ट फूड बाजारों में सीधे बेचा जाता था। इसी घी से डोसा, भल्ले, समोसे और आमलेट तक बनाया जाता था। खाद्य और औषधि विभाग ग्वालियर के अनुसार रामनाथ अग्रवाल व उनके परिवार के लोग पहले नकली घी के कारोबार में लिप्त थे और रासुका भी लगी थी।2010 के बाद से इन्होंने ग्वालियर छोड़ दिया था। इससे पहले 24 नवंबर 2023 को दिल्ली पुलिस ने द्वारका में एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, जहां मिलावटी घी बनाया जाता था और उसे पतंजलि, मदर डेयरी और अमूल जैसे ब्रांड का स्टिकर लगे हुए कंटेनर में भरकर बेचा जाता था। बाबा रामदेव की नामी-गिरामी कंपनी पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग के द्वारा साल 2021 में दीपावली के पर्व पर टिहरी जनपद के घनसाली में एक दुकान से सैंपल भरा गया था। इसके बाद सैंपल को राज्य की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया तो, सैंपल फेल पाया गया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा कंपनी को नोटिस जारी किया तो, कंपनी ने राज्य की लैबोरेट्री को रिपोर्ट को गलत साबित किया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा केंद्रीय प्रयोगशाला में सैंपल भेजा गया तो केंद्रीय प्रयोगशाला में भी बाबा रामदेव की पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल फेल पाया गया।



आज लोगों का घर से निकलना, घूमना, यात्र करना, विभागीय कार्य से बाहर जाना आम बात है।इन लोगों को ऐसे में घर से बाहर ढ़ाबों, होटल और फाष्ट फूड सैंटर से ही पेट भरना होता है। बाजार में नकली दूध पनीर की पहले ही शिकायत रही हैं।अन्य खाद्य पदार्थ की भी शुद्धताकी कोई गारंटी नही। बिजनौर जनपद के चांदपुर क्षेत्र में पिछले साल नवरात्रि के अवसर पर बाजार में बिक रहे घटिया क्वालिटी का कोटू का आटा का खाकर काफी व्यक्ति पहले ही बीमार पड़ चुके हैं। पिछले एक डेढ़ वर्ष से शिकायत मिल रही हैं कि कुछ लोग खाने में थूक रहे हैं। फलों पर पेशाब डालकर छिड़क रहे हैं।ब्रेड में थूका जा रहा है। खाने की सामग्री अपवित्र कर बेची जा रही है।

मानव की फितरत रही है कम पैसा लगाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाना। उसे इससे कोई मतलब नही कि उसके द्वारा उत्पादित खाद्य सामग्री खाने से खाने वाले पर क्या असर पड़ेगा। नकली सामान तैयार करने वालों को इससे कोई लेना - देना नही कि उनके द्वारा तैयार नकली और निम्न क्वालिटी के सामान के प्रयोग करने वाला बीमार होगा या नही ।क्या असर होगा। वह मरेगा या जिएगा। इसे मिलावट को रोकने के लिए सरकार का आगे आना होगा। मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी और आजीवन कारावास जैसी सजा, संपत्ति की जब्ती जैसी कार्रवाई अमल में लानी होगी।भोजन को अशुद्ध करने के मामले में धर्म गुरूओं को आगे आकर जनचेतना पैदा करनी होगी। यदि ऐसा न हुआ तो हो सकता है, कि आने वाले समय में आदमी आज से 100 साल पीछे की हालत में चला जाए।यह घर से खाना और सफर में तैयार किए जाने वाले खाने का सामान लेकर चलता । इस सामान के खत्म होने पर यह विवशता में फल आदि खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का कुछ नही खाता था। यह भी हो सकता है कि आने वाले समय में सफर पर जाने वाला अपने साथ बड़ी कंपनी की तैयार खाद्य सामग्री लेकर चले और सफर में उसी से उदर पूर्ति करे।

**अशोक मधुप**

# संपादकीय

## नेताओं का 'सॉफ्ट टारगेट' क्यों होती हैं महिलाएं?





दुनिया की राजनीति में महिलाएं ही 'सॉफ्ट टारगेट' क्यों होती हैं? इस यक्ष प्रश्न का उत्तर कोई दे नहीं पाया है, यहां तक कि खुद महिलाएं भी। महिलाएं नेताओं की बदजुबानी का रोज शिकार बनतीं हैं लेकिन वे इसका प्रतिरोध नहीं कर पातीं क्योंकि महिलाएं भी एकजुट नहीं हैं। उनका इस्तेमाल 'शो पीस' से ज्यादा नहीं है। इस मामले में भारत के तमाम राजनीतिक दल एक से बढ़कर एक हैं। आजकल देश की सबसे ज्यादा संस्कारवान पार्टी महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने में सबसे आगे हैं। महिलाओं के सम्मान और अपमान के बारे में सभी राजनीतिक दल समाजवादी हैं, यानि उनकी धारणा लगभग एक जैसी है। जो बात बरसों पहले आरजेडी के लालू प्रसाद यादव ने कही थी वो ही बात आज भाजपा के महाभद्र नेता रमेश बिधूड़ी ने कही है, इसलिए मुझे न कोई हैरानी हुई और न रंज। लालू प्रसाद यादव ने पटना की सड़कों को भाजपा सांसद और स्वप्न सुंदरी रह चुकी हेमामालिनी के गालों जैसा बनाने की बात कही थी। रमेश बिधूड़ी ने इसी काम के लिए प्रियंका वाड्रा का इस्तेमाल किया है। बिधूड़ी ने कहा कि यदि भाजपा दिल्ली विधानसभा के चुनावों में सत्ता में आयी तो काका जी की सड़कों को प्रियंका के गलों जैसा खूबसूरत बना देगी। अब ये बात अलग है कि क्या नौ मन तेल होगा और क्या राधा नाचेगी?

रमेश बिधूड़ी को आपने संसद में सुभाषित भाषा में भाषण देते सुना ही होगा, उन्होंने बसपा सांसददेनिश अली को क्या कह कर अपमानित किया था? वो शायद ही कोई भूला हो। रमेश बिधूड़ी अनाड़ी नहीं हैं। पढ़े-लिखे हैं। स्नातक हैं, विधि स्नातक भी हैं, तीन बच्चों के बाप हैं और तीन बार के विधायक भी। सांसद तो हैं ही इसलिए उनके अनुभव पर मै क्या, कोई भी ऊँगली नहीं उठा सकता। उन्होंने दिल्ली विश्व विद्यालय और चौधरीचरण सिंह विश्वविद्यालय से कौन सी भाषा सीखी है इसका प्रमाण देने की भी जरूरत नहीं है। कांग्रेस स्वाभाविक रूप से बिधूड़ी के ब्यान पर उखड़ी हुई है किन्तु मुझे बिधूड़ी पर दया आती है। दया आती है भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर जो बिधूड़ी को झेल रही है, हालाँकि भाजपा ही वो पार्टी है जो लोकसभा में नारी शक्ति बंदन विधेयक लाती है।देश की सड़कें हेमा मालिनी के गालों जैसीं बनें या प्रियंका के गलों जैसीं, इसका निर्धारण तो भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कर सकते है। प्रदेशों में ये काम लोक निर्माण मंत्रियों का है लेकिन इस बारे में कभी किसी सरकार ने कोई नीति निर्धरित नहीं की है ,इसलिए मुझे संदेह है कि रमेश बिधूड़ी का सपना पूरा होगा। लालू यादव का सपना पूरा नहीं हुआ। देश की और डबल इंजिन की कोई भी सरकार सड़कों को किसी हीरोइन या नेता के गालों जैसा बनवा ही नहीं सकती। क्योंकि ये असम्भव काम है। सड़कों की तुलना महिलाओं के गालों से करने वाले महिलाओं का कितना सम्मान और बंदना करते हैं ये बताने की जरूरत नहीं।

महिलाओं को लेकर हमारे भाग्यविधाताओं के क्या ख्याल हैं ये जानना हो तो अतीत को खंगालिए। कोई महिलाओं को एक करोड़ की बार वाला कहता है तो कोई जर्सी गाय। कोई राक्षसी कहता है तो कोई कुछ और। कांग्रेस के जमाने में महिलाओं को तंदूरी रोटी की तरह जला दिया गया था तो भाजपा के राज में वे हनी ट्रैप के लिए इस्तेमाल की गयीं। महिलाओं को लेकर कबूतरबाजी करने वाले हमारे देश के ही संसद हैं। महिलाओं को अग्नि के सामने सात फेरे लेकर जिंदगी भर भटकने के लिए छोड़ देने वाले नेता भी हमारे अपने देश के हैं ,वे इंग्लैंड या अमेरिका से नहीं आये।

हकीकत ये है कि एक तो महिलाएं राजनीति में अल्पसंख्यक हैं दूसरे उनका कोई माई-बाप नहीं है। कांग्रेस में श्रीमती इंदिरा गाँधी कैसे प्रधानमंत्री बन गयीं ये हैरानी का विषय है लेकिन किसी दूसरे राजनीतिक दल ने भले ही वो दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल ही क्यों न हो किसी महिला को न प्रधानमंत्री बनने दिया और और न अपनी पार्टी का अध्यक्ष। बहन मायावती और बहन ममता बनर्जी इसका अपवाद हैं क्योंकि वे स्वयंभू है। वे अपने दलों की सुप्रीमो हैं, ये भी दूसरे दलों के नेताओं को नहीं पचता। भाजपा तो हाथ धोकर इन दोनों बहनों को मिटटी में मिलने की कोशिश कर रहीं हैं।

मेरा मूल प्रश्न था कि भारत में महिलाएं राजनीति के क्षेत्र में सॉफ्ट टारगेट क्यों हैं? इसका उत्तर खोजिये। मिल जाये तो मुझे भी बताइये ,क्योंकि मेरी तो कुछ समझ में नहीं आ रहा। मुझे कोई महिला नेत्री भी इस प्रश्न का उत्तर नहीं दे रही। राजनीति में महिलाएं पहले भी खिलौना थीं और आज भी खिलौना ही है। मुमकिन है कि मेरे इस आलेख के बाद तमाम नारीवादी छद्म नेता, लेखक, पत्रकार मेरे ऊपर राशन- पानी लेकर पिल पड़ें, लेकिन मै अपनी धारणा बदलने वाला नहीं हूं, क्योंकि मुझे हर राजनीतिक दल में एक न एक बिधूड़ी नजर आ रहा है। किसी दल में ये संख्या कम है तो किसी में ज्यादा। महिलाओं का सम्मान करते हुए जेल यात्रा कर चुके अमरमणि त्रिपाठीआज किस दल में हैं आप खुद पता लगाइये।

महिलाओं के सम्मान के बारे में भाजपा कांग्रेस की नकल करने में नहीं हिचकती। कांग्रेस ने एक महिला को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया था सो भाजपा ने भी बना दिय। कांग्रेस ने एक महिला को राष्ट्रपति बनाया था सो भाजपा ने भी बना दिया। लेकिन भाजपा किसी महिला को प्रधानमंत्री नहीं बना पा रही। किसी को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बना पा रही। भाजपा तो छोड़िये, भाजपा को बनाने वाला राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पिछले सौ साल में एक भी महिला को संघ का सर संघ चालक नहीं बना पाया ,क्योंकि भाजपा की सनातन सियासी संस्कृति में -'नारी सर्वत्र वर्जत' सिखाया जाता है। मनु स्मृति की शिक्षा -यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः । यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः' रमेश बिधूडियों को नहीं दी जाती। ये सिर्फ एक नारा है जो मंचों से लगाया जाता है। अन्यथा सभी दल और सभी दलों के नेता नारी को द्रोपदी समझते है। सभी में द्रोपदी के चीरहरण की होड़ लगी है। बहरहाल मै रमेश बिधूड़ी और उन जैसे तमाम नारी विरोधी नेताओं की बुद्धि शुद्धि के लिए यज्ञ -हवन करने कोई जुगत बैठा रहा हूँ ,देखिये मुझे कितनी कामयाबी मिलती है। ऐसे बदजुबान नेताओं के खिलाफ जनमत न बनाया गया तो महिलाओं के गाल सड़कों की तुलना के लिए कल भी इस्तेमाल किये जाते थे,आज भी किये जा रहे हैं और कल भी किये जायेंगे। महिलाओ जागो,जागो महिलाओ। राजनीति से ऊपर उठकर लालुओं,बिधूडियों का बहिष्कार करो।

**राकेश अचल**

# भूलते मर्यादित भाषा जन नेता

अपनी ओछी बयानबाजी से एक बार फिर चर्चा में आए हैं दिल्ली वधिानसभा चुनावों में कालकाजी से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व सांसद रमेश बिधूडी, जिन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इलाके की सड़के ऐसी बनवा दूंगा जैसे प्रियंका गांधी के गाल और अब सीनाजोरी का पराकाष्ठा यह है कि माफी की मांग पर उनका कहना है कि ऐसे ही अपने एक पुराने बयान पर पहले लालू प्रसाद यादव माफी मांगे तब मैं माफी मांगूगा। रमेश बिधूडी पहले भी अपने अनियंत्रित व्यवहार और घटिया बयानबाजी से सुर्खियां बटोर चुके हैं। तब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान इन्होंने गुस्से में अपने साथी सांसद को उग्रवादी और अन्य अपशब्दों से संबोधित किया था जिसका लाइव प्रसारण लोकसभा टीवी पर पूरा विश्व देख रहा था। एक जनप्रतिनिधि की भाषा और व्यवहार मर्यादित होना ही चाहिए। उसका व्यक्तित्व शालीन होना ही चाहिए परन्तु यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि देश को इस घटिया राजनिती के मुहाने तक लाने में हम भी उतने ही जिम्मेदार है जितने की ये नेता। इन नेताओ की घटिया शब्दावली को प्रोत्साहन तो हम ही देते है। इनके निम्न दर्जे के ब्यानों पर तालीया तो हम ही पीटते हैं और फिर इनकों वोट देकर जितवा भी देते हैं। पहले तो नेता कैमरे पर दुर्व्यवहार करने से डरते थे परन्तु अब तो दर्जनों कैमरो के सामने भी महिला या पुरुष का भेदभाव किए बिना एक्शन हीरो बनने से नही हिचकिचाते हैं। आज के परिप्रेक्ष्य में अमर्यादित शब्दों का भाषणों और वक्तव्यों में इस्तेमाल किसी नेता की लोकप्रियता को चरम पर पहुंचाने का शोयर शोट फार्मूला बन गया है। इस तरह की निम्न स्तरीय भाषा युक्त बयान तो 24म7 चलने वाले न्यूज चैनल्स के लिए 'एनर्जी ड्रिंक' की तरह होते है। सोशल मीडिया पर बनते मीमस को भी 'किक' इन घटिया वक्तव्यों से ही मिलती है। ऐसी भाषा का प्रयोग करने वाला नेता रातों रात सुपर हिट हो जाता है। यह कुछ कुछ ऐसा ही है जैसे यदि बालीवुड की एक फिल्म का आइटम सांग हिट हो जाए तो बाकि फिल्म निर्माता भी फिल्म की स्टोरी को भूल उसी तरह के आइटम सांग की फिल्म में जगह पक्की कर देते है। अब राजनिती में भी यही फार्मूला चल निकला है। यदि आज आप किसी न्यूज चैनल पर हो रही डिबेट देख लें तो आप को लगेगा ही नही कि आप भारत की बड़ी-बड़ी पार्टियों के बुद्धिजीवी प्रवक्ताओं के विचार सुन रहे है। सब का एक सा अनियंत्रित अमर्यादित व्यवहार, घटिया शब्दावली, टुच्ची हरकतें और ऊपर से सोने पर सुहागा उस बहस को संचालित करते एंकर,जिनका काम ही आग में घी डालने का होता है। थोडा सा घी डालते ही राजनितिक दलों के नेता एक दूसरे के लिए भद्दे शब्दों की ज्वाला उगलने लगते हैं। आज-कल राजनीती में इस्तेमाल होती भाषा को देख वो दिन दूर नही लगता जब नेता अपने विरोधियों को चुनावी रैलियों और मंचो से गंदी गालिया देने से भी नही हिचकिचाएंगे। हम मौत का सौदागर, जर्सी गाय, नीच, फैंकू, छोडू, पप्पू, मंदबुद्धि, चौकीदार चोर, कफन चोर, मूर्खो का सरदार, पनौती, जेबकतरा आदि जैसे शब्द सुनते आए हैं। निस्संदेह जैसी भाषा का इस्तेमाल आज राजनीती में हो रहा है वो सुन पूरे देश का सिर शर्म से झुक जाता है। यह किसी एक पार्टी का हाल नही बल्कि आज के नेता शोले का डायलाग 'गब्बर सिंह तुम एक मारोगे,हम चार मारेंगे' के अर्थ को दिमाग मे बैठा कर विरोधियों के खिलाफ शब्दो का चयन करने लगे हैं। इन्ही रमेश बिधूडी को सांसद रहते दूसरे सांसद को गालीया देता हुआ हम अभी कुछ दिन पहले ही लोकसभा चैनल पर लाईव देख चुके है। एक नेता पर लगे खिलाडियों के यौन शोषण के सवाल पर एक महिला पत्रकार से उस नेता का दुर्व्यवहार भी हमने कैमरे पर देखा है। ज्यादा पीछे ना जाए तो शशि थारूर की गर्लफ्रेंड और बाद में पत्नी बनी महिला को 50 करोड की गर्लफ्रेंड कहना, अखिलेश का भरे सदन में उपमुख्यमंत्री को तेरे बाप का पैसे है कहना, आजम खान का जयाप्रदा पर ब्यान, लालू का हेमा मालिनी के गाल, चायवाला, बारबाला आदि जैसे अमर्यादित शब्दों ने बहुत सुर्खिया बटोरी थी। भारत में हर बड़े-छोटे राजनितिक दल के नेता की बदजुबानी लोगो ने देखी भी है और सही भी है। पहले के ज्यादातर नेताओं में संयम, मर्यादा, शालीनता उच्च स्तरीय थी। पक्ष-विपक्ष तब भी था परन्तु मन में एक दूसरे के लिए सम्मान था।एक नेता की कही बात पूरा सदन सुनता था। इस देश ने ऐसा पक्ष विपक्ष भी देखा है जिसमें प्रधान मंत्री नेहरू का अपने मर्यादित भाषण से विपक्षी सांसद अटल बिहारी वाजपेई सदन में विरोध करते हैं और जब वही प्रधानमंत्री उसी शाम जब सदन के बाहर उस सांसद से मिलते हैं तो उसकी पीठ थप थपा के कहते हैं कि अटल आज सदन में तुम बहुत दमदार बोले,बहुत बहुत बधाई तुम्हारे इस भाषण के लिए और वो सांसद भी हाथ जोड़ नतमस्तक हो अपने विपक्षी वरिष्ठ नेता का आशीर्वाद ग्रहण कर लेता है। इमरजेंसी में सभी बड़े बड़े नेता जेलों में ठूस दिए गए परन्तु उनके मुंह से कभी अमर्यादित शब्द नही निकले। सरकार की नीतीयों का विरोध पहले भी होता रहा परन्तु तथ्यात्मक बातों के साथ युं उल जलूल भाषा या गालियों का प्रयोग कर के नही। इसी सदन ने पक्ष विपक्ष में इतना सम्मान देखा है कि यू.एन.ओ में भारत की ओर से बोलने के लिए पूर्ण विश्वास से विपक्ष के नेता को भेजा जाता है। भारतीय राजनीती के पुरोधाओ ने उच्च नैतिक मूल्य और उच्च स्तरीय आचरण का पाठ इस सदन को पढाया परन्तु पिछले कुछ वर्षो में अपने विरोधियों के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देना, उनका मजाक उड़ाना, जाति और समुदाय को लेकर अनाप-शनाप बातें करना राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन गया है। इन नेताओ पर केस भी दर्ज करवाए जाते है पर होता कुछ नही।राजनीति में गिरते भाषा के स्तर को सुधारने के लिए राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग को सख्त रवैया अपनाना चाहिए। अमर्यादित भाषा एवंम गाली-गलौच करने वाले नेताओं को पार्टी नेतृत्व तुरन्त बाहर का रास्ता दिखाए। जनता को भी ऐसे नेताओं का बहिष्कार कर सबक सिखाना चाहिए।





**प्रो. आरके जैन**

स्वतंत्र प्रभात
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,**
**मो0: 7499472288**
E-Mail: news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संजीव-नी।

श्रेष्ठ राष्ट्र की पहचान,
परिश्रम और बलिदान।
महान राष्ट्र की पहचान,
युवा उठो जागो
अपने स्वयं को पहचानो,
श्रम शक्ति और लगन,
देश के विकास के लिए
तुम्हें पैदा करनी है अगन।
भारत है युवाओं का देश
अनेक है यहां परिवेश,
हमें आत्मनिर्भर है होना
विकास के योगदानों को
हमें नहीं है किसी तरह है खोना,
सुई से लेकर जहाज तक,
आलू से लेकर चावल दाल तक
हमें उत्पादन है बहुत बढ़ाना,

उठो वीर देश के नौजवानों
सीमा पर अपना सीना तानों,
युवा कंधों पर है तुम्हारे भार
समृद्धि और विकास की
वृद्धि करनी है आर-पार,
देश में हुए राणा प्रताप,शिवाजी सुभाष, नेहरू और महात्मा गांधी,
तुम्हें ही अपने कामों से बनना है
देश के लिए विकास की बड़ी आंधी,
नव जवानों उठो बढ़ो आगे
तुम्हें देश को ले जाना है
विश्व भर में आगे बहुत आगे,
अपनी शक्ति को पहचानो
भली-भांति उर्जा को जानो,
अपने दम पर सब कर सकते हो
अपने आप को सर्वोत्तम मानो,
उठो युवा वीर हो बलिदानी हो
अपने को तुम श्रेष्ठ ही जानो।

**संजीव ठाकुर**

# वेद उपनिषद ज्ञान और सन्मार्ग के बड़े स्रोत

### जीवन के परिष्करण का मार्ग धर्मग्रंथ।




भारतीय ऋग्वेद अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति सनातन ग्रंथों और संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस आद्योपांत अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थीद्य

गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब,

टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक शांति की खोज संदर्भ में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण हैद्य व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन हैद्य हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता हैद्य पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट होद्य

जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत होद्य इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।

यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है।

पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो,परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं।

श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। पर मूलत सफल होना ही पर्याप्त नहीं है। और जीवन की असली खोज निरंतर श्रम तथा सार्थकता है। केवल सफलता आपको अस्थाई तथा तत्कालिक मानसिक शारीरिक सुख प्रदान कर सकती है। पर चिरस्थाई तथा आत्मिक संतोष के लिए उसमें श्रम तथा सार्थकता का समावेश होना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर वह समाज के लिए एक आदर्श तथा उपयोगी मार्गदर्शक बन सकता है। इसलिए जीवन में केवल सफलता के पीछे ना जाकर श्रम, मेहनत और सार्थकता अत्यंत आवश्यक पहलू हैं।

**संजीव स्तंभकार, चिंतक लेखक**

# संक्षिप्त ख़बरें

## यू पी दिवस के लिए चयन 7 जनवरी को, खज़नी ब्लॉक सभागार में होगा चयन कार्यक्रम

**सिकरीगंज** क्षेत्र से यू पी दिवस के हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अतंर्गत सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में विंध्याचल आजाद को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया। विंध्याचल आजाद ने बताया कि 07/01/2025 को खजनी ब्लाक के सभागार में उपजिलाधिकारी खजनी, तहसीलदार तथा खण्ड विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन में विभिन्न विधाओं, गायन, वादन एवं नृत्य से संबंधित कलाकारों के चयन किया जाएगा। जो चयनित कलाकार जिला तथा मण्डल में आने के बाद यूपी दिवस के अवसर पर लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए जाएंगे। जिसमें संस्कृति विभाग की ओर से कार्यक्रम का प्रभारी विंध्याचल आजाद को बनाया गया है। कलाकारों को अपना वाद्य यंत्र अपने साथ लाना होगा। कलाकार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष रखी गई है। इसमें एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, जातीय नृत्य व आदिवासी नृत्य आदि शामिल है।गायन में शास्त्रीय गायन, लोकगायन, बिरहा, लोकगीत, आल्हा, दादरा, ठुमरी, गजल, कजरी भजन इत्यादि है।

## किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना है अनिवार्य, अगर फार्मर रजिस्ट्री नही हुई तो नही मिलेगा किसान सम्मान निधि- राजुकुमार एस डी एम



**गोलाबाज़ार गोरखपुर 6 जनवरी।** गोला तहसील के उपजिलाधिकारी राजू कुमार ने एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि वर्तमान समय मे फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है।इस कार्य मे ग्रामो के लेखपाल एवम विकास खण्ड के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। उक्त लोगो द्वारा किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। साथ मे यह भी अवगत कराना है कि अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर किसान फार्मर रजिस्ट्री करा सकता है। या स्वयं भी अपने मोबाईल से भी फार्मर रजिस्ट्री कर सकता है। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नही हुई है वह अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र या अपने लेखपाल से मिलकर उक्त कार्यवाही करा सकते है। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नही होगी वह किसान सम्मान निधि की किश्त के लाभ से वंचित रहेगा।

## जिलाधिकारी ने गोमती नदी तट के घाटों का किया निरीक्षण




**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने गोमती घाट का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने घाट पर गुटखा बेचने वाले दुकानदारों का गुटखा जब्त कराते हुये उसे नष्ट कराया तथा उन दुकानदारों को जब्त गुटखा की कीमत की धनराशि देते हुए कहा कि इस धनराशि से वे कोई अन्य खाद्य सामग्री बेचें तथा पावन गोमती नदी की पवित्रता को बनाये रखें। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी से अपील किया कि नदी के घाट पर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ तथा पॉलिथीन का प्रयोग न करें तथा घाट को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि घाट पर मादक पदार्थों का प्रयोग करने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसके पश्चात उन्होंने गरीब एवं ज़रूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण भी किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सहित स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे खाई में पलटा कंटेनर

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र में जीटी रोड पर गांव खेड़ा नारायन सिंह के पास किसी वाहन को बचाने के प्रयास में कोल्ड ड्रिंक से भरी कंटेनर गाड़ी सड़क किनारे खाई में पलट गई। जिसमें एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया और किसी के कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। चालक राजेश कुमार पुत्र लालाराम पाल निवासी कानपुर देहात ने बताया है कि वह सोमवार को वह कोल्ड ड्रिंग से भरे कंटेनर को बनारस से लेकर हापुड़ जा रहे था। इसी बीच सुबह समय करीब पांच बजे जैसे ही उसकी गाड़ी जीटी रोड पर गांव नारायण सिंह व रोहिना सिंहपुर के बीच पहुंची। तभी एक ट्रक चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए साइट दबा दी। जिसे बचाने के प्रयास में उसका कंटेनर असंतुलित होकर खाई में पलट गया है। गाड़ी में भरा माल और चालक दोनों सुरक्षित हैं।।

# गोरखपुर में हत्याकांड के विरोध में देवरिया बाई पास का फोरलेन मार्ग जाम, मृतक परिवार मुआवजे की मांग पर अड़े

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** गोरखपुर के रामगढ़ताल क्षेत्र में हुए एक हत्याकांड के विरोध में स्थानीय लोगों ने सोमवार को देवरिया बाईपास मार्ग जाम कर दिया। मृतक धर्मेंद्र निषाद के परिजन प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।घटना शनिवार को एक पारिवारिक समारोह में हुए विवाद के दौरान धर्मेंद्र पर हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र ने रविवार को दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि प्रशासन उनकी मांगों को अनसुना कर रहा है। उन्होंने मुआवजे की मांग करते हुए सड़क जाम कर दी। इस कारण यातायात बाधित हुआ और लोगों को काफी परेशानी हुई।

**क्या था मामला**

दरअसल- गुलरिहा के बरगदही में शनिवार की रात तेरहवीं भोज में प्रॉपर्टी डीलर ( पूर्व बीडीसी ) को उचित सम्मान नहीं मिला तो तेरहवीं में खाना खिला रहे साले-बहनोई पर साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया, आरोपित ने मफलर में ईंट-पत्थर भरकर दोनों युवकों को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया तथा पास में पड़ी ईंट से जान से मारने की नियत से तीन बार धर्मेंद्र के सिर पर वार किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था, रविवार को घायल धर्मेंद्र निषाद की मौत हो गई थी । मृतक के पिता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। प्रापर्टी डीलर और उसके तीन साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।

आज सोमवार को मृतक धर्मेंद्र के परिजनों मुवावजे की माँग को लेकर चिड़ियाघर के समीप देवरिया बाईपास मार्ग जाम कर दिया , चूंकि मृतक रामगढ़ताल क्षेत्र काँताराम क्षेत्र का मूल निवासी था, परिजन सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर देवरिया बाईपास के मुख्य मार्ग जाम कर दिया ,काफी बिरोध के बाद पुलिस के3 पशीने छूट गए ,काफी अस्वशन के बाद तीन घण्टे बाद पुलिस को राहत मिली । फिरहाल खबर लिखे जाने तक मार्ग नही खुला था ,

**क्या कहती पुलिस**

उक्त जाम को लेकर रामगढ़ताल थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। परिजन मुआवजे की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस मामले में अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। हत्याकांड के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोग प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

# कुत्तों के हमले में बंदर की मौत, हुआ अंतिम संस्कार

स्वतंत्र प्रभात




**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला उपनगर के बेवरी चौराहा स्थित रामजानकी मंदिर के सामने कुत्तों के हमले में एक बंदर की मौत हो गई। जिसके बाद मंदिर के पुजारियों के साथ शामिल अनेकों लोगों ने हिन्दू रीति-रिवाज के साथ बंदर की शव यात्रा निकालकर राम नाम सत्य है का उदघोष करते हुए मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया। प्राप्त बिबरण के अनुसार उपनगर के बेवरी चौराहा स्थित रामजानकी मंदिर के सामने रविवार की देर रात कुत्तों ने एक बंदर पर हमला कर घायल कर दिया था।सोमवार भोर में मंदिर के पुजारी शैलेष दास ऊर्फ मंटू बाबा उठे तो देखा कि एक बंदर मंदिर के सामने घायला अवस्था में पडा हुआ है तत्काल उसे उठा कर मंदिर परिसर में ले गये, उन्होंने सोचा इसे ठंड लगी होगी तो अलाव जलाकर उसे गर्मी देनी चाही लेकिन पता चला कि उसे तो कुत्तों काटकर घायल कर दिया था।कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह मृत बंदर की शव यात्रा निकाली गई, जिसमें राम नाम सत्य के उद्घोष भी किया गया। इसके बाद गोला के बेवरी स्थित मुक्तिधाम पर उसका अंतिम संस्कार मंदिर के पुजारी शैलेष दास ऊर्फ मंटू बाबा, महंत राजेंद्र दास महाराज व उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष बेवरी की अगुवाई में कर दिया गया।बन्दर के अंतिम संस्कार में चौराहे के जयराम, छोटू, मेजर, गन्नी, विजय, रामानंद मझवार सहित तमाम लोग शामिल हुए।

# ख़जनी में जारी हुआ नोटिस, नाली निर्माण में अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-खजनी-** सिकरीगंज मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले व्यक्ति नाम के साथ नोटिस दिया गया है। नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि व्यक्ति ने लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण किया है। व्यक्ति को 13 जनवरी, 2025 तक अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। यदि व्यक्ति ऐसा नहीं करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और अतिक्रमण हटाने का खर्च उससे वसूला जाएगा।जिस व्यक्ति को यह नोटिस मिला है, उसे निम्नलिखित कदम उठाने होंगे। नोटिस में दी गई सभी जानकारी को ध्यान से पढ़ें और समझें। विशेष रूप से, नोटिस में दी गई अंतिम तिथि और कानूनी कार्रवाई के बारे में दी गई जानकारी पर ध्यान देंने को कहा गया है।

हलाकि ख़जनी ब्यापारी समय कम मिलने को लेकर मौखित आपत्ति की है। ब्यापार मंडल अध्यक्ष ख़जनी रामबृक्ष बर्मा में कहा बिकास होना उचित है, नाली निर्माण से ब्यापारियों को लाभ मिलेगा, लवकिं समय आवधि कम दिया गया है, बिभाग को समय बढाना चाहिए, जिससे ब्यापारी अपने को ब्यवस्थित हो सकेंगे।

# संस्था अभिलाख फाउंडेशन ने कड़ाके ठंडी में बांटा कंबल व गर्म कपड़े




**गोंडा।** संस्था अभिलाख फाउंडेशन ने कड़ाके ठंडी में बांटा कंबल व गर्म कपड़े पिछले कई वर्षों से अभिलाख फाउंडेशन द्वारा लगातार गरीबों की हर तरह से सेवा किया जा रहा है इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग 700 कंबल अभिलाख फाउंडेशन के संरक्षक सुलह अधिकारी सदर गोंडा एडवोकेट रसिक बिहारी तिवारी के निर्देश पर संस्था के अध्यक्ष राजीव तिवारी व प्रबंधक अतुल तिवारी एडवोकेट द्वारा संस्था के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर ग्राम बनघुसरा, हरचंदपुर, पचरन,बेलवा फूलपुर मुरलीधर पुरवा गांव में तथा अन्य आसपास के क्षेत्र में बुजुर्गों गरीबों व असहायों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कंबल व अन्य गर्म कपड़े स्वेटर ,जैकेट , साल इत्यादि वितरित किया जा रहा है इस संबंध में संस्था के प्रबंधक अतुल तिवारी एडवोकेट ने बताया की ठंड के मौसम में बुजुर्गों गरीबों और असहाय पीड़ित परिवार उनके बच्चों को ठंड में रोते हुए देख उन्होंने यह कंबल वितरण व गर्म कपड़े, साल, जैकेट इत्यादि पिछले 7 वर्षों से बांट रहे हैं उन्होंने लोगों से यह अपील भी की है कि वह लोग भी गरीब की सेवा के लिए कंबल व अन्य गर्म वस्त्र बुजुर्गों व गरीबों को वितरित करें जिससे कि गरीब असहाय को भी ठंड से राहत मिल सके कंबल वितरण के दौरान संस्था के अध्यक्ष राजीव तिवारी, चेयरमैन संजीव तिवारी, सचिव अनिरुद्ध प्रसाद पांडे, लालजी तिवारी, मनोज तिवारी कोटेदार, बृजेश तिवारी मंडल अध्यक्ष, शिवकुमार मुनीजर, राजकुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

# छेड़खानी मामले में एफआईआर की विवेचना पर दबाव, गिरफ्तारी की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** जनपद चित्रकूट के भरतकूप थाना क्षेत्र के टिटिहरा रोड भरतकूप निवासी देशराज ने पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। यह घटना 7 दिसंबर 2024 को उनकी बेटी निशा के साथ हुई छेड़खानी के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद सामने आया है। एफआईआर में धारा 75, 333, 352, 351 (3), पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी, लेकिन प्रार्थी का कहना है कि आरोपीगणों द्वारा उनकी और उनकी बेटी पर धमकी और गाली-गलौज की जा रही है, जिससे जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। देशराज के अनुसार, आरोपियों के नाम छोटू पुत्र श्रीचन्द्र और नत्थू पुत्र गैवीशरण हैं, जो 7 दिसंबर के बाद से उन्हें और उनकी बेटी निशा को शराब पीकर धमकी दे रहे हैं। दोनों आरोपियों ने प्रार्थी और उनकी बेटी को बयान बदलने की धमकी दी है, जिससे सही तरीके से विवेचना करना मुश्किल हो रहा है। देशराज ने पत्र में कहा है कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी तुरंत नहीं की जाती है तो मामले की जांच पर गंभीर असर पड़ सकता है और न्याय का रास्ता मुश्किल हो सकता है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि थाना प्रभारी को निर्देशित करके आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए, ताकि इस मामले की सही तरीके से जांच की जा सके और न्याय सुनिश्चित हो सके। प्रार्थी के अनुसार, यह कदम मामले की सही विवेचना और त्वरित न्याय के लिए आवश्यक है, ताकि आरोपीगण कानून के शिकंजे में आ सकें और पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सके। अब यह देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और क्या आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द हो पाती है, ताकि पीड़ित पक्ष को राहत मिल सके और मामले की निष्पक्ष जांच हो सके।

# पड़ौसी ने फर्जी हस्ताक्षर कराकर हड़पी जमीन

**अलीगढ।** इगलास क्षेत्र में पड़ौस के रहने वाले दबंग ने एक व्यक्ति के फजी हस्ताक्षर कराकर जमीन हड़पने की कोशिश की तो जमीन स्वामी ने विरोध किया। विरोध करने पर दबंगों ने उसे जमकर मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है। गांव नगला भदिया निवासी चंद्रपाल सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी 278 वर्ग गज की जमीन है जिस पर पड़ौसी ने फर्जी तरीके से हस्ताक्षर करके उसकी जमीन हड़प ली है। जानकारी होने पर बात करने के लिए गया वहां से अपने घर वापस आया था कि रास्ते में चार लोगों ने घेर दिया और लाठी डंडा सरियों से प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया इतना ही नहीं कुछ देर बाद फिर चार लोग आ गए और उन्होंने भी पीटना शुरू कर दिया। चन्द्रपाल को अधमरा समझ कर छोड़कर भाग गए । शिकायतकर्ता के परिवार द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दे दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डाक्टरी परीक्षण के लिए स्वास्थ्य केंद्र इगलास ले जाया गया । जहां से गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल मलखान सिंह रेफर कर दिया गया है। आरोप है कि दबंग दवाब बना रहे

# खराब ट्रक को ठीक कर रहे मिस्त्री को पीछे से आ रहे डंपर से रौंदा

स्वतंत्र प्रभात



**राजापुर, चित्रकूट-** राजापुर थाना क्षेत्र के कर्वी राष्ट्रीय राजमार्ग मोहरवा अर्जुनपुर के बीच खराब ट्रक को ठीक कर रहे मिस्त्री, हेल्पर व ट्रक ड्राइवर को कर्वी की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ड्रंपर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मिस्त्री सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

रविवार की रात मोहरवा अर्जुनपुर के बीच खड़े खराब ट्रक को ठीक करने के लिए नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र मिश्रन पुरवा चिल्लीराकस निवासी शिवलाल उर्फ गुड्डा मिस्त्री पुत्र गरीबदास उम्र 27 वर्ष अपने हेल्पर मनीष पुत्र राम आसरे उम्र 21 वर्ष निवासी लूपलाइन राजापुर के साथ चार पहिया वाहन से रविवार की रात खराब ट्रक को बनाने के लिए करीब 12:00 बजे रात गए हुए थे चार पहिया वाहन की हेडलाइट जलाकर ट्रक को ठीक कर ही रहे थे की कर्वी की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंपर ने खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मिस्त्री शिवलाल उर्फ गुड्डा ,हेल्पर मनीष व ट्रक चालक त्रिवेणी प्रसाद पुत्र मुंगेश्वर यादव उम्र 37 वर्ष निवासी बाबूराम डी थाना लुटुवा गया बिहार गंभीर रूप से घायल हो गए और ट्रक खाई में जा गिरा और ट्रक के सामने खड़ी चार पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह अपने हमराही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में घायलों को भर्ती कराया प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने मिस्त्री की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलिज प्रयागराज रेफर कर दिया तथा घायल मिस्त्री हेल्पर व ट्रक ड्राइवर को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया, लेकिन घायल मिस्त्री ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया और उसकी मौत हो गई। उधर प्रभारी निरीक्षक राजापुर ने मृतक मिस्त्री के शव का पंचनामा कर शव विच्छेदन हेतु कर्वी भेज दिया है। डंपर चालक सोनू पुत्र रामचंद्र उम्र 32 वर्ष निवासी सहसो थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज डंपर से कूद कर फरार हो गया है।

मृतक शिवलाल उर्फ गुड्डा चार भाइयों में सबसे छोटा था मृतक के एक पुत्र रमाकांत 1 वर्ष है। मां भोडी देवी पत्नी शकुंतला देवी व अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उधर प्रभारी निरीक्षक के मनोज सिंह ने बताया कि मृतक का पंचनामा कर शव विच्छेदन हेतु कर्वी भेज दिया है डंपर को कब्जे में ले लिया गया है चालक की तलाश की जा रही है। अभी मृतक के परिजनों के द्वारा कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिली तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** जनपद में जरूरतमंदों,गरीबों और वंचितों की मदद के लिए तत्पर, महिला उत्थान के लिए प्रतिबद्ध और सामाजिक सरोकारों के लिए सजग और अग्रणी समाजसेवी संस्था अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने रविवार को नव वर्ष की स्वागत के लिए छोटी काशी महादेव मंदिर प्रांगण में एक समागम का आयोजन किया। जिसमें समागम में संस्था के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सपरिवार हिस्सा लिया। समागम के लिए एकत्र संस्था के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और उनके परिजनों ने आदि गंगा गोमती के पावन तट पर स्थित छोटी काशी के पांचो शिवाला मंदिर और बड़े हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। एकत्र हुए कार्यकताओं ने परिसर में बैठकर भजन गए और एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

रविवार का अवकाश, गोमती का किनारा,हरे भरे पेड़ पौधों की प्राकृतिक छटा और बाबा भोलेनाथ का आंगन , सभी अतिथियों ने इस अवसर का भरपूर भरपूर आनंद उठाया। सुरुचिपूर्ण स्वल्पाहार और आथित्य ने इस आनंद को दुगना कर दिया। प्राकृतिक सुरम्य स्थान पर चलहकदमी, गपशप, अंताक्षरी और पतंगबाजी के बीच कब शाम हो गई, पता ही नहीं चला।, संस्था ने विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत प्रचारक, संगठन मंत्री मंत्री जिलाध्यक्ष, मंदिर के पुजारी जी के साथ समस्त ट्रस्ट परिवार के सदस्यों को भी शाल हनुमान चालीसा के साथ तुलसी का पौधा उपहार स्वरूप भेट किया एवं अपना सर्वश्रेष्ठ देने वाले सदस्य और पदाधिकारी को सम्मानित भी किया गया।

अतुल वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष और समाज सेविका उर्वशी सिंह ने कहा कि यह आयोजन गत वर्षो में समाज सेवा से जुड़े लोगों का सम्मान करने और आगामी वर्ष के लिए नई ऊर्जा और स्पूर्ति प्राप्त करने के लिए किया गया था। छोटी काशी के इस पावन स्थल पर आकर मैं मानसिक शारीरिक और आध्यात्मिक ऊर्जा मिली है। जिससे मैं समाज के लिए कुछ और बेहतर करने का प्रयास करूंगी। इस अवसर पर राधिका सिंह कंचन सिंह नागेंद्र नाथ सिंह डॉ पी के सिंह, रजत सिंह, डॉ समर बहादुर सिंह, उदय प्रताप सिंह, आभास, विस्वास, बिट्टू किन्नर, मीना गुप्ता, शिवांगी खरे, नीतू सोनी, पूनम सिंह, यशिका गुप्ता, स्वप्निल श्रीवास्तव, पायल किन्नर, किरण किन्नर, ज्ञान चंद गुप्ता, आशीष श्रीवास्तव, सूरज सेठ, विमल सिंह पिंटू गिरी, , कृष्णा साहू, सुधांशु विश्वकर्मा, पिहू खरे, अन्य लोग मौजूद रहे।

# 32 घंटे से लापता दंपति को स्ष्ठक्रस्न पुलिस कुँए में खोज रही है

स्वतंत्र प्रभात



**शाहगंज,जौनपुर।** स्थानीय तहसील के खुटहन थाना क्षेत्र में खेत की सिंचाई करने गए 32 घंटे से लापता पति - पत्नी के गायब होने का मामला सामने आया है। खुटहन थाना क्षेत्र के मलूकपुर गांव का बताया जा रहा है लापता दंपत्ति की बेटी सरिता कुमारी के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जौनपुर पुलिस लखनऊ एस डी आर एफ टीम के साथ खोज रही है। प्राप्त जानकारी के मुताविक रविवार सुबह 6 बजे उक्त गांव के दंपत्ति खेत की सिंचाई करने के लिए गए थे जब घंटो समय बीत जाने के बाद घर नही लौटे तो परिजनों घबराने लगे इधर उधर खोजने लगे जब उनका कही पता नही लगा तो इसकी जानकारी संबंधित थाने को दी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश करने लगी एक दिन बीत जाने के बाद जब उनका सुराग नही लगा तो यहाँ की स्थानीय पुलिस संदिग्ध परिस्थितियों में 32 घंटे से गायब दम्पति का नही लगा सुराग, लापता दंपति की बेटी सरिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज , यूपी की SDRF टीम के साथ पुलिस दोनों की तलाश मे जुटी।

ग्रामीणों ने बताया कि मलूकपुर गांव निवासी राम चरित्र गौतम ( 55 ) अपनी पत्नी किसमती देवी ( 50 ) वर्ष के साथ तड़के सुबह खेत की सिंचाई करने गए थे उक्त गांव निवासी सिंटू सिंह की खेती अधिया पर करते थे गांव के बगल फसल की सुरक्षा के लिए छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खुले तार से घेराव किया गया था। स्वजनों को आशंका है कि तार में करंट सप्लाई हो रही थी जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई होगी खेत स्वामी स्वजनों समेत घर छोड़कर फरार है। इस मामले की जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि 5 जनवरी को मलूकपुर गांव निवासी दंपत्ति खेत मे काम करने गए थे काफी समय से जब वह घर वापस नही लौटे तो गायब राम चरित्तर की बेटी सरिता कुमारी ने इसकी जानकारी थाने पर दी उनकी तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

# कांग्रेस प्रभारी ने जिला संगठन के पुनः निर्माण के लिए जिला व नगर अध्यक्ष के प्रत्याशियों के लिए साक्षात्कार

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** कांग्रेस के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, ने जिला संगठन के पुनः निर्माण के जिला व नगर अध्यक्ष के प्रत्याशियों के साक्षात्कार लिए। भारी गहमागहमी के बीच जनपद के तमाम बड़े नेताओं ने अपना दावा पेश किया। तदोपरांत ग्राम पंचायत हरदुआ, समाधगंज दलित बस्ती में चौपाल को संबोधित किया। चौपाल मे राजेश तिवारी ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी अंबेडकर के संविधान और गांधी की विचारधारा को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। देश मे सर्व जातीय सम्मान और आपकी सौहार्द के लिए बाबा साहब भीम राव आंबेडकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचारधारा सामान थी।

आंबेडकर ने अछूतों के लिए राजनीतिक सुरक्षा उपाय स्थापित करने की दिशा में काम किया, अंबेडकर ने दलितों के अधिकारों के लिए लड़े गए सामाजिक आंदोलनों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने "दलित वर्गों" के सामाजिक उत्थान के लिए आदर्श वाक्य दिया "शिक्षित बनो, आंदोलन करो, संगठित हो जाओ"। आज भाजपा सरकार संविधान पर नहीं उनकी संगठन शक्ति और आंदोलन शक्ति पर प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह देश आंबेडकर के संविधान और गांधी जी की विचारधारा से ही विकसित हो सकता है आर एस एस की विचारधारा से नहीं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज़, नगर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम, पंकज सोनकर, सत्यवीर सिंह, संदीप सोनकर, छोटेलाल यादव, राकेश उपाध्याय, तिलकधारी निषाद, मंगला गुरु, बाबा सिंह, दिनेश सरोज, रेखा



सिंह, विद्यापति द्विवेदी, देवानंद मिश्रा, जय प्रकाश तिवारी, लव गुप्ता, गौरव सिंह, राकेश सिंह, प्रमोद मिश्रा, नीरज राय, राजकुमार गुप्ता, विनय तिवारी, सुभाष मौर्य, विजय वर्मा, संजय माली, राजीव निषाद, रमेश पाल, विनय शुक्ला, नरेंद्र पटेल, बालकृष्ण शुक्ला, अमित मिश्रा, अमन सिन्हा, अमीश श्रीवास्तव, शाहनवाज, अबुजर, बबलू गुप्ता, नेसार इलाही, कमला गौतम, करिश्मा गौतम, आदि मौजुद रहे।

# चाय का शौक युवक को पड़ा भारी सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**- अक्सर नगर के नौजवान युवा तेज रफ्तार वाहन से ग्रुप बना कर चाय पीने केशवपुर जाते हैं**

**जौनपुर।**कोतवाली थाना क्षेत्र के रासमंडल निवासी युवक अभिषेक कपूर उम्र 18 वर्ष पुत्र अतुल कपूर अपने दो दोस्तों के साथ स्कूटी से केशवपुर क्रासिंग के निकट चाय पीने रविवार की शाम को लगभग 7:00 बजे के आसपास गया था वहां से वापस लौटते हुए तभी लगभग 9:00 बजे पंचहटिया में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। ज्ञात हो कि शहर के ज्यादातर युवा रात में उक्त क्षेत्र में आते जाते रहते है जो कि हाइवे पर होने की वजह से और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कही चिटफंड के षिकार व्यौहारी क्षेत्र की जनता तो नही हो रही

### आकाष पथ नामक ग्रुप में तीन साल में डबल मुनाफा का दे रही लालच क्या सही है, जॉच का विषय




**शहडोल** इन दिनों सूत्र के अनुसार समूचे व्यौहारी में यह चर्चा का विषय है कि 1 करोड़ रू. निवेष कर तीन साल में डबल राषि एवं कार व निवास के जमीन आकाष पथ नामक ग्रुप द्वारा दिए जाने का प्रलोभन सुर्खियों में है। क्या भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक व म.प्र. सरकार से पंजीकृत मान्यता प्राप्त ऐसी ग्रुप है जो आम जनता को इस तरह का लालच देकर क्षेत्र की भोली भाली जनता को भरोषा दिलाया जा रहा है कि तीन साल में डबल मुनाफा पाकर आकाष पथ ग्रुप का लाभ उठाए स्थानीय नागरिको ने इस पर जिला प्रषासन व स्थानीय प्रषासन से शीध्र संज्ञान में लेकर जॉच कर वास्तविकता को उजागर करने की मांग की है जिससे मेहनत व गाड़ी कमाई का पैसा कहीं गलत किसी चिट फंट कम्पनी के रूप में नही किया जा रहा है।

## कृष्ण बलराम इस्कॉन मंदिर मामले में एसएसपी के आदेश पर एफआईआर

### दान और रसीद बुक को लेकर कर्मचारी रफू चक्कर



**मथुरा।** कृष्ण बलराम इस्कॉन मंदिर एक बार फिर सुर्खियों में है। एक बार फिर मंदिर का कर्मचारी मिलने वाले दान और उसकी रसीद बुकों को लेकर रफू चक्कर हो गया है। दान में मिली रकम करोड़ों में बताई जा रही है। मंदिर के चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर ने शिकायत की है। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली में नामजद कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में लगी है। इस्कॉन मंदिर के मेंबर शिप डिपार्टमेंट में कार्यरत मुरलीधर दास पुत्र निमाईचंद यादव निवासी श्रीराम कॉलोनी, राऊगंज वासा, इंदौर, मध्य प्रदेश हाल निवासी ओवरब्रिज के पास, छटीकरा, थाना जैत को दान दाताओं को दान रसीद देने के लिये नियुक्त किया गया था। आरोप है कि मुरलीधर ने इस्कॉन के खाता से 32 रसीद बुकें लेकर अपने पास रख लीं और दान दाताओं द्वारा दी गई करोड़ों रुपये को हड़प लिया। रसीद बुकों और दान में मिले रुपयों को लेकर वह मंदिर छोड़कर भाग गया। दान की रसीद बुकों और रुपयों को लेकर फरार हुए कर्मचारी के खिलाफ मंदिर के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) विश्वनाम दास ने 27 दिसंबर को एसएसपी को शिकायत पत्र दिया। एसएसपी के आदेश पर गुरुवार की देर रात मुरलीधर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। रमणरेती पुलिस चौकी प्रभारी शिवशरण सिंह को विवेचना सौंपी गई है।

**वर्जन-** इस्कॉन वृन्दावन में मेंबरशिप डिपार्टमेंट में काम करने वाले मुरलीधर नामक कर्मचारी पर आरोप है कि उसने दान की रसीदें काट कर रकम का हिसाब नहीं दिया है, मंदिर प्रबंधन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करआरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तार कर लिया जाएगा। -अरविंद कुमार, एसपी सिटी

## अवैध खनन कर रहे लोगों ने वन कर्मी को मारपीट कर उंगली तोड़ी, केस दर्ज




**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के नौगढ़ रेंज के अन्तर्गत अलीदापुर क्षेत्र के गुदराही में आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना किसी ने वन विभाग को दी सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम पर अवैध खनन कर रहे आधा दर्जन से अधिक लोगों ने वन विभाग के कर्मचारी को घेरकर मारपीट की। इस दौरान अवैध खनन कर रहे लोगों ने दैनिक वनकर्मी रामवृक्ष की मारपीट कर ऊंगली तोड़ दी और वन विभाग के कर्मचारी मकसूद को ईट से भी प्रहार कर घायल कर दिया। अवैध खनन कर रहे लोगों ने उसके ऊपर पर डम्फर चढ़ाने का भी प्रयास किया गया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि वन कर्मी वसंत प्रसाद के तहरीर के आधार पर 8 लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया गया और पुलिस कार्यवाही में जुटी है।

# असम श्रीभूमि जिले के श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्मृति भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने रैली के माध्यम से पटाखे फोड़कर नए भाजपा अध्यक्ष संजीव बनिक का स्वागत किया

**● - मैं ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से पार्टी और सरकार के हित में काम करूंगा- संजीव बनिक।**

**स्वागत सभा में सुब्रत भट्टाचार्य ने आयोजकों एवं पार्टी-कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।**

स्वतंत्र प्रभात





**असम श्रीभूमि (करीमगंज)-** असम श्रीभूमि जिले के बीजेपी अध्यक्ष सुब्रत भट्टाचार्य की कुर्सी पर बैठकर बार-बार अपनी कुशलता का परिचय दिया है. वह कुल तीन बार जिला अध्यक्ष पद पर रहकर पार्टी संगठन को मजबूत स्थिति में ले जाने में सफल रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में श्रीभूमि (करीमगंज) सीट पर कृपानाथ मालाह की जीत के लिए अन्य नेताओं के साथ सुब्रत भट्टाचार्य बराबर प्रयास की भूमिका में दिखे थे. सुब्रत भट्टाचार्य और संजीव बनिक, दोनों जिला अध्यक्षों और निवर्तमान जिला अध्यक्षों ने जिम्मेदारी संभालने और सौंपने को एक यादगार मोड़ बना दिया। श्यामाप्रसाद स्मृति भवन उन क्षणों का मूक गवाह था। इस कार्यक्रम में शामिल होने से पार्टी के युवाओं और दिग्गजों को भी जीवन की नई ऊर्जा मिली। श्रीभूमि जिला भाजपा के अध्यक्ष सुब्रत भट्टाचार्य ने नए जिला अध्यक्ष संजीव वनिक का पार्टी कार्यालय में गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों बहुत उत्साहित और रोमांचित लग रहे थे, गहरी कृतज्ञता और प्रेम के साथ एक-दूसरे को गले लगाते हुए भी देखा गया। सूत्रों के अनुसार, जिला अध्यक्ष की दौड़ में कई लोग थे, जिनमें राज्य भाजपा के कार्यकारी सदस्य सुदीप चक्रवर्ती, जिला भाजपा के महासचिव निर्मल वानिक और संजीव वानिक शामिल थे। ये दोनों सांसद, संजीव और निर्मल, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में श्रीभूमि लोकसभा के सांसद कृपानाथ पर निर्भर थे। गत 5 जनवरी (रविवार) को चुनाव पर्यवेक्षक संजीव ठाकुर द्वारा संजीव वणिक के नाम की आधिकारिक घोषणा के बाद निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुब्रत भट्टाचार्य ने नये जिला अध्यक्ष संजीव वणिक को माला और उपहार देकर बधाई दी. हैंडओवर समारोह श्रीभूमि सांसद कृपानाथ मालाह, राज्यसभा सांसद मिशन रंजन दास, पुरपति रवीन्द्र चंद्र देव, विकास बोर्ड के अध्यक्ष देबब्रत साहा आदि की उपस्थिति में पूरा हुआ। रविवार को श्यामाप्रसाद स्मृति भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुब्रत भट्टाचार्य ने उन लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनके कार्यकाल के दौरान उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के जमीनी स्तर के कार्यकर्ता से लेकर जिले और प्रांत के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे उन्होंने अपनी पूरी क्षमता से निभाने का प्रयास किया है। कई मामलों में गलतियों के बावजूद भी सभी ने सहयोग का हाथ बढ़ाया है। आने वाले दिनों में श्रीभूमि जिला के नये अध्यक्ष संजीव बानी के साथ सभी लोग आगे बढ़ेंगे और आशा व्यक्त की कि विभिन्न चुनावों में पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होगी. छात्र राजनीति से सत्तारूढ़ दल के जिला अध्यक्ष पद तक पहुंचने वाले सुब्रत भट्टाचार्य जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं। पार्टी साथियों की इच्छा है कि सुब्रत भट्टाचार्य भविष्य में राज्य की राजनीति में अपना स्थान बनायें। वहीं, जिला अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद पहली बार मीडिया से मुखातिब हुए संजीव बनिक ने सांसद कृपानाथ मालाह और मिशन रंजन दास समेत मंत्री कृष्णेंदु पाल, रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार समेत पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया. कहा कि मैं मंत्री कृष्णेंदु पाल के आवास पर गया था और उनकी मां का आशीर्वाद लिया और विधायक विजय मालाकार के पिता और मिशन रंजन दास और विश्वरूप भट्टाचार्य के घर आशीर्वाद लेने पहुंचे। संजीव बनिक ने कहा कि मंत्री कृष्णेंदु पाल और विधायक विजय मालाकार जरूरी काम से बाहर होने के कारण रविवार को शामिल होने के समारोह में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने आगे कहा कि वह पहले भी पार्टी के विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं और भविष्य में भी सभी का सहयोग चाहते हैं और पार्टी तथा सरकार के प्रति निष्ठापूर्वक काम करने का संकल्प किया. भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव बनिक ने सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने का वादा किया। संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित मेयर रवीन्द्र चंद्र देव, विकास बोर्ड के अध्यक्ष देवब्रत साहा, पार्टी के दो महासचिव दिलीप दास व निर्मल बनिक, महिला नेत्री शिप्रा गुना, प्रवक्ता निशिकांत भट्टाचार्य व अन्य ने कहा कि नये जिला अध्यक्ष संजीव वाणीक संगठनात्मक संचालन करेंगे. महत्व के साथ काम करें. गौरतलब है कि इस दिन भाजपा कार्यालय श्यामा प्रसाद स्मृति भवन में आनंद उत्सव के साथ बाइक रैली के माध्यम से पटाखे फोड़कर संजीव बनिक का स्वागत किया गया. पार्टी के उपाध्यक्ष डॉ. मानस दास, अमरेश रॉय, एससी बोर्ड के चेयरमैन कृष्णा दास, सिटी मंडल अध्यक्ष किशोर दे, अजय भट्टाचार्य, शांतिलाल सिन्हा, कृष्ण मोर्चा के राजशेखर दत्ता, नगर आयुक्त जीसस कृष्णा रॉय, डॉ. समारोह में जिला अध्यक्ष देवोतोष पाल और कार्यकर्ताओं के साथ जिला पार्टी के सदस्य भी मौजूद थे।

# लेखक,चिंतक,कवि संजीव ठाकुर की साहित्यिक उपलब्धि के लिए अभिनन्दन

स्वतंत्र प्रभात



लेखक साहित्यकार कवि संजीव ठाकुर का देश के अनेक प्रतिष्ठित, लोकप्रिय तथा अग्रणी समाचार पत्रों में पिछले 5 वर्षों से ज्यादा समय से संपादकीय पृष्ठ पर आलेख और कविता के लेखन और प्रतिदिन प्रकाशन के प्रयासों की उपलब्धि के लिए संकेत साहित्य समिति रायपुर के बैनर तले कवयित्री पल्लवी झा रूमा की किताब नन्ही किरण के विमोचन के अवसर पर सॉल,श्रीफल, मोमेंटो तथा पौधा देकर सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि संजीव ठाकुर का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में देश के विभिन्न समाचार पत्रों में 16000 से ज्यादा कविताएं के प्रकाशन की उपलब्धि के कारण दर्ज हुआ है इसी तरह उनका संपादकीय आलेख लेखन देश के समाचार पत्रों में लगभग 12000 की संख्या में प्रकाशित हुए हैं इस तरह इस तरह उनके नाम दो गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किए गए हैं। इनका कविताओं का कॉलम ÷संजीव-नी÷ लगभग विगत 10 वर्षों से देश के अनेक समाचार पत्रों एवं पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होता आ रहा है। यह विदित है कि संजीव ठाकुर पिछले 35 वर्षों से हिंदी साहित्य की सेवा में रत है उनकी चार किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं उन्हें छत्तीसगढ़ का प्रथम मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार एवं मॉरीशस के राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किये जाने के अलावा अनेक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित किया गया है इन्होंने अनेक साहित्यिक विदेश यात्राएं भी की है। वर्तमान में उनकी लगभग 10 किताबें गद्य एवं पद्य में प्रकाशन हेतु प्रकाशनाधीन है।

# उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद जोधपुर झाल वेटलैंड को कर रहा संरक्षित

**● - उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद जोधपुर झाल वेटलैंड को कर रहा संरक्षित**

स्वतंत्र प्रभात



जोधपुर झाल में कलरव करते पक्षी।

**मथुरा।** ब्रज में बायोडायवर्सिटी पर संकट है। जंतु और वनस्पति दोनों संकट में हैं। कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के लगातार उपयोग, जल प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को इसके लिए बडा जिम्मेदार माना जा रहा है। देखते ही देखते कुछ एक दषक में परिदृश्य बहुत बदल गया है। यह दुखदाई है और चिंता जनक भी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जोधपुर झाल वेटलैंड का संरक्षण देश विदेश के संकटग्रस्त पक्षियों के लिए उम्मीद का वेटलैंड बन रहा है। जोधपुर झाल पर संकटग्रस्त और घटती जनसंख्या वाली पक्षियों की लगभग 20 से अधिक प्रजातियां साल भर में रिकार्ड की जाती हैं। जैव विविधता का अध्ययन करने वाली संस्था बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी के पक्षी विशेषज्ञ डॉ केपी सिंह का कहना है कि वैश्विक स्तर पर संरक्षण अभियानों के बाद भी पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों में से 80 प्रतिशत से अधिक की आबादी में गिरावट आ रही है। उनका कहना है आइयूसीएन की संकटग्रस्त सूची में शामिल पक्षियों की 20 से अधिक स्थानीय व प्रवासी प्रजातियों को जोधपुर झाल वेटलैंड पर रिकार्ड किया गया है। कुछ एक सुरक्षित प्रवास ब्रज में बचे हैं। केन्टिश प्लोवर, लिटिल रिंग्ड प्लोवर, ग्रे हेडेड लेपविंग, नोर्दन शोवलर, नोर्दन पिनटेल, सिट्रिन वेगटेल, कॉमन सेन्डपाइपर, मार्श सेन्डपाइपर, यूरेशियन विजन आदि प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी सारस क्रेन (वल्नरेविल) जोधपुर झाल पर हर साल सारस प्रजनन करता है। इस साल सारस क्रेन के दो जोड़ो ने अपने घौंसले बनाए। गौरतलब रहे कि मथुरा आगरा जनपद स्थित फरह निकट जोधपुर झाल का संरक्षण उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास पतिषद द्वारा किया जा रहा है। इससे जोधपुर झाल में पक्षियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

**जोधपुर झाल में है इनका प्रवास**

(क्रिटिकल एनडेन्जर्ड), सारस क्रेन (वल्नरेविल), ब्लैक हेडेड आईबिश (नीयर थ्रेटेन्डेड), रिवर लेपविंग (नीयर थ्रेटेन्डेड), ओरिएंटल डार्टर (नीयर थ्रेटेन्डेड), ब्लैक नेक्ड स्टार्क (नीयर थ्रेटेन्डेड), पेन्टेड स्टार्क (नीयर थ्रेटेन्डेड), बूली नेक्ड स्टॉर्क (नीयर थ्रेटेन्डेड), (वल्नरेविल), रिवर टर्न (वल्नरेविल), ग्रेटर स्पोटिड ईगल (वल्नरेविल), ब्लैक टेल्ड गोडविट (नीयर थ्रेटेन्डेड), फेरुगिनस डक (नीयर थ्रेटेन्डेड), टफ्टिड डक (नीयर थ्रेटेन्डेड यूरोप) रिकार्ड की गई हैं।

**वर्जन-** आर्द्रभूमि पर निर्भर पक्षियों की प्रजातियां बहुत अधिक होती है और वन क्षेत्र की तुलना में वेटलैंड पर अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। वन विभाग आर्द्रभूमि पर निर्भर पक्षियों के आवास को बचाने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। -रजनीकांत मित्तल, डीएफओ मथुरा

# विलौंठी में प्रगतिशील मीणा समाज कल्याण समिति की बैठक

**● - समाज में फैली कुरीतियों के उन्मूलन एवं सामाजिक एकता पर दिया गया जोर**

स्वतंत्र प्रभात



प्रगतिशील मीणा समाज कल्याण समिति की बैठक में मौजूद ग्रामीण।

**मथुरा।** जनपद के तहसील क्षेत्र छाता के गांव विलौंठी में प्रगतिशील मीणा समाज कल्याण समिति की पहली मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसमें संगठन के मुख्य संरक्षक सेवानिवृत्त आईएएस रघुवीर मीणा राजस्थान के साथ साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए मीणा समाज के लोगों ने भाग लेकर समाज को उत्थान की ओर जाने की बात पर प्रकाश डाला एवं समाज में फैली कुरीतियों जैसे बाल विवाह दहेज प्रथा मृत्यु भोज आदि प्रथाओं को समाज से मिटाने की बातों पर भी चर्चा की। जिससे समाज को नई दिशा मिल सके और इन कुरीतियों को मीणा समाज से मिटाया जा सके। संगठन के मुख्य संरक्षक रघुवीर सिंह मीणा रिटायर्ड आई ए एस ने संगठन के उद्देश्य उपस्थित मीणा समाज के सम्मुख रखे। आगे हमारी सोसाइटी उन बिंदुओं पर कार्य करेगी। जिससे इस शोषित और वंचित सामाज का भला हो सके। इस विषय पर विशेष जोर दिया गया। हाथरस जनपद के गांव सीर से आए मंगल सिंह मीणा और बेंटा गांव जिला संभल से फूल सिंह मीणा ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के लिए बिलोंठी गांव के नरेंद्र सिंह मीणा जिला मथुरा के नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर उपस्थित मीणा समाज के लोगों ने पूर्ण समिति जताई। और नरेंद्र मीणा को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। संगठन के सदस्य से लेकर पदाधिकारियों सहित सभी लोगों ने मीणा समाज के हर तरह से विकास की शपथ ली।

# शुद्धता: द्वारकाधीश मंदिर में बाहरी प्रसाद पर रोक

**● - बहार के फूल माला व प्रसाद चढ़ना किया पूर्णता प्रतिबंधित**

स्वतंत्र प्रभात



द्वारकाधीश मंदिर।

**मथुरा।** पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि तृतीय पीठाधीश्वर कांकरोली नरेश एवं मंदिर के गोस्वामी डॉ. वागिश कुमार महाराज की आज्ञा अनुसार मंदिर में किसी भी प्रकार की वस्तु जैसे कि प्रसाद, फूल माला इत्यादि का लेकर आना पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। क्योंकि पुष्टिमार्ग संप्रदाय एक ऐसा संप्रदाय है जिसमें ठाकुर जी को बाहर की किसी वस्तु का भोग नहीं धराया जाता है। श्री तिवारी ने बताया कि पुष्टिमार्ग संप्रदाय में ठाकुर जी को जो भोग लगता है। वह बगैर सिले हुए वस्त्र पहन के अपरस में भोग बनाते हैं और अंदर ही अंदर उस प्रसाद को ठाकुर जी को धराया जाता है। मान्यता यह है कि कोई भी वस्तु जो पब्लिक की नजरों के सामने से जाती है तो पब्लिक की नजर पड़ने पर अगर पब्लिक को यह महसूस होता है यह प्रसाद बहुत अच्छा है तो ठाकुर जी फिर उसका भोग नहीं लगाते हैं। यह परंपरा काफी पुरानी है, लेकिन एक प्रचलन ऐसा हो गया कि लोग आते हैं बाहर से कोई प्रसाद लेकर आ गया कोई फूल माला लेकर आया लेकिन जहां तक फूल माला का प्रश्न है फूल माला भी हमारे यहां फूल घर बना हुआ है। उस फूल घर में फूल बगीचे से आते हैं वह उन फूलों को पूर्ण रूप से शुद्धता करने के बाद माला बनती है और वह माला और फूल ठाकुर जी को धारण कराये जाते हैं। श्रद्धालुओं जो भावना से लाते थे लेकिन उनको ठाकुर जी पर कभी चढ़ाया नहीं जाता था अर्थात उनके लाने का कोई अर्थ नहीं था लेकिन काफी समय से यह सब चल रहा था और इसमें प्रशासन का बार बार यह कह ना था कि जब आपके यहां यह प्रसाद या फूल माला नहीं चढ़ाया जाता है तो आप इसे बोर्ड लगवा दीजिए तो इस प्रशासन के सहयोग से प्रशासन के कहने पर इस प्रकार की व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी फूल माला विक्रेताओं से जो प्रसाद लेकर आते हैं उनसे विनम्र निवेदन है कि वह इस प्रकार से इस प्रसाद एवं फूलमाला की बिक्री को हम बंद कर दें जिससे की जनता को आने में तकलीफ ना हो।

# धाम की देखरेख एवं सुंदरता बनाते हुए व्यापार करें व्यापारी- रवीन्द्र त्रिपाठी

**● - धाम की देखरेख एवं सुंदरता बनाते हुए व्यापार करें व्यापारी- रवीन्द्र त्रिपाठी**

स्वतंत्र प्रभात



**लंभुआ सुल्तानपुर-** बाबा जन वारी नाथ धाम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अजय यादव को अध्यक्ष देवेंद्र माली को महामंत्री अंकित माली ,चकरी माली, राजू माली,संजय मोदनवाल को उपाध्यक्ष विरेंद्र माली को सचिव रत्नेश दुबे रिंकू को मीडिया प्रभारी तथा महेश मोदनवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया संरक्षक के रूप में कन्हैयालाल माली राम श्रृंगार गोस्वामी व कौशल दास को चुना गया। जनवरी नाथ धाम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का गठन जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि की अध्यक्षता में किया गया तथा कार्यक्रम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी की उपस्थिति में सभी पदाधिकारी का चयन किया गया भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा की बाबा जन वारी नाथ धाम में व्यापार मंडल का गठन कई उद्देश्यों से किया गया है पहले की व्यापारी धाम की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता से अपने-अपने प्रतिष्ठान को लगाएंगे साथ ही साथ ग्राहकों का पूरा सम्मान करेंगे और व्यापारी एक होकर अपनी समस्याओं का निदान करेंगे यदि उसके बाद भी व्यापारियों की कोई समस्या होती है तो जिले स्तर से लेकर तहसील स्तर तक उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान सरकार व्यापारियों तथा अन्य वर्गो के लिए सुंदर कार्य कर रही है बेहतर कानून व्यवस्था है जिसकी हम प्रशंसा करते हैं।

जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि ने कहा कि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारी हित में सदैव तत्पर है और धाम में हो रहे निर्माण आदि की भी निगरानी हम और हमारे व्यापार मंडल के पदाधिकारी करते रहेंगे जिससे पहले की तरह घटिया निर्माण न होने पावे। इस अवसर पर अमित माली आनंद मोतीलाल माली संजय राकेश गिरी रामकरण दिनेश मोदनवाल संजय मोदनवाल संतोष मोदनवाल विरेंद्र माली रवि माली उर्मिला गुप्ता स्वामीनारायण जयसवाल जमशेद अली संतलाल गुप्ता रत्नेश दुबे रिंकू गुलाब मोदनवाल संदीप मोदनवाल राजमणि मोदनवाल विकास माली महेश माली पूजा अरुण जायसवाल सुरेश मोदनवाल अनवारा खाटून विजय यादव पवन मोदनवाल सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# पंजाबी गुरुद्वारा बूढ़ार में धूमधाम से मनाया गया गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व

स्वतंत्र प्रभात



**शहडोल/** गुरु गोबिंद सिंह जयंती इस वर्ष 06 जनवरी को धूम धाम मनाई गई है। दसवें और अंतिम मानव सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह एक योद्धा, कवि और दार्शनिक थे। हर वर्ष यह दिन बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है, साथ ही इस वर्ष उनकी 358वीं जयंती भी है। सिखो के 10वें गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर पंजाबी गुरुद्वारा को विशेष सजाया गया है। इस मौके पर सिख समाज द्वारा गुरु के लंगर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया। साथ इस मौके पर सिख समाज के लोगों ने जगह जगह लंगर भी आयोजित हुए।

साथ ही सारी पंगत में लोगों ने अटूट लंगर छका, जबकि गुरुद्वारा में दोपहर कालीन में गुरु ग्रन्थ साहिब का अखंड पाठ अमृतसर से आये मंगल सिंह व सहयोगी साथी द्वारा अरदास किया गया, जबकि ज्ञानी धर्म सिंह ने भी लोगों के साथ मिलकर अरदास लगाए। तत्पश्चात गुरू गोविंद के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सभी लोगों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किए। इस कार्यक्रम में पंजाबी गुरुद्वारा के अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा, जसवंत कौर खनूजा, स्वर्ण ज्योति खनूजा, हरनेक सिंह खनूजा, इशरसिंह खनूजा, इंद्रजीत सिंह छावड़ा,धनपुरी न.प. अध्यक्ष रविंदर कौर छावड़ा, सुजीत सिंह चंदेल, शानू छावड़ा, अरविंद नायक, रविजीत सिंह छावड़ा, रिक्की दुआ, संचालक सतीश इलेक्ट्रॉनिक, सतीश जगवानी, के अलावा हजारों श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिको और पत्रकारों की उपस्थिति उल्लेखनिय रही है।

# मथुरा से यूपीसीसीएससीआर परीक्षा में तीन फर्जी अभ्यर्थी पकडे

**● - संस्कृति यूनिवर्सिटी से दो, एक बीएसएस कॉलेज से दबोचा**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** एनटीए द्वारा आयोजित यूपी सिविल कोर्ट स्टाफ सेंट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट परीक्षा 2024-25 में तीन फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया गया। दो संस्कृति यूनिवर्सिटी से जब कि एक को बीएसएस कॉलेज से परीक्षा देते समय दबोचा गया। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता मथुरा के नेतृत्व मे गठित टीम ने पांच जनवरी को आयोजित परीक्षा में शाम चार बजे परीक्षा के दौरान अभियुक्त सौरभ पुत्र पुत्र राजनलाल निवासी तानपुर खानपुर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश एवं दीपक कुमार पुत्र हरिओम निवासी अनवारा पोस्ट टूंडला जनपद फिरोजाबाद को संस्कृति यूनिवर्सिटी छाता जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त क्रमशः आवेदक प्रशान्त कुमार पुत्र महेशचन्द निवासी सराय घिरनी थाना सासनीगेट जिला अलीगढ व आवेदक अक्षय पुत्र निहाल सिंह निवासी बुढाना बुधना थाना ताजगंज आगरा के स्थान पर यूपी सिविल कोर्ट स्टाफ सेन्ट्रालाईज्ड रिक्रुटमैन्ट 2024-25 की परीक्षा देने आये थे। जिनके द्वारा फर्जी एडमिट कार्ड व फोटो व फर्जी दस्तावेज का प्रतिरूपण किया गया था। वहीं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देवपाल सिंह पुंडीर द्वारा मय यूके त्रिपाठी (केन्द्र व्यवस्थापक) बीएसए कॉलेज मथुरा व बायोमेट्रिक एजेन्सी सदस्य शुभम तरकर मय टीम के परीक्षा में द्वितीय पाली के दौरान बायो मैट्रिक चैकिंग के दौरान अभियुक्त अजय यादव पुत्र मुन्नेश निवासी गुंदाऊं थाना लाइनपार जिला फिरोजाबाद को बीएसए कालेज से समय करीब साढे चार बजे गिरफ्तार किया गया। अजय यादव, अमन यादव पुत्र धीरेन्द्र कुमार निवासी बाईपुर सिकन्दरा आगरा के स्थान पर अमन यादव के आधारकार्ड में स्वयं का फोटो लगाकर फर्जी तरीके से प्रतिरूपण के रुप मे परीक्षा देते हुए रंगे हाथों पकडा गया था। अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस व 4, 10 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गयी। इनके कब्जे से फर्जी एडमिट कार्ड, फर्जी वोटर कार्ड, फर्जी आधार कार्ड बरामद किये गये हैं।

## पट्टे के तालाब पर फसल बोई कर जबरन कब्जा करने का लगाया आरोप

### एतराज जताया तो महिला की लात घूसों से पिटाई, पुलिस को दी शिकायतीपत्र

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बरस गांव निवासिनी एक महिला ने तीन लोगों पर उसके पट्टे के तालाब पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया। महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। गांव निवासिनी महिला सोमवती ने बताया कि पूरे मतुआ मजरे बरस गांव में मछ्ली पालन के लिए उसके नाम पांच बीघे का तालाबी पट्टा है। गांव के ही तीन लोगों ने उस पर जबरन फसल बोकर कब्जा कर लिया है। सोमवार को जब वह देखने गई तो आरोपी बांस गाड़कर तालाब में कब्जा कर रहे थे। एतराज करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसकी लात घूंसों से पिटाई कर दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसे जमीन में गाड़ देने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। शिकायती पत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

